नियम।

(१) पत्र का अग्रिम वार्षिक मूल्य सर्व साधारण से १॥) विद्यार्थियों से १) संवाद द
ताओं को मुफ्त भेंट होगा।

(२) विज्ञापन की छपाई एक बार के लिए प्रति ३) तीन मास के लिए =॥ छः मास
लिए १० पं० ७) तथा साल भर के लिए ८)॥ प्रति पंक्ति ले लिया जावेगा। इस
अधिक समय के लिये पत्र व्यवहार करना चाहिये।

(३) विज्ञापन की वितरण कराई एक बार के लिए ५) लिया जावेगा। कोई पत्र के प्रा
पृष्ठ में समाचार होना आवश्यकीय है। शीर्षक में पत्र का नाम ग्राम अवश्य छप
रहना चाहिये। पत्र निकलने के १० दिन पूर्व ही विज्ञापन भेजना उचित है।

(४) पत्र का समस्त रुपया मैनेजर "जीवन" तथा परिवर्तन या समालोचना के समा
चार पत्र व पुस्तकें "सम्पादक जीवन कानपुर" के पते पर भेजना चाहिये।

(५) जो महाशय लेखों द्वारा "जीवन" की सहायता करेंगे यदि उनके प्रकाशित होने
वाला पत्र अमूल्य लेखकों को भेंट किया जावेगा। वर्ष के अंत में सब का फोटू छा-
पकर प्रकाशित होगा उत्तमोत्तम लेखकों को पुरस्कार तथा उपाधि देने की भी
व्यवस्था की गई है।

(६) लेख शैली में सम्पादक को घटाने बढ़ाने का अधिकार होगा। गुमनाम कोई लेख न
छापे जायेंगे क्योंकि दूसरे लेखों का सम्पादक उत्तर दाता नहीं है।

(७) एजेंटों को २०) सैकड़ा कमीशन दिया जावेगा। विशेष बात चीत पत्र द्वारा निश्चय
होना चाहिए।

पता
जीवन कार्यालय
गिलिस बाजार — कानपुर

हिन्दू जाति का मुख मासिक पत्र ।

वर्ष १] ज्येष्ट १९६८ वा. जून १९११. [अंक १

निवेदन ।

वन का प्रथम अंक आज प्रकाशमान होकर सेवा में भेजा जाता है। अब तक पत्र निकालने में कई बाधायें उपस्थित रहीं। सबसे बड़ी अड़चन तो यही थी कि हमारा प्रार्थना पत्र दो मास के पश्चात् स्वीकार हुआ ; उस के लिए पूरी २ जांच की गई, किन्तु अंतमें फल यही हुआ जो दो दिन की जांच से हो सका था। इसके लिए हम पाठक वर्गों से क्षमा चाहते हैं। 'जीवन' अब नियमानुसार प्रकाशित होता रहेगा।

इसके संबंध में हम स्थानीय जिलाधीश और कोतवाल को धन्यवाद देते हैं जिन्हों ने उचित जांच कर अपना कर्तव्य पालन किया और पत्र प्रकाशन की आज्ञा दी।

आगामी मास से ' जीवन ' को सर्वांग सुंदर बनाने की ओर विशेष ध्यान दिया जावेगा। हमें विश्वास है कि हिन्दी साहित्य के समस्त लेखक इसपर यथा साध्य कृपा करते रहेंगे और हमारे प्रिय ग्राहक पत्रको स्वीकार कर हमें उत्साहित करेंगे।

जीवन का द्वितीय अंक वी० पी० द्वारा भेजा जावेगा।

प्रकाशक.

प्रार्थना ।

अहो नाथ सर्वेश पिता माता
भ्राता पति,
कोइ न विनती सुनत लखत
प्रभु कस न विपति अति।
कब को हारे पर्यो दुहाई
देत दीनजन,
दीनबन्धु महाराज लेत नहिं
सुध केहि कारन ॥

हिन्दू जाति का मुख मासिक पत्र ।

वर्ष १] ज्येष्ठ १९६८ वा. जून १९११. [अंक १

निवेदन ।

वन का प्रथम अंक आज प्रकाशमान होकर सेवा में भेजा जाता है। अब तक पत्र निकालने में कई बाधाएं उपस्थित रहीं। सबसे बड़ी अड़चन तो यही थी कि हमारा प्रार्थना पत्र दो मास के पश्चात् स्वीकार हुआ ; उस के लिए पूरी २ जांच की गई, किन्तु अंतमें फल यही हुआ जो दो दिन की जांच से हो सकता था। इसके लिए हम पाठक वर्गों से क्षमा चाहते हैं। 'जीवन' अब नियमानुसार प्रकाशित होता रहेगा।

इसके संबंध में हम स्थानीय जिलाधीश और कोतवाल को धन्यवाद देते हैं जिन्हों ने उचित जांच कर अपना कर्तव्य पालन किया और पत्र प्रकाशन की आज्ञा दी।

आगामी मास से 'जीवन' को सर्वांग सुंदर बनाने की ओर विशेष ध्यान दिया जावेगा। हमें विश्वास है कि हिन्दी साहित्य के समस्त लेखक इसपर यथा साध्य कृपा करते रहेंगे और हमारे प्रिय ग्राहक पत्रको स्वीकार कर हमें उत्साहित करेंगे।

जीवन का द्वितीय अंक वी० पी० द्वारा भेजा जावेगा।

प्रकाशक.

प्रार्थना ।

अहो नाथ सर्वज्ञ पिता माता

भ्राता पति,

कोई न विनती सुनत लखत

प्रभु कस न विपति अति।

कब को द्वारे पर्यो दुहाई

देत दीनजन,

दीनबन्धु महाराज लेत नहिं

सुध केहि कारन ॥

मेरे अघ औगुन गिचारि गए
गति सुधरी है,
अधम उधारन यानि कौन
जिग विदित करी है।
हो तो जुपै सुशील सुमति
सदगति अधिकारी,
तो करतो क्यों है अनादरित
आस तिहारी।
करि लेतो अपने करमन को
आप भरोसो,
निरलज बनि केहि हेत तुमहिं
कहतो प्रभु पोसो॥
सुनियत बानर रीछ निशाचर
तुम अपनाए,
हौं तो मानुस मुहि कैसे बनि
है बिसराए।
यद्यपि अहौं कपूत तदपि
उनके कुल केरो,
जिनसों सिखि धनुर्वेद कियो
तुम मान घनेरो॥
फिर! हमरे संग नाथ सकुच
को काज कहा है,
चितवहु कृपा चितौनि न तो
अनर्थ महा है।
जैसे तुम सब शक्तिवान भूपति
भूपन में,
तिमि हम हूँ सिरताज निकाम
न निर्लज्जन के॥
जुपै निराश करहुगे
मुख मोरहुगे,

नाम पतित पावन अपनो
प्यारे बोरहु
पाले हम पै नाहिं, दया निज
यश पै ध
विनय हमारी सुन लीजे अरु
भिच्छा दीजै
देव दयामय दुःख भंजन
दशरथ कुल
प्रनत पाल! प्रनेश! प्रेमनिधि
प्रभुवर प्या
अब दुख नाहिं सहिजात दुहाई!
राम दुहा
बेगि प्रान हरलेहु कितौ बस
होहु सहाई
तुम्हरे हू बहुधाय बने हम
दास जगत के
औवें प्रेत समान हाय परिमन
मति हत के।
तव पद पंकज प्रेम सुधा
जानत हू त्यागैं,
मृग तृष्णा महं जान बूझि
पशु इव अनुरागैं॥
वार २ छल खाहिं तहूँ
धावहिं विषयन को,
सब कोई शुभ सिख देहिं न
थिर राखहि निज मनको।
जौन दुष्ट जन है इंद्रिन की
करत गुलामी,
तेहि समुझावै कौन भांति
हे त्रिभुवन स्वामी,॥

हा ! हा !! निज जीवन सर्वसु
हम किनपर वारैं,
जे कबहूं सुधी भृकुटिन सो
इत न निहारे ।
जिन के सुमन समान अंगपर
हिय बखान हैं,
तिनहीं कहं हम गनत परानहु
के परान हैं ।
जे भाखहिं केवल स्वारथ हित
ठकुर सुहाती,
तिनहीं मीत न मिलन हेत
हुलसाते यह छाती ।
मुख देखे की प्रीति रीति
जिनकी जग गाथे,
तन सुमिरन हित दृग मूंदत
तिनकी सुध आवै ॥
पेद वचन ते अधिक जमैं
कपटिन की बातें,
समुझत बूझत हू प्रिय सूझत
तिनकी घातैं ।
लोक लाज परलोक भीत धन
बल सुधि हा हा !!,
तिनहीं को अनुराग अगिनि
महं बीजन स्वाहा ॥
ताहू पै समुझत आपहिं हम
शुद्ध सुधरमी,
दीसहुगे नहिं कहा निरखि
हमरी बेशर्मी ॥
प्राहण

अथ सत्यम् ।

❊ जीवन ❊

प्रत्येक व्यक्ति समुदाय समाज या देश जब तक वह अपने कर्तव्यों का यथावत् पालन करता रहे, जब तक उस के अंतरात्मा में जागृत भाव स्थिर रहे, जब तक अपने उद्देश्य पूर्ति का उसको ध्यान रहे या ऐसा करना वह अपना लक्ष समझे, तब तक उसे जीवित कह सके हैं। जीवन का भाव ऐसा प्यारा भाव है; जीवन शब्द से वह सार्व भौमिक अर्थ टपकता है कि जिस में कोई विरुद्ध सम्मत्ति नहीं होसकी। वैयाकरणों ने इस शब्द की मीमांसा यों की है "जीव, भ्व, प्राणे" (कविकल्पद्रुम) तथा 'जीव्यते अनेन तत् जीवन' अर्थात् जिस करके मनुष्य जी सका है उसका नाम जीवन है इससे आशय यह है कि जागृत अवस्था को जीवनावस्था कहते हैं जागृत अवस्था से तात्पर्य यह है कि मनुष्य चैतन्यता का व्यवहार करता रहे, उसकी अभ्यान्तरिक नाड़ियों में शुद्ध रुधिर का प्रवाह हो, उस में सब प्रकार से प्रकृति की साम्यावस्था वर्तमान हो, वह अपने धार्मिक सामाजिक और राजनैतिक हानि व लाभ को शुद्धान्तःकरण से समझे। उसकी तामसिक, सात्विक, और रजोगुण मय वृत्तियां शांत हों तथा इनके मूल कारण चिन्त विचार और कल्पना पर वह गंभीरता पूर्वक विचार करे। कवि कहता है:—

श्लोक ।

यावद् वायुस्थितो देहे,
तावज्जीवन मुच्यते ।
मायान् हन्ति जगत्प्राणो
जीवनम् हन्ति जीवनम् ॥

अर्थात् जब तक जागृत अवस्था विद्यमान है तब तक निस्तब्ध होने पर भी पुनः सजीव होने की आशा है । जिस प्रकार जगत्प्राण वायु प्राण को नष्ट कर देता है उसी तरह सार्वभौमिक जीवन व्यक्तिगत जीवन को नष्ट करने की शक्ति रखता है ।

इससे यह सिद्ध हुआ कि व्यक्तिगत जीवन से सामुदायिक जीवन प्रबल है, सामुदायिक से जातीय जीवन प्रबलतर है और इसी भांति समस्त देश का जीवन सर्वोत्तम है ।

'जीवन' की स्थिति में जीवन व्रत पालन करने के लिए भिन्न २ हेतु हैं, यह वह शक्ति है जिस का भाव प्रगट होतेही मनुष्य में ज्ञान उत्साह (*Solidity*) उत्पन्न हो जाता है—हमारे हिन्दू शास्त्रों में उनकी यों विवेचना की गई है ।

श्लोक ।

" विद्या शिल्प भृतिःसेवा,
गोरक्षं विपणिः कृपी ।
वृत्ति भेदं कुसीदंच,
दश जीवन हेतवः ॥

अर्थात् (१) विद्या (२) शिल्प कला (३) नौकरी (देश भाइयों की सेवा) (४) सेवा (निष्काम कर्म) (५) गोरक्षा (६) व्यापार (७) कृषि (८) रोजगार ((राजनीति पटुता) (१०) जीवन यह जीवन के दस हेतु हैं ।

हम ऊपर दिखाचुके हैं कि देश जीवन में योग देने से हमारा सब कल्याण है । अब विचार यह कि वर्तमान हम कौन हेतु से अपना जीवन कर रहे हैं । विद्या रूपी सूर्य्य का हमा में कैसा प्रकाश है ? शिल्प कला की कैसी है ? नौकरी से कितने मनुष्यों व भरता है ? इत्यादि ।

उपरोक्त प्रश्नों के मीमांसा से स्पष्ट होता है कि हमारे भारतीय जीवन में अ शोचजनक और आश्चर्य दायक परिवर्त गया । नौकरी और कृषि को छोड़कर जीवन हेतुओं से हम सर्वथा अनभिज्ञ हैं हैं और अब उनकी केवल छाया मात्र रह है किन्तु जैसा कहा गया है कि जब जागृत अवस्था विद्यमान है तब तक निस्त होनेपर भी पुनः सजीव होने की आशा है तदनुसार यदि तात्विक अवस्था को पहुंचा कर भारतवासी अपनी स्थिति का पता लग ले तो अब भी उन के जीवन के शुभ अ मंगलप्रद होने की संभावना है ।

भारतवासियों का सांसारिक जीवन इ समय व्यक्तिगत रूपसे ही व्यतीत हो रहा लोग दरिद्र होकर अपने २ स्वार्थ में इत माते हो गए हैं कि धर्म और जाति से उनक कुछ नाता नहीं, उन्होंने इतिहास की ओ से भी अपनी आंखे एक दम फेर ली हैं तथ

पुरातन वेद पुराण के प्रमाण की भी वह कुछ परवाह नहीं करते। संसार के अन्य देश आज जिस उपाय के अवलंबन से नित्य प्रति उन्नति कर रहे हैं, हमारे महाप्रभु अंग्रेज शासकों की आज जिस कारण विजय पताका समस्त भूमंडल में फहरा रही है, उनके गुणों का कुछ आदर्श न ले कर अवगुण ही परखना मानते हैं। इस प्रकार माली के पौधे की भांति उन की व्यापक उन्मत्तता को अपने उद्देशों रूपी औषधि द्वारा निर्मूल कर देने के लिए, जीवन के महत्व को लोगों के हृदय पट पर अंकित करने और जाति सेवा द्वारा जीवन व्रत पालन करने के लिए "जीवन" आज पत्र रूप में उपस्थित होकर भक्त प्रह्लाद की भांति भगवान की शरणागत लेकर प्रार्थना करता है।

श्लोक।

नाहंबिभेम्य जितेऽति भयानकास्य,
जिव्हार्कनेत्रभृकुटी रभसोग्रदंष्ट्रात्।
आंत्रस्रजः क्षतजकेसर शंकुकर्णा,
निर्ह्राद भीतदिगिभादरिभिन्नखाग्रात् ॥१॥
त्रस्तोस्म्यहं कृपणवत्सल दुःसहोग्र,
संसार चक्र कदनाद्ग्रसतां प्रणीतः।
बद्धःस्वकर्म भिरुशत्तम तेंघ्रिमूलं,
प्रीतोऽपवर्ग शरणं ह्वयसे कदानु ॥ २ ॥

अर्थात्-स्वामी! जिसमें अति भयंकर मुख और जिह्वा, सूर्य के समान नेत्र भृकुटी का वेग और उग्र दाढ़ें हैं जिनके पेट में आंत की माला धारण हुई है; जिनके कांधे के बाल रुधिर से लथड़े हुए हैं; जिनके कान शंकु की भांति हैं; जिनसे उत्पन्न होने वाले शब्दसे दिग्गज भयभीत हो जाते हैं; जिनके नखों के अग्रभाग शत्रुओं को विदीर्ण करने वाले हैं-ऐसे तुम्हारे भयंकर रूप से मुझे तो कुछ भय नहीं है।

नाथ! मैं दुःसह्य और उग्र संसार चक्र में दुःख से भयभीत होचुका हूं क्योंकि हिंसक लोगों ने मुझे कर्मोंसे बांध कर डाल दिया है। जगत्पते! मुझपर प्रसन्न होकर संसार के दुःख दूर करने वाले अभय रूप अपने समीप मुझे शीघ्र बुलाइए।

सम्पादकीय कर्त्तव्य।

संसार के प्रत्येक विचार और तत्व की मान और मर्यादा चिरस्थाई बनाने के लिए समाचार पत्रों का सम्पादन तथा उनका प्रचार अत्यन्त आवश्यक है। यह बड़ा ही महत्व पूर्ण विषय है। इस पर ध्यानपूर्वक करने से संसार के अन्य प्रकार की विषय वासनाओं से अलग होना पड़ता है। यदि यह शुभ कार्य उत्तम रीति से सम्पादन होजाय तो वह समाज में पूर्ण लाभकारी तथा हितैषी बन सकता है। इस कारण मनुष्य के सब कार्य धर्मोपकार की इच्छा या सीमा बनाने का हेतु इस के बस में हो जाता है। यद्यपि इस शुभ कार्य में विघ्न करने वाले अनेक प्रकार की कठिनाइयां हमें दिखाई पड़ती हैं, परंतु सम्पादक कर्त्तव्य [illegible]

दिलाया जाता है; अनीति की ओर उसकी प्रवृत्ति होती है तथापि इनसे बच कर रक्षा पाना उसका परमधर्म होता है उस समय तुच्छातितुच्छ भावों को बढ़ावा देना उस का कर्तव्य नहीं है।

नोट-जैसे इस प्रकार के संवाद बिना समझेबूझे प्रकाशित करना जिसे पढ़कर देश में एकदम जोश फैल जावे तथा उसका परिणाम अच्छा नहो और उन्हे ऐसे ढंग से लिखना जो गाली गलौज से भराहो। ऐसी उत्तेजना से उसकी कीर्ति मे धब्बा लग जाता है।

व्यर्थ गपशप मारने से उसे अलग रहना चाहिए। उस को बिना विचार किए नई खबरें प्रकाशित करने के भाव को रोकना चाहिये (क्योंकि ऐसी दशा में बहुतसी असत्य होती हैं और उनका बुरा प्रभाव पड़ता है) किसी हेतु की व्याख्या करते हुए उसे व्यर्थ आक्षेपकी शरण न लेनी चाहिये। उस में किसी तरह से पक्ष सम्बन्धी तरफ दारी कदापि न होना चाहिये।

प्रत्येक विषय में उसे साधारण समाज की सम्मति समझ कर राय देनी चाहिये। (शिक्षित समुदाय की सम्मति ही सर्व साधारण के विचार हो सके हैं क्योंकि देश व जाति की जिम्मेदारी अधिकांश इन्हीं पर है)

आक्षेप सुन्दर और प्रिय शब्दों में होना चाहिये।

उसका यह कार्य बड़ाही गवेषणा पूर्ण कार्य है अतः उसे नितांत नम्र और हार्दिक शीलवान होने की आवश्यकता है। उसे परमात्मा ने साधारण समाज पर अपना आधिपत्य जमाने का अवकाश प्रदान किया है।

साधारण समाज को उचित मार्ग निर्देशन करना, असत्य और अनीति का मायास्वरूप प्रगट करना, निर्बलों की सहायता अत्याचारी का सामना कर उसे नीचा दिखाना और ठीक मार्ग पर चलने वालों का सदैव पक्ष लेना सम्पादन का मुख्य ध्येयहै।

किन्तु उक्त कर्तव्य को सम्पादन करने के लिए पूर्ण योग्यता और विज्ञता की आवश्यकता है। उसे इस स्थूल विद्या को सूक्ष्म विद्या में अध्ययन करना होता है। कर्मक्षेत्र में अवतरित होते समय सूक्ष्म विचारों से स्थूल तथा अन्त में स्थूल से सूक्ष्म विचारों में लय होना ही सार्थक और नियमित जीवन है। इसी लिए मनुष्य का जन्म दिया है और यह काम ही अन्य योनियोंसे मनुष्य में विशेष है।

बात यह है कि मनुष्य का शरीर ही एक प्रकार का प्रेस है, उसमें दशों इंद्रियां ही कम्पोजीटर हैं। प्रत्येक संस्कारित्व वर्ण और स्वरही भाषाहै। इस भाषा का नामही शब्द ब्रह्म है इसके प्रूफ संशोधक (भ्रम सुधारक) ज्ञानेन्द्रिय हैं। प्रत्येक इंद्रिय द्वारा निर्धारित विचार ज्ञानेन्द्रिय द्वारा संशोधन होते हैं। इस प्रेस में जो विज्ञापन छपता है उसे तत्व दर्शन कहतेहैं मनुष्य

का मनही यथार्थ में प्रेसमैन है । मनका काम केवल प्रकाशन करने का है । इस भाव प्रकाश द्वारा संसार के बड़े २ कार्य होतेहैं और इसी दूसरे शब्दों में "साहित्य" कहते हैं। संसार की प्रत्येक आविष्कार की हुई वस्तु ही सम्वाद है और इन सम्वादों का एकत्रित होना ही समाचार पत्र है । प्रत्येक वस्तु की दूरदर्शिता द्वारा दशा दर्शनाही सम्पादकीय सम्मति है । ईश्वर ऐसे समाचार पत्रों और उनके भाव संपादकों की सदैव उन्नति करे । ।क्रिमाधिकम ।

भगवान् गौतम "बुद्ध" का चरित्र ।

(१)

भारतवर्ष के प्रसिद्ध राज्यधानी कपिल वस्तु का राज्य उस समय शाक्य वंश के शुद्धोदन (शुद्धधान) नामक राजा के आधीनथा। उसकी रानी माया देवी बड़ी सुशीला और सुहृदया थी । हमारे चरित्र नायक भगवान गौतम बुद्ध उन्ही के पवित्र रज और वेथ से उत्पन्न हुए ।

परमात्मा को जब किसी के तेजमय जीवन से कोई गूढ़ अभीष्ट सिद्ध कराना होता है तो एक विचित्र प्रकार की शांति, प्रगाढ़ दंपत्ति प्रेम का भाव उपस्थित हो जाता है यही दशा इस समय शाक्य घराने की थी।

पुरातन परिपाटी के अनुसार 'असित' नामक ऋषि को बालक दिखलाया गया। महात्मा जी उसे देखकर रो उठे और विशेष आग्रह पर उन्होंने यह व्यथावर्णन की।

" राजन ! तुम को प्रसन्न होना चाहिये । तुम्हारा पुत्र अत्यंत श्रेष्ट और सगुण मयहै एक समय होगा जब यह सारे संसार को मोक्ष मार्ग दिखलायेगा । वह निराश्रयों का आश्रय,धन हीनो का सर्वस्व और भूले भटके पथिकों का पथ मार्ग होगा इसका सारा जीवन परोपकार ही में बीतने की सम्भावना है।

सर्व सम्मति से बालक का नाम सिद्धार्थ रक्खा गया । और युवा होने के उपरांत उसकी माता इस नश्वर शरीर को त्याग परमधाम सिधार गई।

(२)

हठात् उस वीर बालक का विवाह कोली की राजकन्या यशोधरा के साथ कर दिया गया । उस के महल में भोग विलास की सम्पूर्ण सामिग्री उपस्थित की गई ताकि सांसारिक वासनाओं को छोड़ उसका चित्त निराश न हो जावे।

परन्तु यह वाह्य आडंबर उस के चित्त को वश में न करसके । सिद्धार्थ ने एकदिन अपने पिता से नगर भ्रमण की आज्ञा मांगी आज्ञा स्वीकृत होजाने पर रथ में चढ़ वह बाहर निकला । एक स्थान पर उसे एक वृद्ध दिखलाई दिया । सिद्धार्थ को यह प्राकृतिक दृश्य प्रथम ही देखने का सौभाग्य था अतः वह आश्चर्यान्वित होकर सार-

थी से पूछने लगा कि-"यह किस प्रकार का मनुष्य है ?"

सारथी ने सविनय निवेदन किया कि-यह वृद्धावस्था के चिन्ह हैं । बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था जीवन के प्रधान अंग हैं ।

इन शब्दों ने सिद्धार्थ के हृदय पर एक विचित्र प्रभाव डाला । आगे उसे एक रोगी हांफता हुआ दिखाई दिया । राजकुमार ने पुनः सारथी से वैसाही प्रश्न किया सारथी ने इसकी भी यथार्थ दशा बतलाकर उसके शंका का समाधान करना चाहा । किन्तु समाधान होने के स्थान पर उस के हृदय की पूर्ण प्रफुल्लता फीकी पड़ गई तथा जीवन सुखभोग से घृणा होगई ।

न मालूम ईश्वर की क्या इच्छाथी कि उसी समय मार्ग में एक लाश जाती हुई दीख पड़ी ।

राजकुमार उस निर्जीव देह को देखकर कांप उठा । मित्रों और सम्बन्धियों को विलाप करते हुए देख कर उनसे वह व्याकुल होकर पूछने लगा कि "क्या संसार में यही एक मृतक है ?"

नहीं राजकुमार नहीं प्रत्येक जन्मधारी व्यक्ति एक न एक दिन इसी प्रकार पंचतत्व में मिलाना है ।

इस भाव ने उस के हृदय की कोमलता को समूल ही विध्वंस कर डाला उसने मन कहा—" ऐ जीवधारियों तुम्हारे व्यर्थ को धिक्कार है तुम्हारी मोह निद्रा पर शोक होता है । चेतो? अभी सबेरा है"

(३)

सांसारिक आमोद प्रमोद सिद्धार्थ के लिए अब निष्फल हैं । सिद्धार्थ अब माया लिप्त राजकुमार नहीं रहा, वरन अब उस ने हृदयस्थ चेतनशक्ति के प्रकाश को समझ लियाहै । अब गृहस्थी, कुटुम्ब परिवार की ममता को छोड़कर अपने जीवन रक्षा के लिए एक सुनियमित मार्ग का अन्वेषण कर एक विचित्र और परमोपयोगी कार्य साधन के लिए तत्पर है । उसे मालूम होचुका है कि सांसारिक सुख दुखदाई है, सुवर्ण के पात्र में विष है । मृत्यु भवितव्य और आवश्यक है ।

सिद्धार्थ की इच्छा उस बाह्य तत्व के निरीक्षण करने की हुई जिस के वशीभूत हो कर मनुष्य अनुचित कर्म कर बैठतेहैं । अतः उसने रात्रि को श्रमण नामक एक महात्मा से मुलाकात की इस मुलाकात से उस के आंतरिक भाव और दृढ़होगए । वह समझ गया कि बिना रात्रि हुये दिन नहीं होता । नेति शब्द का रूप उससमय उसके हृदय में खचित होगया और वह देश धर्म की सेवा का मूल्य पिता की इस आज्ञा से अधिक समझ कर एकान्त वास करने को उद्यत हुआ । वह एक बार अपनी प्रिय पत्नी को भेंट लेना विचार कर अपने महल में लौट गया और चाहा कि अपने प्राण प्रिय पुत्रको गोद में लेकर चूम ले । पर उसे सोते देख वहभी न कर सका और वहीं गंभीरता के

साथ कंथक नामक अश्वपर सवार होकर जंगल की राहली।

(४)

नगर के बाहर आकर उसने गेरुए वस्त्र धारणकर लिए चन्ना सारथी के हाथ घोड़े को पितृगृह में भेज दिया। किन्तु उसका राजकीय रूप बाह्य भिक्षुक भेष से छिप नहीं सकाथा। उसे आते देख लोग उसे सर्वथा अभिवादन करते थे। राजगृह नामक नगर में आकर उसने प्रथम भिक्षा रूप से अपना जीवन व्यतीत करना निश्चय किया उस नगर के राजा बिम्बसार ने उसे पुनः गृहस्थाश्रम में प्रवेश कराने की चेष्टा की किन्तु सफल मनोरथ न हुआ और सिद्धार्थ ने उस के शंकाओं को भी पूर्णतया समाधान कर दिया उसके उपदेश का सारांश यह था।

राजन् तुम्हारी इस कृपा के लिए धन्यवाद देता हूं। दान का फल बड़ा है सात्विक दान को देकर मनुष्य परमार्थ मोल लेता है। किसी तरह से मैंने भी ऐसा करने का साहस किया है।

विषय भोग रूपी अग्नि स्वयम् हृदय में स्थित है उसमें आसक्त हो जाने से घी का काम होता है अर्थात् अग्नि भभक उठती है और हृदय में सर्वस्व को स्वाहा कर देती है।

इसके लिए पूर्ण ज्ञान की आवश्यकता है। बंधन में अधिक समय तक रहना उचित नहीं। बुद्धिमान मनुष्य को विषय वासना को त्याग औरों के लिए आदर्श बनना चाहिए। राजा सिद्धार्थ की बिनती कर और यह प्रतिज्ञा करवाकर कि अपना अभीष्ट सिद्ध करने के उपरान्त पुनः इसी स्थान से वापस आना पड़ेगा। विदा हुआ।

(शेष अग्रे)

वर्तमान दशा।

(लेखक पं० महावीर प्रसाद "मधुप" कानपुर)

कैसे माया के जाल में भूले पड़े,
हम हैं हमको तो कुछ भी खबरही नहीं।
जिसने पैदा किये यह दोनों जहां,
उसकी हमको है बिलकुल खबरही नहीं॥

काम क्रोध व मोह में हम हैं फंसे,
लोभ दुख ने अंग हमारे कसे।
आप स्वार्थ के चिन्त में कैसे धसे,
दीन दुखिया की कुछ भी खबरही नहीं।

कोई गांजा व चांडू में माते फिरे,
कहीं पायें छुरा गुप्ति फांसि गिरे।
कभी बाहर अंग दिखाते रहे,
कहने सुनने का कुछ भी खयालही नहीं।

कभी नाचने गाने में खोते रहे,
कभी खाने व पीने में खोते रहे।
कभी निंद में सोते दिनों को रहे,
इसे हालों के दुख की खबरही नहीं॥

याम धर्म का दिलसे विसारे हुए,
र्षा मत्सर को चित्त में धारे हुए।
च्चे जीवन का आनन्द छांड़े हुए,
कहते इस पर भी हमसा यशरही नहीं ॥

धिक जीवन! तुम्हारा धनी जन सुनो,
धनको जोड़े वृथा चित्त में क्या गुनो।
प्यारे जीवन को अच्छा बनाओ सुनो,
इससे बढ़कर के कोई आनंदही नहीं ॥

ऋषि भीष्म के जीवन को चित्त धरो,
सदा राम व कृष्ण को याद करो।
बुध शंकर दयानन्द का आदर करो,
जीवन सुधारेगा इसमें कसरही नहीं ॥

वीर लक्ष्मण का आदर्श लेके चलो,
अंग धर्म भरत्थ की भस्म मलो।
शीश राजा हरिश्चंद्र को धारलो,
जीवन सुधरेगा इस में कसरही नहीं ॥

जैन आर्या सनातन का ध्यान तजो,
बौध शैवी मुसल्लम से दूर भगो।
त्यागि ईर्षा दया धर्म हो में धरो,
जीवन सुधारेगा इस में कसरही नहीं ॥

उम्र आधी तो सोने में मिट्टी हुई,
बाकी चौथाई बालक पने में गई।
बाकी हिस्से में भी ईश्वर भक्ती हुई,
जीवन सुधरेगा इसमें कसरही नहीं।

जैसा जीवन सुनाये सुना तुम करो,
लेख उसके हमेशा विचारा करो।
सांचे आनन्द से चित्त धारा करो,
जीवन सुधरेगा इसमें कसरही नहीं ॥

यह जीवन समाचार प्यारा तुम्हें,
सीख देवेगा उम्मीद पूरी हमें।
जो हैं अनपढ़ विचारे सुनादो उन्हें,
जीवन सुधरेगा इसमें कसरही नहीं ॥

“ साहित्य सभ्यता का प्रधान अंग है ” ।

(लेखक—महात्मा पं० बालकृष्णजी भट्ट प्रयाग)

सभ्यता के संबंध में सब लोग सम्मिलित हो एक सी सम्मति में समान सहमत हो सो नहीं है, तथापि साधारण साहित्य Literature प्रत्येक देश और समाज का इस बात की साखी भररहा है कि जो जाति जितनाही सभ्यता की सीमा तक पहुंची है वहां उतना ही साहित्य सर्वांग पूर्ण रहा। देश एक समय सभ्यता की अंतिम सीमा तक पहुंच नीचे गिर गया और अब कोई बात ऐसी न रही जो उसकी पुरानी सभ्यता के घमण्ड की बानगी हो। केवल साहित्य ही वहां के उत्कर्ष की झलक देता हुआ चिरस्थाई रहता है। इतनाही नहीं वरन यह भी कि कब कितनी उन्नति वहां के लोगोंने किसर विषय में की थी।

जिस देश में लोग अधिक भोगलिप्त

और आमोद प्रमोद रत रहे; वहां के साहित्यमें शृंगार रसकी विशेष छान बीन और तरक्की पाई जायगी। जहां शौर्य, धैर्य, युद्धोत्साह विशेष रहा वहां का साहित्य वीररस प्रधान होगा-एवम् जहां और जिस समाज में सब लोग विशेष शांतशील,पूजा, पाठ, ध्यान, धारणा, जप तप और आत्मिविषय भाव पूर्ण रहे-वहां के साहित्य में केवल शांत रसको छोड़ और कुछ न होगा। जहां के लोग अधिक चतुर रस; तराश खराश, गप्प गप्प मारने में प्रवीण रहे हैं गे वहां के साहित्य का प्रधान अंग हास्यरस होगा। केवल इतनाही नहीं, किंतु देश का उत्थान और पतन साहित्य पर निर्भर है।

वीरत कवि ने अपनी कविता के ओरसे यूनान देश को स्वच्छन्द कर दिया-यह किस से छिपा है कि भूषण कवि ने ऐसे उत्तेजक कवित्त शिवराज की प्रशंसा में रचे, कि शिवाजी को म्लेच्छ वंश पर बड़ी उत्तेजना आई-औरंगजेब की चटकीली लाखों सेना को छार में मिलाय दक्षिण में अपना प्रभुत्व उन्हों ने स्थापित करही डाला। कवि अपनी प्रतिभा से छिपी से छिपी बात जान लेता है।

जानीतेयन्नचंद्रार्कौ,
जानते यन्नयोगिनः।
जानाति यन्नभर्गोपि,
तज्जानाति कविःस्वयम्॥

अर्थात्—" जगत के कर्म साक्षी सूर्य और चन्द्रमा जिसे नहीं जानते, अपने योग बल से सर्वज्ञ योगी जन जिसे नहीं जानते, कहां तक कहें घट घट में व्यापक सदाशिव जिसे नहीं जानते उसे कवि स्वयम् क्षणभर में जान लेता है।"

वृहत्कथा सरित्सागर में योगानन्द और वररुचि कात्यायन की कथा में लिखा है कि एक दिन एक चितेरे ने योगानन्द को एक चित्र लाकर दिया जिस में राजा और उस की पटरानी का चित्र एक ही में था, चित्र बड़ा मनोहर और सजीव सा मालूम होता था। राजाने प्रसन्न हो, बहुत कुछ इनाम दे उसे विदा किया और चित्र राजमहल में टँगवा दिया। कात्यायन को किसी काम से राजमहल में जाना पड़ा। भीत पर तसवीर लटकी देख, राज महिषी के लक्षणों से पूर्ण उसे पाय, अपनी प्रतिभा से एक तिल की कमी उसकी जांघ में देख, बना कर चले आये। योगानन्द जब महल में गया तो तिल का निशान रानी की जांघ मे देख अचरज में आया। नौकरों से पूछने पर मालूम हुआ कि तिल कात्यायन बना कर चले गये। अब इसे संदेह हुआ कि रानी के गुप्त स्थान में तिल को मेरे बिना दूसरा कौन जान सकता है। अवश्य यह पापी नराधम कात्यायन मेरे अन्तःपुर से कुछ लगाव रखता है तो इस कर्म चांडाल को अब जीता न छोडूंगा। क्रोध से जलताहुआ मंत्री शकट ल को बुला के सब हाल कहा और आज्ञादी कि, कात्यायन को मरवा

ो ? मंत्री ने कात्यायन को विद्वान् और
ण समझ और राजा की निर्विवेकी
द पर पछताता हुआ कात्यायन के बदले
ी दूसरे मनुष्य का मरवाय अपने घर
छिपा रक्खा । एक दिन योगानन्द का
राजकुमार हिरण्य गुप्त वन में आखेट
गया था, रास्ता भूल गया, सांझ हो
उसी समय एक सिंह उसे देख पड़ा
नी जान बचाने को एक पेड़ पर चढ़
ा और विचार में था कि इसी पेड़ पर
ी तरह रात काट, सवेरे घर चले जावें
। क्षण भर में सिंह का डरवाया एक
छ भी वहां आ पेड़ पर चढ़ गया और
हुए राजकुमार से मनुष्य की बोली में
ा 'मत डरो ! तुम मेरे होगए, मैं मित्र
ह न करूंगा' और करार होगया कि
हले दोपहर और दूसरे दो पहर हम तुम
ारी जाग कर बितावें'

राजपुत्र ने कहा-"पिछले दोपहर में
जागें गे तुम पहरा दो-"यह कह राज
ार सोगया । थोड़ी देर बाद सिंह ने
कर रीछ से कहा हम तुम पशु की
ि बिरादरी हैं, यह ! हम तुम दोनों का
है, इसे ढकेल दो हम इसे खाकर चले
ैं तुम्हारी जान बचे-रीछ ने कहा-'वि-
सघात महापाप है, उस में भी मित्र से
ऐसा न करूंगा । सिंह निराश होगया ।
दोपहर जब रीछ के सोने की पारी
ह फिर आया और राजकुमार से
'रीछ को नीचे गिरा दो मैं उसे खा,

तृप्त हो चलाजाऊं, तुम प्राण संकटों से
बचो । सिंह की बात पर कुमार राजी हो
गया और उसे ढकेला चाहता था कि रीछ
जाग उठा और कहने लगा तुमने विश्वास
घात किया, मैं तुम्हें मारडाल सक्ता हूं पर मैं
ऐसा न करूंगा, किन्तु इस विश्वासघात के
लिए तुम्हे शाप देता हूं कि तुम्हे उन्माद हो
जाय और जब तक यह हाल न खुले तब
तक तुम पागल रहो'। भोर होते राजकु-
मार घर लौट आया । पुत्रकी यह दशा देख
राजा दुःखी हो बोला "मुझ निर्विवेकी को
धिक्कार है, इस समय यदि कात्यायन
होते तो इसके उन्माद का कारण बतला
देते ।" शकटाल कात्यायन के प्रगट करने
का अच्छा अवसर देख बोला 'महाराज !
मैंने आपका कोमल स्वभाव जान उसे
नहीं मारा' शकटाल कात्यायन को लेआया
और कुमार को देखतेही उन्हों ने बतला
दिया कि इसने मित्र से विश्वासघात किया
है उसीका यह फल है ।' योगानन्द ने पूछा
'तुमने यह कैसे जाना' कात्यायन बोले
'जैसे रानी के जांघ का तिल जान गयाथा।
राजन् ! लक्षण अनुमान और प्रतिभा से
बुद्धिमान छिपी से छिपी बात जान लेते हैं'
योगानन्द अत्यन्त लज्जित हो मनही मन
पछताने लगा – राजकुमार के शाप की अ-
वधि पूरी होगई, चंगा होगया । पिता पुत्र
दोनों लज्जित हो कात्यायन वररुचि के पांव
पर गिड़गिड़ाने लगे और बहुत कुछ उनका
सत्कार किया । इससे स्पष्ट है कि कवि की

भा अद्भुत है जिस के बल वह अपनी
शैली में न जानिये क्या २ दिखा
है।

' नाम रूपात्मकं विश्वं,
यदिदं दृश्यते द्विधा।
तत्राद्यस्य कविः कर्ता,
द्वितीयस्य स्वयं भुवः ' ॥

कवि कल्पना के द्वारा जिस वस्तु को
ा निर्धारित करता है। एक यह और
रा दृश्य जगत—दो तरह की सृष्टि है,
में पहली का विधाता कवि है, दूसरे
ब्रह्मा है।

यदि वाल्मीकि और व्यास न होते तो
ायण और भारत की कल्पना के बिना
रचन्द्र और पाण्डव तथा कृष्ण को कौन
नता ? हम लोग प्रकृति की साधारण
टनाओं को प्रतिदिन देखा करते हैं किन्तु
न के प्राकृत तत्वों को दूसरों को समझा
हीं सके। कवि की प्रतिभा उस का इस
रह से वर्णन कर देखायेगी कि उसकी
क तस्वीर आदमी के चित्त२ पर में खिंच
यगी। हम लोग संसार के सब पदार्थों
देखते हैं किन्तु वैसाही जैसा सादे की
दूक को जिस में हीरा बन्द पड़ा हो।
दूक का आकार उसका लम्बान चौड़ान
य देखते हैं, पर सन्दूक का ताला खोल
की कुंजी कवि ही की प्रतिभा में है।
सी तीव्र कुंजी से संदूक का ताला खोल
र गुप्त हीरा जो उसमें बन्द है पहले आप
र देखता है फिर दूसरों को भी उसकी
परख इत्यादि बतलाता है।

कवि मानों सौन्दर्य का प्रतिनिधि स्व-
रूप है। पदार्थ मात्र में जो कुछ निकाई और
लोनाई है उसे चुन अपनी कवित्व शक्तिको
उस पर काम में लाता है। सच तो यह है
कि साहित्य की सृष्टि ही निराली है विज्ञान
दर्शन आदि सब एक प्रकार साहित्य में
समावेशित हो सकते हैं जो अंग्रेजी में
Literature के नाम से कहे जाते हैं;
किन्तु प्रधानतः कवि की प्रतिभा का प्रति-
फलही साहित्य का द्योतक कहा जायगा।
जो जिस विषय में विद्वान हैं उनको उस
विषय में पूरा आनन्द मिलताहै किन्तु उन
के आनन्द की मिठास की उपमा मिसरी के
टोरे से दी जासकती है कि दोनों को उस
के पीसने में पहले फोस मिल लेना है तब
उसकी मिठास का स्वाद मिलताहै। काव्य
के मिठास की समता द्राक्ष के साथ दी जा-
सकती है जिस में दांतों को किंचित् क्लेश
नहीं होता—जीभ पर रक्खा कि गले भीतर
पहुंच—अपनी मिठास से मनको तृप्त कर
देता है।

काव्य रस का आनन्द ही कुछ निराला
है। सब उस आनन्द के अनुभव के पात्र
नहीं हैं।

"[illegible] ज्ञा न न कर्षता
न च [illegible] पुरुषा कवि [illegible]
[illegible]।"

काव्य की सुन्दर देवी ' अनुराग ' के
[illegible] सुन्दर और पुरुष भी बड़ी [illegible]

ाघु है। जैसे प्रामाण ग्रन्थ काव्य के नहीं
हो सके वैसे ही पुरुष भी वही उस के गुण
को परख कर सके हैं जो नागरिक सभ्य हैं
तो सिद्ध हुआ कि सभ्यता का प्रधान अंग
साहित्यही है।

शारीरिक पराक्रम।

(लेखक०—श्रीमान मो० दौरास्वामी आयंगार)।

देश बांधवों !

भारत वर्ष किसी समय अपने शारीरिक पराक्रम के लिए समस्त संसार में विख्यात था यहां की पूर्व राजधानी इसी व्यायाम संबंधी पराक्रम के नाम से ही संबोधन की जाती थी। अयोध्या नाम केवल इसी कारण पड़ा है कि उसकी उपमा योग्य सारे भूमंडल में कोई नजर न था (अ—योद्धा) महाभारत में कौरव और पांडवों के समय तक हम पराकममें अग्रगण्य थे किन्तु पश्चात् अपने दुर्भाग्य से हम उस ओर से असावधान होगए और अन्य विषयों की भांति इस विषय में भी परदेशियों के आधीन हो गए। छान्दोग्योपनिषद में स्पष्ट लिखा है।

" यलंवावविज्ञानाद्भयोऽपि इशतं विज्ञान बलामेकोवलवाना कंपयते स यदा बली भवत्यथोत्थाता भवति "

" तथा बलेन पृथ्वी तिष्ठति बलेनान्तरिक पर्वता बलेन देव मनुष्या बलेना तृण वनस्पतयः।

अर्थात् एक बलवान पुरुष सैकड़ों वि[illegible]नियों को अपने पराक्रम से कंपित कर दे[illegible] विज्ञान की अपेक्षा बल से सर्वदा श्[illegible] और बली होने से ही उठकर खड़ा हो[illegible] है। बल से ही पृथ्वी अन्तरिक्ष तथा[illegible] और पर्वत समूह परम देव मनुष्य प[illegible] तृण वनस्पति आदि समस्त कि[illegible] हुआ है।

इस लेख में Physical cul[illegible] र्थात् " अपने स्वास्थ्य को किस प्र[illegible] रना चाहिये " इस विषय में मैंने र[illegible] तक अनुभव किया है-लिखा जाय[illegible]

हमारे ऋषियों ने जिस व्यायाम (व[illegible] की पूर्व काल में उत्पति की थी उसे[illegible] व्यायाम को मैं ६ वर्ष से १६ वर्ष [illegible] तक करता रहा। १८ से २६ वर्ष की[illegible] तक मैं ने कुश्ती लड़ी इस कुश्ती में[illegible] से मद्रास प्रदेश के बहुत से पह[illegible] रास्त हुए।

२६ वर्ष की आयु में मेरे पिता[illegible] वास हो गया। उस समय विवस[illegible] छोड़ ग्रहस्थाश्रम में प्रवेश करन[illegible] जमींदारी, कृषि आदि की ओर [illegible] इसके बाद विलायत का ईगन से[illegible] (मद्रास) आकर अपना पराक्रम [illegible] लगा। उसे मैं ने देखा किन्तु चित्त [illegible] उस समय यह विचार उत्पन्न हुआ [illegible] यह लोग गोश्त आदि खाकर अपने[illegible] को इतना बलवान बना सके हैं तो [illegible] दाल भात आहार करने वाले हिन्दो[illegible] को यह शक्य नहीं है।

प्यारे भाइयों ! उस समय का आप वि- चार करें कि आप के पुरुषे जंगल में रहकर कंदमूल फल खाकर कैसे बलवान और कर्मी होते थे-यह आपने पुस्तकों में अ- वश्य पढ़ा होगा।

मद्रास में प्रो० राममूर्ति नायडो का खेल अगस्त १९०६ से आरंभ हुआ। मैं ने राममूर्ति जी से मिलकर कहा " हम और आप दोनो हिन्दू जाति मे उत्पन्न हैं। अच्छा हो यदि दोनों मिलकर काम करें क्योंकि अभी इससे अधिक पराक्रम संसार को दिखलाना है "। किन्तु दूसरे दिन के ४॥ बजे श्रीयुत राममूर्तिजी ने बुलाकर कहा कि"ब्राह्मण कुछ नहीं कर सके इसके लिए गोश्त आदि खाना पड़ता है " इन शब्दों ने मुझे हताश करदिया और अंत में मैंने २० अगस्त १९०६ को उक्त महानुभाव को एक चेलेंज (ललकार) देने का साहस किया पर उचित उत्तर न मिला। इसके बाद भी मैंने उन्हें बंबई आदि नगरों में कई बार ललकार दी पर निष्फल हुई।

आखिरकार २६ फरवरी १९०६ को कल- कत्ते के स्टेटसमॅन द्वारा मैने समस्त भारत वर्ष को ललकार All India chalange दिया इसपर राममूर्ति नें उत्तर देकर मुझे कलकत्ते बुलाया उस समय मैं बंबई में था मैने कहा कि कलकत्ता व बंबई में बुलाना ठीक न होगा उचित है कि आप बीच स्थान (दरभंगा) में आ जावें इसके लिए हम पुरष्कार रूप से (१०००) रुपया यहां के दीवान के पास जमा किए देते हैं।

इसका कोई उत्तर मिलते न देख मैं ने एक और नोटिस Solicitors दिया इस पर मुझे २१ ता० तक कलकत्ते बुलाया हुआ किन्तु वह १९ ता० को ही कलकत्ते से रंगून चले गए। भारत वर्ष को हम क्या ! सारे संसार को चेलेंज देने को तैयार हूँ जिस स- मय और जहांपर जिसका चित्त चाहे मैं उ- पस्थित हो सकता हूं।

" अंग भूषण प्राणाय योगासन वीर्य बल सिद्धिः "

प्रत्येक वस्तु का कारण या कर्ता प्राणा- याम (दम है) प्राणायाम से योग की उत्पति हुई। योगासन८८४ हैं। ८८८४ योगासनों ने ८४ दंड प्रगट किए। और ८४ दंड से ही २१ बैठक नियत हुए हैं। व्यायाम रूपी शक्ति का उपयोग कर शारीरिक बल प्राप्त करने से देह का मूल्य जाना जा सक्ता है। रेशमी वस्त्र आदि ढकने से शरीर की ऊपरी शोभा होती है।

जितना योगी मनुष्य को अभ्यास विद्या द्वारा लाभ व अनुभव होता है उतनाही व्यायाम करने वाले को शारीरिक पराक्रम से हो सकता है, अन्तर केवल इतना है कि पुरा- तन समय में जो कंदमूल आदि हमारे पूर्वज खाते थे उससे उनका मस्तिष्क अध्यात्म विद्या की ओर लगजाता था किन्तु आज कल के भोजन (गोश्त दाल भात आदि)से ऊपर को जाते हुए भी स्थिति से नीचे गिर पड़ने का भय रहता है। इस लिए जितना न्यून (Limited) होसके भोजन करना चाहिये। अधिक भोजन से विशेष लाभ नहीं।

मैं स्वयम् ३ दिन में १ सेर चावल खाता हूं तथा पाव भर दूध प्रातः और पाव भर शाम को लेता हूं।

१०० दण्ड और २०० बैठक करने वाले को आधा सेर दूध, पांच बादाम तथा छटांक भर शकर व्यवहार करना चाहिये।

व्यायाम के बाद ऊपर का पसीना निकल कर सूखजाने पर स्नान करना चाहिये। स्नान करते हुए भी जल में अधिक समय तक न रहना चाहिये क्योंकि जल में मनुष्य का रक्त खींच लेने की शक्ति है स्नान के समय ५-७ मिनट जल में रहना उचित है।

स्नान कर बदन ढांक हवा में थोड़ी देर अवश्य रहना चाहिए किन्तु अधिक समय तक हवा में भी न रहना चाहिए। जलकी भांति हवा में भी कांति खींच लेने का गुण है। मिट्टी के भीतर नाना प्रकार के शाक भाजी आदि उत्पन्न कर मनुष्य को बलवान बना देते हैं, उस में सब प्रकार की शक्ति विद्यमान है।

मनुष्य जिस वस्तु को पाने के लिए निरंतर उद्योग करे वह उसे अवश्य प्राप्त होगी। मैंने शारीरिक बल के अभ्यास में किसी को गुरू नहीं किया था किन्तु ईश्वर की कृपा तथा अपने हार्दिक प्रेम के कारण जान सका हूं। मुझे विश्वास है कि यदि मेरे भाई कथनानुसार अभ्यास करें तो वह मुझ से अधिक बलवान हो सके हैं। ईश्वर वह दिन फिर दिखावे जब भारत वर्ष में बलवान पुरुष उत्पन्न होने लगें। किमधिकम्।

स्त्रियों के लिये।

प्यारी बहनों सेविका का हृदय केवल इसी लिये है।

हमारा भारत सर्व… दशा पर भी अपनी … गरी की उपमा में कभी २ निराशाही… ता है। पठन पाठन शैली में वर्तमान … स्थानुसार भी राजकीयादि भाषाओं… किसी तरह न्यून नहीं है—इन सब … कारण यदि आप विचारें तो हमारी … स्त्री के तारतम्य का फल प्रतीति हो… पूर्वकाल में जैसी विदुषी राजविद्या… दाता देवियां थीं, अपने प्रताप से … सन्तानों को चक्रवर्ती धुरंधर विद्वान… डालती थीं। रामाश्वमेध में श्री सीता… महारानी ने पुत्र लवकुश द्वारा जगद्वि… श्रीमहाराज रामचन्द्र के भी रणभूमि… छक्के छुड़वा दिये और और अपनी … विद्या तथा वीरता का परिचय जैसा … दिया है उसकी पूर्ण कथा जानकी वि… में वर्णित है।

श्री महाराज रामचन्द्र जी की … जिस समय भूमंडल में प्रकाशमान हुई वह केवल सीयस्वयम्बर के धनुष भंग निर्भर थी। जिस समय श्रीमहाराज जी की मिनिस्टिरी कौंसिल (राज दरबार) इतना मना २ कर अपने ओर पास कर चुकी थी कि श्रीरामचन्द्र

राजपद के योग्य उत्तीर्ण होगये—वहां पर श्रीमहाराणी केकई ने (जो पण्डिता थीं) सर्वथा अस्वीकार किया कि-राजविद्या की परीक्षा के विना उत्तीर्ण किए (जब कि मैथिल, किष्किन्धा लंका आदिके दयम ब्राह्मण अपना अधिकार स्वतंत्रता पूर्वक फैलाते चले आरहे थे और अयोध्या केवल संकीर्ण अवस्था पर रहगई थी) रामचन्द्र को राजसिंहासनाधीश करना कदापि उचित नहीं है।

श्री महाराज चक्रवर्ती परशुराम को शारंग धनुषमात्र के प्रदान से चक्रवर्ती श्री रामचन्द्र जीने संमानित होते भी अस्वीकार किया और तपस्वी भेष धारण कर चौदह वर्ष का वनवास विषयक राज्य विद्या की परीक्षार्थ हठात् वोट पास हुआ।

स्वयम्वर।

उस समय किसी योग्य वीर, धीर, विद्वान, तपस्वी, आदि गुण युक्त पुरुष को अपना पति स्वीकार करने की प्रथा प्रचलित थी जिसका अधिकार स्त्रियों की योग्यतापर निर्भर होता था-जो अल्पायु वाले पति को भी दीर्घायु बनाने में समर्थ थी जैसे सावित्री अथवा किसी दृढ़ प्रतिज्ञा पर-जिस में वीरता की कठिन परीक्षा होती थी-पिता अपनी योग्य पुत्री को विजई वीर के अर्पण करता था यथा द्रौपदी सीता इत्यादि।

इस अन्तिम प्रथा के अवरोध से हमारे विश्व विजई पताका रूपी सूर्य को,मुसलमानों के आगमन रूपी केतु से ग्रहण लग गया और जिस ग्रहण के मोक्ष पर विचार करते करते श्री गोस्वामी तुलसी दास, कबीर, नानक, दादू, पलटू, जगजीवन आदि महात्मा तथा श्रीस्वामी दयानन्द जी सरस्वती प० गुरुदत्त M.A. विद्यार्थी भारतुन्दु बाबू हरिश्चन्द्र, राजा राममोहन राय, सर रमेश चन्द्र दत्त आदि विकट विद्वान विचार २ देश में लय होगए किन्तु इस दशा पर भी निर्मूल नहीं हो सका है। प्रताप गर्ल स्कूल फरीद कोट के कार्याध्यक्ष बाबू रामरत्तामल वकील ने "हिन्दू जाति की सेवा" के न. २ के पैम्फलेट में "हिन्दू कौम जिन्दा रहेगी? नामक पुस्तक वितरण कराई है जिस से विदित होता कि "हिन्दू जाति का ६६ लक्ष समुदाय १० वर्ष में कम हुआ तो२२ कोटि ३३३३ वर्ष में व इस से भी कम समय में नाश को प्राप्त हो जायगा। हा कैसा भयानक दृश्य है!! जब तक हमारे (स्त्री जाति के) अधिकार पर ध्यान था, महाभारत में सर्वस्व नष्ट होने परभी ५६ कोटि यादवंश। (केवल एक जाति की) संख्या उपस्थित थी।

देश में विधवा धर्म पर विचार केवल लार्ड वैंटिंग की दया से करना पड़ा क्यों कि स्त्रियों के आत्म त्याग की परीक्षा बन्द हो गई (सती होना रोका गया। बस! स्त्रियों के सत्य धर्म मर्यादा पर वज्रपात होगया, यहां तक कि हाटों, गलियों में स्त्रियों की बाढ़ आने से भारत के जान के लाले पड़ गए)

स्त्री जाति सब प्रकार से जन संख्या विशेष होने परभी विद्या में हीन होने के कारण किसी उच्च सभा की पात्र, सदस्या या अधिकारणी होने की कोई योग्यता नहीं रखती। जिब्राल्टर के डाक विभाग में एक स्त्री १० वर्ष से अफसर है इस को ५५० पौंड अर्थात् ८२५०) रु० के हिसाब से मासिक वेतन मिलता है इस स्त्रीजन संख्या विशेष, कार्यसाधन में दक्ष, यहां लों कि योरोप की सी महाराणी विक्टोरियाजी का यश तो स्मरणीय रहेगा पर भारत में भी अनेक बेगम, महारानी ताल्लुकेदारिन तथा जमींदारिन स्वयम् राजकीय कार्यों के कर्तव्य पालन में सराहनीय है।

पर खेद! कि हम स्त्रियों का कोई वोट न म्युनिसिपालिटी के सदस्यों के चुनावपर लिया जाता है, न हमारा नाम डिस्ट्रिक्ट बोर्ड की कमेटी ही में आता है। लेजिस्लेटिव आदि कौंसिलों का क्या!

आशा है कि सोशल कांफ्रेंस हमको सुधारेगी। इस अवसर पर धन्यवाद सरकार को है जिस ने हमारी शिक्षा पर कुछ ध्यान दे रूमाल आदि काढ़ने और व्यवहारादि की शिक्षा के स्कूल स्थापन कर दिये हैं यद्यपि उसकी टेक्स्टबुक कमेटी अभी तक स्त्रियों के हाथ नहीं हुई।

पुरुषों के अध्ययन में परिश्रम विशेष के कारण बहुधा स्त्रियां इस ओर ध्यान नहीं देतीं और अपनी मर्यादापर अपने पति के उच्च पदाधिकारी होने के कारण किसी की नहीं सुनतीं। प्रातः से सायंकाल तक उन को वस्त्रपर वस्त्र बदलने के ठाठ, जेवर की सफाई रखने से दम मारने की फुरसत नहीं मिलती कि पठन पाठन पर ध्यान दे सकें। पति जी के पद पर सब टीम टाम घमण्ड व इतराना है. पर अनेक पारिव्राजक यात्रियों का मत है कि जितना जेवर पूर्व काल में स्त्रियों के पास था अब उस का शतांश भी नहीं रहा!

हमारी कन्याओंकी शिक्षा धार्मिक रीति पर सारे कर्तव्यों पर थी। शिक्षा पितृ गृह पर निर्भर थी जिसके मूल उद्देश्य हों थे (१) रुग्ण की सेवा के योग्य रोचक रसायनिक क्रिया जानकर शुद्धता से अपनी जिम्मेदारी पर यथा पथ्य का विचार, भोजन पकाना (२) कर्मकाण्ड में अपने गोत्र के ऋषियों के सूत्रानुसार क्रिया तथा संस्कारों को जानना (संस्कारों की त्रुटि से ही गोत्र की उपासना या कृत्य व्यवहार करना दुर्लभ हो गया है)

षोड़स शृंगारके स्थान पर माया जंजाल ने समर्थता दर्शाना आरम्भ कर दिया है जिस का परिणाम हिन्दू जाति की अवनति होगा।

अशिक्षा के अंधकार मय निशा पर मिथ्या उपासनाओं के मेघाडम्बरों ने ऐसा आच्छादित कर दिया है कि सद्‌मार्ग (आत्मिक शक्ति) का जानना सत्यप्रकाश और मनोरंजक रूपी सूर्य के उदय के बिना अति दुर्गम होगया है। कविवर

परिषद शय्य, अवकर्म साधक, मिथ्या शुद्ध ... परिषद में दीन पामर मनुष्यत्व के द्वार ... से सत्यधारी जीवों की उत्पत्ति ... की इतिश्री ही प्रतीत होना संभव है। ... शिक्षा में हीन माताएं कठिन रोग ... करा, दूषित शिक्षा के कारण बालक ... असिद्ध संस्कारों के द्वारा तेज हीन नि- ... काया रोगी बनाने की पाप भागिनी ... ती है।

अतः स्त्री जाति मात्र को उन की अ- ... के कारण ऐसे गुप्त रोगों ने घेर ... है जिसे वे लज्जावश हो अपनी पीड़ा ... किसी के संमुख प्रगट करना भूल पाप ... संतानहीन बन मिथ्या व्यवहार ... हस्तगत हो भूत पिशाच की उपासिका ... जाती है।

शिल्प शिक्षाविहीना स्वगृह की स्व- ... ता दर्शाने में असमर्थ प्रतीत होती है। ... हार पर्व आदि कठिनता से मिलते हैं ... गृहस्थों में इनकी विशेष आवश्यकता ... इस कार्य के पूर्णार्थ शिल्प शिक्षा आव- ... यकीय है।

स्त्री जातिकी सुख सामिग्री साधनार्थ ... स वर्ष महिला परिषद ने अपना उज्वल ... प श्री प्रयागराज में धारण कर समारोह ... साथ दर्शाया था परन्तु यह न जाना ... या कि वर्ष भर में केवल बैठक ही मात्र ... हुआ करेगी या इसकी कोई कार्य कारिणी ... सभा भी नियत हुई है। बिना उपाय (आ- गेनिजेशन) के किसी कार्य का चलना असंभव है।

भारतीय शिक्षित देवियाँ! आपको मु- झसे इस लेख द्वारा मिलने का प्रथम अ- वसर है। ऐसे नवीन वर्षारंभ में नवीन "जीवन" धारण कर, आप लोग मुझे आशीर्वाद दें कि स्त्री जाति की सेवा करने की पात्र सेविका बन सके। जातीयता के परस्पर व्यवहार साधन की अति गंभीर शैली को चतुर्मास (वर्षा) में मांगलिक जाति श्री दुर्गेश्वरी की उपासना में तत्पर होते हैं इस महान सम्मिलन की महिमा ही महाभारत का कीर्तिस्तंभ है।

यदि एक त्योहार शुद्धाचरण द्वारा वे- दानुसार पुस्कल सामिग्री से अग्निहोत्रादि संयुक्त स्वगृह में वर्णाश्रम की मीमांसा करि परस्पर चतुर्वर्ण मर्यादा पालन में त- त्पर होजाय तो मुख्य कल्पवृक्ष की जड़ मिलने में क्या संदेह है।

भारतीय वीरांगनाओं! तुम्हारी सुधि को तब तक कोई न लेगा जब तक अपने पैरों से खड़ी होना न जानोगी। इस मुर्दा हिन्दू जाति ने क्या तुम्हारी पुकार सुनी। एक पश्चिमीय स्त्री ने भारतीय शिक्षा के पत्तों को सींचने में बड़ा परिश्रम किया पर जड़ में न रस पहुंचाने से व्यवहार विरुद्ध प्रतीत हुआ।

इसके अतिरिक्त अब इन निर्बल हिन्दू संतानों के उद्धार योग्य भी नहीं उठता अतः मेरी प्रार्थना है कि ...

शिथि वृद्धा थक गई है इसके परिश्रम पर
ध्यान दे मर्यादा को जाने न देना दान ऐसा
दो कि हिन्दू यूनिवर्सिटी का सर्व प्रकार
मान होजाये तब यह जीवन सुफल जानों।

स्वदेश सेविका

वि० देवी (कात्यायन वधू) ऋषिकुल

वर्तमान स्थिति ।

(१)

सामुदाइक व्यापार का अधःपतन ।

जिस समय हम भारत वासियों के सामुदाइक व्यापार की ओर ध्यानदेते हैं जो बिटिशि कंपनियों के सर्वथा अधिकार में होते हुए भी भारत वासियों के हाथ में है तो हम को यह जानकर बड़ी उत्कंठा होती है कि एक समय भारत वर्ष अपनी सामुदाइक शक्ति के लिए समस्त संसार में विख्यात था। पूर्व बंगाल के जलमय मार्ग की ओर भ्रमण करने से विदेशी जहाजों पर आश्रित होने के साथ ही अपनी रक्षा और तेज चाल के लिए स्वदेशी बोट की भी शरण लेनी पड़ती है।

यद्यपि चिटगांव ढाका आदि जिलों के मल्लाह बड़ी बहादुरी के साथ अपनी नौकाओं को कभी २ स्टीमर के समान तेज से तेज लेते हैं तब भी उन की पूंछ न होकर विदेशी लिए प्रति अपना प्रभाव जमाते ही ... मई भाई के कारण पूछे जाते हैं पर यह साक्षी चाल तक उन को जिंदा रख सकी है। आओ सब इसका यथार्थ हाल जानने लिए इ[illegible] का सहारा लें।

अंग्रेजी राज्य के पूर्व भारत वर्ष संसार सामुदायक व्यापार में सब से बढ़ा व[illegible] उसकी सुविशाल स्थिति पूर्वार्द्ध के [illegible] थी; इसके आलीशान जहाज कराची [illegible] गांव तक-४००० मील तक-विचरे [illegible] उस के बंदर व लंगड़ १००० की ता[illegible] था उनमें से कुछ अपने जातीय जीव[illegible] प्रसिद्ध थे। व्यापार द्वारा अगणित [illegible] करने के कारण जल विभाग में सबसे ब[illegible] शक्तिमान माने जाते थे। मडगास्कर, सं[illegible] जावा, सुमत्रा, बोर्नियो पीगू और क[illegible] आदि अन्य देश उसके मातहत हो[illegible] यहां का व्यापार उस समय चीन, मला[illegible] अरब, तथा फारस के सब प्रसिद्ध नगर[illegible] अफ्रीका के पूर्वीय किनारों की तरफ ज[illegible] दूर २ देशों से देन लेन था उसका व्या[illegible] शिया खंड मेंही न होकर सारे संसार [illegible] यहां तक कि योरोपीय सभ्यता के प्र[illegible] न्द्र रोम राज्य के साथ भी था। देश[illegible] का संपूर्ण सामुद्रिक मार्ग उसके ब[illegible] जहाजों में मल्लाह सब देशी नियत[illegible]

किन्तु श्वेतांगो के आगमन [illegible] इस देश की सामुदायक शक्ति [illegible] साथ घटने लगी और लगातार [illegible] अंग्रेजों के साथ हिलका टिसर[illegible] होने के कारण हम व्यापार रोज[illegible]

हमारी व्यापार शक्ति, जो किसी समय हमारे गौरव का कारण थी-मिट्टी में मिलगई और आज हम उन बड़े जहाजों के बनाने के बदले छिछली नाव बनाने में भी असमर्थ हो गए। बड़े२जहाजी बंदर दैव विडंबना से आज शिकारी गोड़े बन गए। हमारी सुगठित स्वदेशी विदेशी व्यापारिक आंधी के प्रवाह से ऐसी तहस नहस हुई कि कोई भी निशान बाकी न रहा और भारत वर्ष का यह पूर्व दर्शन, आधिपत्य अन्य देशों पर शासन और व्यापार शक्ति स्वप्नवत् प्रतीत होने लगी।

(१) हमारे पूर्व सामुद्रिक यशका प्रमाण शास्त्रों में भी पाया जाता है। समुद्र यात्रा का पूरा २ विवरण ऋग्वेद में है इसकी कथा महा भारत में भी वर्णित है। बंगाल का जलमय प्रान्त प्राचीन समय से ही जहाज बनाने की शिल्प कला के कारण विख्यात है। महात्मा कालिदास के रघुवंश में भी लिखा है कि एक समय राजा रघु के यात्रा में बंगाल का राजा नौसाधन-जिस के हाथ में एक बहुत बड़ी जहाजी ताकत थी-आड़े आया और रघु ने उसे गंगा के बीचधारा में परास्त किया (देखो ४-३१ रघुवंश)।

(२) भारत वर्ष के कच्छी और गुजराती मल्लाह उस समय भी सर्वत्र भ्रमण करते थे। २१०० वर्ष पूर्व अरब और सीलोन के बंदर गुजरातियों के ही अधिकार में थे। १७०० वर्ष पूर्व हिन्दुओं के बड़े २ जहाज पूर्वीय अफ्रीका, अरब, और फारस के बंदरों में पाए जाते थे सोकोत्रा द्वीप के उत्तर की ओर और हिन्दुओं ही की बस्ती थी।

१५०० वर्ष पूर्व "फाहियां" नामक एक चीन का यात्री यहां आकर १५ वर्ष घूमा फिरा। यह जहाज द्वारा गंगा से लंका, लंका से जावा, तथा जावा से चीन गया था, जिन में भारत वासी मल्लाह लगे थे। दक्षिण भारत के पांडय और चेरा राजधानियों और रोम राज्य से पारस्परिक व्यापार होता था।

महावंश नामक सीलोन का बौद्धों का लिखा हुआ इतिहास कहता है कि विजय सेन नामक एक बंगाली वीरने अपने योद्धाओं सहित लंका में जा कर विजय पताका जमाई थी।

उस समय यहां के बंदर जो भारत वर्ष की धवल कीर्ति को उज्वल बना रहे थे। उन में से कुछ के नाम निम्न लिखित हैं। लखपत, दमण, बरौच, वल्लभी, दयपुर, कोचीन, मासुली पटम, सप्तग्राम, और तमालिप्त १४०० वर्ष पूर्व एशिया के उत्तर खण्ड में यूफेटस नदी के हीरा बंदर पर भारत वर्ष और चीन के जहाज समान रूप से टिका करते थे उसी समय इंडस और कच्छ के जाटों ने बैरान की खाड़ी को आबाद किया था।

स० १२३८ वि० में "हयून शंग" नामक यात्री ने स्वयं देखा था कि फारस के मुख्य २ नगरों में हिन्दू व्यापारियों की भांति रह कर अपने धर्म निष्ठा को स्वतंत्रता पूर्वक सम्पादन करते थे। ग्यारहवीं शताब्दि में सोमनाथ पूर्वीय अफ्रिका और चीन के लिये प्रधान केन्द्र (बंदर) बन गया।

उस समय गुजरात के राजपूत केवट कितने बड़े जहाज बना सके थे इसका प्रमाण मि० फेयर ब्रोडरिक साहब के मुख शब्दों द्वारा मिलता है स० ६४८ में जब यह महाशय भ्रमण के निमित्त भारतीय महा सागर होकर निकले तब उन्हें ७०० मनुष्य बैठने के योग्य एक हिन्दोस्तानी जहाज पर चढ़कर जाना पड़ा था। इस प्रकार के जहाज प्रायः काठियावाड़ से चीन तक मिलते थे।

इसके बाद भी जब भारत वर्ष का शासन यवनों के हाथ में आया हमारी सामुदायक शक्ति किसी प्रकार नहीं घटी उस समय भी जाट भारतीय व्यापारी फारस के किनारे आबाद थे।

स० ४७० में वास्कोडिगामा ऐसे मल्लाहों से मिला था जो नक्षत्र के जरिए से दिशायें परखते थे उन के पास कंपास और दूसरे आवश्यक औजार उपस्थित थे।

स० ४५८ में (Albuquerquo) मि० अल्बकर्क महाशय ने हिन्दू भाष जावा के लोगों में प्रज्वलित देखे थे। समग्र द्वीप उस समय परमेश्वर नामक एक हिन्दू राजा द्वारा शासित होता था।

(क्रमशः)

" जीवन "

(ले० श्रीयुत बेनीमाधव शर्म्मा)

" जीवन " है इस सब का जीवन,
बिन जीवन नहिं जीवन है।
जीवन को अपनाओ मित्रों!
यह जीवन का जीवन है॥
ज्यों बिन जीवन सरित सरोवर,
जीवन उसमें वास करें।
त्यों बिन विद्या के जीवन से,
ज्ञानादिक सब दूर रहें॥
यह " जीवन " भी उस विद्या को,
तुम सब में फैलायेगा।
बनके सच्चाहितू तुम्हारा,
जीवन सफल बनायेगा॥
" रहे हिन्द का जीवन स्थिर "
मूल मंत्र यह " जीवन का "
जीवन का रक्षक जो जीवन,
है कृतज्ञ-जीवन उनका॥

योग।

(लेखक-श्रीयुक्त रावत भूपसिंह जी चंदेल

जिस प्रकार दृष्टान्त में अपार प्रशि के अन्तर्गत किञ्चित कारणों के वशीभूत होकर जलकण प बुदबुदे, तरंग या फेन, सागर ही में समु से तथा आपस में एक दूसरे से भिन्न मासते हैं पुनः उक्त कारणों अर्थात् वायु के बंधन से मुक्त होते ही फिर अपने २ नाम और रूपका परित्याग करके उदधि से अ भिन्न हो तथा उस निधि से अपना योग

---

(१) जलके मध्य में वायु आदि के प्र भिन्न हो जाने से इत्यादि कारण होसके हैं। सम्पादक.

रके यह आप ही अपार अम्बुधि होजाते नाम रूप की द्वैधता दूर होजातीहै और नको अद्वैत पद प्राप्त हो जाता है अर्थात स जल राशि में युक्त होकर या उस से की भाव को प्राप्त होकर पूर्ण रूपसे वही होजाते हैं परन्तु जो जल कण, तरंग, फेन तथा बुदबुदे उक्त कारणों या वायु के बन्धन से मुक्त नहीं होते उनका समुद्र के साथ योग नहीं होता अर्थात् एकी भाव को प्राप्त न होकर अपने२ नाम को परित्याग नहीं कर सके हैं। उसी प्रकार दृष्टांत अपार ब्रह्म रूप रत्नाकर में अनन्त जीव जल कण, तरंग, फेन तथा बुदबुदे समान किंचित कारण रूप प्रकृति या वृत्ति के वशीभूत होकर ब्रह्म से तथा आपस में एक दूसरे से भिन्न२ भासमान होवे हैं। पुनः इस कारण प्रकृति या वृत्ति के बन्धन से मुक्त होते ही अपने२नाम रूप का परित्याग करके सच्चिदानन्द ब्रह्म ही होजाते हैं; परन्तु जो जीव प्रकृति की परवशता से मुक्त नहीं हुए वे स्वपरपर्यंत अपने २ नाम और परित्याग नहीं कर सके। अर्थात् बंधन से मुक्त नहीं होसके हैं। जिस क्रिया के करने से जीव का सच्चिदानन्द ब्रह्म के साथ योग (जुड़ना) या एकीभाव होकर तन्मयता प्राप्त होती तथा वृत्तियों का निरोध होता है उस क्रिया को योग या योगाभ्यास कहते हैं और उस के प्रतिपादक शास्त्र को योगशास्त्र कहते हैं। अधिकारी और मोक्ष का प्रापक शास्त्र साथ का संबन्ध है और आनन्द दायक योग रहस्य उसका विषय है साधक उसका साधन सम्पन्न अधिकारी है और उसका परम प्रयोजन मोक्षहै। अथवा जिस प्रकार गणित शास्त्र में एकही जाति की दो या अधिक व्यक्तियों (संख्याओं के संयुक्त हो जाने अर्थात मिल जाने या एकी भाव हो जाने से एक व्यक्ति (संख्या) पैदा हो जाती है उस को योग फल कहते हैं। और उस क्रिया का जिसके द्वारा सम्मेलन होता है योग कहते हैं। इसी प्रकार जीव और ब्रह्म एकही जाति दो या अधिक (जब जीव संख्या एक से अधिक ली जायेगी। (*) व्यक्तियों का योग, एकता, एकी भाव, या मिल जाना जो योगाभ्यास मार्ग से होता है और दोनों के सम्मेलन से जो योगफल रूप एक सच्चिदानन्द रूप सिद्ध होता है उस को ब्रह्म कहते हैं। उस क्रिया को जिस के द्वारा एकीभाव या सम्मेलन होता है योग या योगाभ्यास कहते हैं और उसके प्रतिपादक शास्त्र को योग शास्त्र कहते हैं।

योग की अवश्य कर्तव्यता।

ऐसा कौनसा आस्तिक विद्वान् मनुष्य है जो यह नहीं चाहता कि (१) मेरा कभी नाश न हो (२) सदा चेतन अर्थात ज्ञान स्वरूप बना रहूं (३) सदा आनन्द स्वरूप

(*) क्योंकि यथार्थ में ब्रह्म एकही है।

सम्पादक

बना रहूं, यह तीनों बातें (१) सत (२) चित (३) आनन्द अथवा अस्ति भांति, प्रिय अलगर दर्शाती हैं। इन तीनों का एक रूप जो ब्रह्म है उस में जुड़ जाने से अर्थात् उस के साथ योग करने, सम्मिलित होने या युक्त होने या एकी भाव हो से प्राप्त हो सकी है। इस कारण से भी योग अवश्य करना योग्य है।

(प्रश्न०-) योग का यथार्थ रूप क्या है?

(उत्तर०-) योगश्चित्त वृत्ति निरोधः। अर्थात् चित्त की वृत्तियों के निरोध करने को योग कहते हैं।

योग शास्त्र में चित्त वृत्तियों के अत्यन्त निरोध की रीति सिखलाई जाती है।

तात्पर्य यह है कि जब वृत्ति रूप वायु आदि कारणों करके ब्रह्म समुद्र में तरंग, फेन, बुदबुदे आदि की भांति अलगर नाम रूप (संसार) भासता है और जब योगाभ्यास से वृत्ति रूप कारण का विरोध या नाश होता है तो स्वयं ब्रह्म ही होकर प्रकाशमान होता है।

योग की अवश्य कर्तव्यता अनेक, योग ग्रन्थों तथा शिष शेष, पातंजलि, वेदव्यास वशिष्ट आदि बड़ोंर की कर्तव्यता से स्वयं सिद्ध है तथा विचार दृष्टि से पक्षपातरहित होकर देखने से भी ज्ञात होता है कि प्रथम क्रिया के करने ही से पश्चात् किसी विशेष कार्य की सिद्ध दायक क्रिया का ज्ञान पैदा हुआ है। एक छोटा मोटा दृष्टान्त इस के समझने समझाने के लिए यह है और उस को अधिक तर सर्व साधारण जानता और मानता है।

तथा सौ वर्ष हुए कि स्टिफिन्सन नामक एक अंग्रेज अपने पीने के लिए (Tea) एक बर्तन को आग पर चढ़ा पानी में पका रहा था। उस बर्तन का ढक्कन से ढका हुआ था। थोड़ी देर ढक्कन बर्तन के मुख पर उछलकूद मचाने लगा अर्थात् अपने स्थान से किंचित् उठ २ कर फिर उक्त बर्तन के मुख पर बार २ गिर पड़ता था। इस क्रिया को देखकर उसे यह ज्ञान पैदा हुआ कि यह भाप ढक्कन को ऊपर उठा देती है अब उस के उठाने वाली भाप ढक्कन के ऊपर उठ आनेपर चारों ओर अपने निकलने का मार्ग पाकर निकल जाती है ढक्कन के सहारे होकर बर्तन के मुख पर आ गिरता है और भाप के निकलने के रास्ते को अर्थात् बर्तन के मुख को बंद कर देता है। तब भाप फिर उस को उसी प्रकार ऊपर उठा देती है और उसी प्रकार वह फिर बर्तन के मुख पर आ गिरता है। इस क्रिया को बारंबार उस ने देखकर जाना अर्थात् उस को इस बात का ज्ञान पैदा हुआ कि यह भाप भी बड़ी बल (ताकत) रखती है और इतने मात्र जल की भाप इतने प्रमाण भार के ढक्कन को उठा सकी है। इसी ज्ञान के होने पर उसने रेलगाड़ी निकाली क्रिया करके २ उसके पश्चात और

प्राप्त होते २ उस में दिनों दिन उन्नति होती चली आई। यहां तक कि जो रेल गाड़ी प्रथम ही प्रथम बनाई गई थी उसमें और आजकल की रेलगाड़ी में ज़मीन व समान का अंतर हो गया है। तात्पर्य यह है कि प्रथम क्रिया हुई तत्पश्चात् ज्ञान हुआ अर्थात् ज्ञान क्रिया जन्य है और योग स्वयं एक क्रिया है और यह विना क्रिया के सिद्ध नहीं होता इस कारण योग प्रथम और ज्ञान तत्पश्चात् पैदा हुआ है। ऐसा सिद्ध होता है अतएव प्रथम योग की अवश्य कर्तव्यता सिद्ध होती है। अब अधिकारी पाठकों की यह इच्छा होगी कि योग क्रिया की क्या विधि है। इसका जानना आवश्यक है इस लिए उस की विधि यथावकाश वर्णन करने की चेष्टा करना उचित है। यहां तक संक्षेप में योग की अवश्य कर्तव्यता सिद्ध की गई है।

जापान और भारत। *

टे से जापान देश ने जिस समय चीन को जीता, तब से वहां के इतिहास और लोकनियंत्रित अर्वाचीन सुधार की ओर समस्त भूमंडल का ध्यान लगा है। इस जापान युद्ध से तो जापान ने विशेष रूपसे पृथ्वी भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। जापान के विषय में कुछ न कुछ संवाद भारतवासी तथा अन्य प्रान्त के मनुष्य पढ़ाही करते हैं। जिस असामान्य कारण से सारे संसार का ध्यान जापान की ओर लगा है उस के अतिरिक्त कितनेही अन्य कारणों से हिन्दोस्थान का ध्यान जापान चीन और कोरिया आदि देशों की स्थिति की ओर है। कहीं भी दो मनुष्य लड़ने लगें तो तमाशगीरों, दोनों के लड़ाई से अपना लाभ कर लेने वाले लुटेरों और लड़ने वाले दलों में से एक की ओर सहानुभूति रखने वालों का ध्यान उस लड़ाई की तरफ लगता है उनमें से प्रथम केवल मजा देखता है। दूसरा संधि अनुमान कर अपना स्वार्थ कार्य साधता है, और तीसरा अपने ओर होने वाले की हार जीत देखकर दुःख सुख मनाता है। उपरोक्त लिखित युद्ध में हम तीसरे प्रकार के प्रेक्षक हैं। चीन जापान के आपस के लड़ने पर हम को बुरा लगा किन्तु इस जापान युद्ध में हम केवल तमाशगीर तथा उदास प्रेक्षक न रह सकने के कारण जापान के विजय प्राप्त करने से हमें अत्यन्त आनन्द हुआ।

इसका कारण देखने के लिए हमें दूर जाने की आवश्यकता नहीं कुछ भी हो। जापान एशिया खण्ड का एक राष्ट्र है। अब युरोपीय राष्ट्रों में एक दूसरे प्रति अभिमान है, किन्तु एशिया खण्डान्तर्गत एकके दूसरे राष्ट्र प्रति इतना अत्यन्त और वर्णनातीत अभिमान

---

* मराठी भाषा के जापान देशाचा इतिहास का हिन्दी अनुवाद।

है। तवमी पक खंड के समान व्यसनी क होने से चीन जापान आदि देशों पर हम कुछ न कुछ सहानुभूति उत्पन्न होना हजिक है। " पशिया खंड के सब राष्ट्र कुछ समय पश्चात् योरोपीय राष्ट्रों का दास- व ग्रहण करेंगे " यह योरोपियन तर्ककारों ने सिद्धान्त ठहराया था। इनका यह तर्क काति- पय आधार पर था। पशिया के उत्तर खण्ड को रूस से अंकित होने को कई वर्ष होगये; अरब वाले स्टेन आदि मुहम्मदी राष्ट्र योरोपीय टर्की के आधीन हैं, किन्तु इस्तेम्बुल का सुलतान अर्वाचीन सुधार से वंचित रहने के कारण बलाढ्य योरोपीय राष्ट्रों में उसकी गण- ना नहीं होसकी है। उसके आधीन देश पर रेल तथा व्यापार के मिस योरोपीय राष्ट्र रोग ग्रस्त टर्की की शय देरहे हैं। ईरान और श्यामको लोक सत्तात्मक राज्यपद्धति स्थापन करने का व्रत इस समय ही उत्पन्न हुआ है, इतना ही नहीं; पुराणप्रिय चीन देश मे ही योरोप के राज्यपद्धति अंगीकार करने का निश्चय कारक व्रत प्रसिद्ध हुआ है। ईरान को रूस ने शय देदिया ही है, हिन्दोस्थान को योरोपियन आधीनताई स्वीकार किए युग बीत चले; अफगानिस्तान जो इंग्लैंड का मेवा खाता है वह आगे पीछे उसे ओकला ही पड़े गा यह कौन नहीं जानता; तिब्बत आज तक शैलशिखर पर योग निद्रा में सो रहाया किन्तु उसके नाक में भी कुमकुमा फेंका गया है, ब्रह्मदेश डफ्रिन साहब ने पहले सेही सर लिया है; नैपाल भूटान आदि स्वतंत्र कहलाते वाले राष्ट्रों के नेत्र दिल्ली दरबारने खेंपा दि और उनकी रही सही चमक राजपुत्र दर्श से लुप्तप्राय होगई; श्याम और कोचीनचा यना के पीछे फ्रांस ने अपनी२ दृष्टि लगा रं है। इंग्लैंड और फ्रांस राष्ट्रों ने आपस में क करार मिटाकर श्याम के लोटा तोड़ने का हं पहले सेही ठहरा रक्खा है।

धनाढ्य चीन को उसकी कुम्भकर्णी निद्रा में मग्न पड़े रहने के कारण योरोपीय राष्ट्र रूपी गीदड़ जीवित रहते हुएही उसके हाथ पैर खुथरने लगे हैं कि प्राणाक्रमण होने तक उस को दम नहीं। इसी तरह इत्य़ादि शिया खण्ड में देखकर पाश्चात्य लेखकों ने अपना तर्क ठहराया था (है) तथापि पशिया खण्ड भर में जापान ही एक राष्ट्र है कि जिस ने समस्त योरोपियन राष्ट्रों से घिरा रहने पर भी उनकी वक्रदृष्टि से बहिष्कृत हो गुरुविद्या को अध्ययन कर गुरुदक्षिणा वापस देने का निश्चय कर लियाहै और इसी कारण पशिया पर विजयस्तम्भ जमा लेने परभी उपरोक्त विचार श्रेणी में कुछ विभेद पड़ा हुआ है। मंचूरिया में रूस की रियासत को वर्फ खिलाने के बहाने योरोपीय बुभुक्षित लोगों के मनोरथ के वेग को जापान में धपकार कर रोक रखने का अनन्य मार्ग मिलता है; किन्तु आगामी इतिहास में यह कैसे शब्दों से अंकित होगा- इसका उत्तर देनेको कौन समर्थ है। योरोप की भरतभूमि पशिया है; योरोपियन तर्ककारों के सिद्धान्तों को सच्चा या झूंठा बनाना अब केवल जापान के हाथ में है। इसी कारण

मस्त एशिया प्रदेश के राष्ट्रों का उसकी ओर आशा पूर्ण दृष्टि लगाए रहना स्वाभाविक था साहजिक है। जापान पुरातन जर्जरित संसार का एक बालक है। फिर भला यह उनके जीवन का एक मात्र अवलम्ब अपनी वृद्ध माता को आधार देता है या शोक प्रशित करता है। ऐसी चिन्ता रूस जापान के युद्ध के आरम्भ में एशिया के लोगों को उत्पन्न होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, वरन अधिक प्रेम से भय उत्पन्न होना स्वाभाविक है ऐसा बोध होता है।

जापान चीन आदि देशों प्रति हिन्दोस्थान को सहानुभूति करने का दूसरा कारण यह है कि हिन्दुस्थान और जापान का गुरुशिष्य का नाता है। जिस प्रकार ग्रीस और रोम राज-विद्या और भौतिक शास्त्र में समस्त योरोप के गुरुस्थान में है, उसी तरह सारी पृथिवी को अध्यात्म विद्या प्रदान करने वाले सच्चे गुरुका काम समय हिन्दोस्थान ने किया है। वैदिक धर्म से बौद्ध मतकी उत्पत्ति हुई। भारतवर्ष में एक समय बौद्धधर्म राजमत हो कर मांद करता था, अन्त में वैदिक धर्म के असहिष्णुता के कारण उसको स्वदेश त्याग करना पड़ा। इस स्वदेश भ्रष्ट मत का परदेश में विशेष रूपसे आदर हुआ। जिस तरह ईसाई धर्म आज स्थान२ पर गुंजायां जाता है उसी तरह ब्राह्मण क्षत्री आदि बौद्ध मतानु-यायों ने एक सम्पूर्ण पृथिवी को पददलित कर डालाथा। ईरान और पालिस्टैन आदि देशों में किस कष्ट से अपना मत प्रचलित किया गया? और कैसे असीम उत्साह से दिग्विजय कर अपना झण्डा जा खड़ा किया? यह इतिहास स्पष्ट बतलाता है। पश्चिम की ओर भेजे हुए बौद्ध विचार जितने सफली भूत हुए। राजकीय दृष्टि से अंकित करने के उद्देश्य से लार्ड कर्जन महाशय ने राजकीय मण्डली (मिशन) भेजी थी, वैसे ही भारत वर्ष के उन्नतावस्था में बौद्ध मतके राजा (चन्द्रगुप्त) ने तिब्बत में धर्म मण्डल भेजा था और फिर अत्यन्त कष्ट और व्येष्ठा के उपरांत बौद्ध पंडित चीन कोरिया और जापान आदि राष्ट्रों को युद्ध रचित पीत मेखला पह-नाने में कृतकार्य हुए। सारांश जापान ने अपना स्थित धर्म हिन्दोस्थान से प्राप्त किया है। हिन्दू जितना गया को पवित्र मानते हैं उतनाही जापानी भी इस क्षेत्र को परम पवित्र मानते हैं।

जापान का मत हिन्दू धर्म के निकट-वर्ती होने के कारण, यहां का सामाजिक चाल ढंग अधिकांश यहां से मिलता जुलता है। समाज व्यवस्था, स्त्री पुरुष, माता पिता, सास बहू का पारस्परिक सम्बन्ध, खाना पीना पहराव आदि बातें हिन्दुओं और जापानियों की साम्य हैं। इसी कारण वश हिन्दोस्थान को जापान से अधिक स-हानुभूति है।

जापान का इतिहास हिन्दुओं को विशेष बोधप्रद तथा आनन्द दायक है। क्योंकि जिस संकट में पड़े रहने के कारण हमारा देश परतंत्र [illegible] संकटों से संग्रसित

होकर जापान राष्ट्र ने युक्ति प्रयुक्ति द्वारा
पृथ्वी के श्रेष्ठातुश्रेष्ठ राष्ट्र में अपनी गणना
कराली है। एकही स्थिति का जापान और
भारत पर भिन्न २ परिणाम क्यों हुआ।
किस आवश्यक कर्तव्य पर हम पतित हुए।
हमारे ही समान रोगग्रस्त होने पर भी जा-
पान कैसे उत्तीर्ण हो सका। यह मनन कर
ने योग्य है। धैर्य और ऐक्य द्वारा समाज
रचना, भौतिक शास्त्र, वाह्य प्रदेश में कर्तव्य
गारी के बलसे अपने राष्ट्र को संबद्ध करने
और अभ्यांतरिक टंटे बखेड़े तोड़ने की
प्रतिज्ञा, के बल से पाश्चात्य राष्ट्रों प्रति द्वेष
भाव को हृदयस्थल से हटाकर उनके गुणों
को अंकित कर लेना है।

भारतीय स्थिति के सुधार में बहुत सी
अड़चने आड़े आगई हैं। देश का उद्योग,
व्यापार धन्धा कैसे सुधारा जाय; पाश्चात्य
शिक्षा पद्धति अपनी भाषा अथवा परभाषा
में लाई जाय। समाज रचना तथा अन्य
सम्बन्धों में कैसे विभेद रक्खा जाय। इन
सब प्रश्नों का ज्ञान जापान का इतिहास
पढ़ने से शीघ्र होता है। ग्रीस रोम आदि
मृत राष्ट्रों का इतिहास कितनाही बोधप्रद
क्यों नहो। तो भी काल और स्थिति भि-
न्नत्व के कारण उनके उदाहरण मन पर
पूर्ण रूपसे घटित और प्रत्यक्ष व्यवहार में
उपयोगी नहीं होसके।

"........की समुद्रयत सेना को थोड़े
से स्पार्टन सिपाहियों ने रोक रक्खा था
"(^)" यह पढ़कर चित्त में कौतुक तथा

आश्चर्य होता है। किन्तु उस प्रकार
सौर्य का वर्तमान समय में उपयोग
ऐसा कह कर हम उस उदाहरण को
देते हैं। परन्तु अज्ञानावस्था में पड़े
अचेतन समाज को जापान ने जिस उ
से कर्तव्यवान बनाया और अपनी
भूमि के लिए जापानी महा पुरुषों ने
शरीर रक्त को स्वदेश भक्ति पर न्योछ
कर अपने राष्ट्र को उन्नत दशा में प
चाया। उसे निरीक्षण कर प्रयत्न
मनुष्य और राष्ट्र अज्ञानांधकार से
सिर ऊपर निकालने के लिए पूर्ण
पा सके हैं। जापान के और हमारे
कीय स्थिति में बहुत अंतर है। इस
संधि विग्रह आदि उच्च राजकीय
से हमारा कुछ मतलब नहीं। और
भी कोई पूछ नहीं सका। तब भी जापा
ने जो औद्योगिक, सामाजिक तथा शि
संबंधी प्रश्नों का निर्णय अब किया
उस मार्ग पर अभ्यास करने से "
इन से कैसे रक्षा हो सकी है" यह
प्रकार समझ में आ जाता है। "औ
शिल्प कला संबंधी शिक्षा इन को
में देना चाहिये अथवा स्वभाषा में
प्रश्न आज हमारे संमुख उपस्थि
किन्तु यही विचार जापान में उपस्थि
कर इसका निर्णय कभी का हो
विदेशी भाषा द्वारा कला और वि
कर लेने पर जापानियों ने प्रत्येक
उत्तम कला व विद्या प्राप्त कर,

निबंध लिख परकीय विद्या और कला प्राप्त करने का मार्ग निकाल कर अपना परम लाभ किया है। अर्वाचीन कला तथा शास्त्रों पर जापानी भाषा में ग्रंथ लिखे जाने से उनका प्रचार साधारण समाज में पूर्णतः हो रहा है। किन्तु हमारे विश्व विद्यालय में मराठी भाषा के प्रचलित होने में शक होते हुए भी पाश्चात्य भाषा और कला का स्वभाषा में अध्ययन करने योग्य राष्ट्र भर में एक भी पाठशाला नहीं है।" यंत्र शास्त्र, रसायन शास्त्र, विद्युत शास्त्र, समाज रचना और औद्योगिक विषयों में हमें पाश्चात्यों का शिष्य बनना उचित है" यह भाव सामान्यतः हमारे तरफ मान्य हुआ है। किन्तु इस कार्य के भूमिका से दो पक्षों का मतभेद है। एक पक्ष जो कुछ पढ़ना हो सो इंग्लैंड से सीखने को आदेश देता है। किंतु दूसरे का मत एक ही राष्ट्र पर निर्भर न रहकर सब राष्ट्रों का शिष्यत्व ग्रहण करने के लिए है। लेकिन इसका भी प्रकार जापान के अर्वाचीन इतिहास में दिया गया है।

"पृथ्वी के सब प्रदेशों से कला और विद्या लाने के लिए इंग्लिश, फ्रेंच, जर्मन, इटेलियन, रशियन, डच, संस्कृत आदि सब सभ्य भाषाओं का अभ्यास करना चाहिए। और कलाकौशल के विषय में किसी एक देश पर निर्भर न रह सब देशों में विद्यार्थी भेजने चाहिए।" यह जापान के तत्कालीन सरकार तथा राज्यधुरंधरों ने स्थिर कर सारे संसार के विद्यालय, यंत्रालय तथा कारखानों में विद्यार्थी मंडल की रेल पेल कर दी है।

यह विद्यार्थी जिन २ देशों में जाते थे वहां की भाषा अवश्य ही पढ़ते थे और जो विषय पढ़ना होता था उस में प्रथम से ही अभ्यास करते थे। इस तरह विदेश से लौटे हुए विद्यार्थियों ने कला कौशल का संपूर्ण प्राप्त ज्ञान मातृ भाषा में भर दिया। सारांश यह कि जापान में जो कुछ सुधार का जोश इस समय दिखता है वह सब उन्हों ने पाश्चात्यों का शिष्यत्व ग्रहण करके ही पाया है। किसी कारण वश हो हम भी एक पाश्चात्य राष्ट्र के शिष्य हुए हैं। किन्तु जो कार्य जापान ने केवल आधे शतक के शिष्यत्व में साधन किया, इसका शतांश भी हम डेढ़ शताब्दि में नहीं साधन कर सके हैं। इसका क्या कारण है। हमारे सामाजिक, औद्योगिक, धार्मिक और राजकीय परिस्थिति के भीतर ये कारण हैं। इन सब प्रश्नों का निर्णय जापान के इतिहास वाचने से बखूबी होने वाला है। ऐसे प्रस्तुत विषय का विवेचन प्रांत या ग्राम के इतिहास में होना शक्य नहीं है।

(क्रमशः)

काव्य कलाप।

मनहरण छन्द।

[illegible]

[illegible]

जय जय उर पर चैन जेब में
घड़ी छड़ी कर ॥
जय मुख इंजन वंध चुरुट के
धुवां प्रकाशन।
जय जय मोढ़ा चेयर वेंच
आसन सुख आसन ॥
जय जय मिस्टर जय इस्कुयर
जय सर वाबू जयति जय।
जय नाम वरन द्वै एक धरन,
पूर्ण नाम छय करन जय॥१॥
जय असभ्य पितु मातु जनम
वर सभ्य वनन जय।
जय पुरान पथ वेद त्यागि
मानन लवेद जय ॥
जय पर भाषा दास मातृ
भाषा संहारन।
जय झाड़ू जय वढ़नि वंस को
रीति वहारन ॥
जय जय परदा के शत्रु या
मित्र खुले घर राह के।
जय जय पूरन भण्डार धर
भगनिन प्रति सब चाहके ॥२॥
जय जय यानी वीर वक्ता
गोली धारी।
जय रचि किला समीर वीन
भारत उद्धारी ॥
जय जय पर उपदेश माहिं
अति कुशल सब में।
जय जय गुण वस्तु और
देह वस्तु और पुरान ॥

जय जयति वहाले पकता,
प्रसरन अन पकवा के॥
जय जय दुख में दुख सुखहु दुख,
देन उलटि गुन बनाके॥३॥
जय जय विस्कुट मांस मत
मदिरादि उपासी॥
जय जय रोटी दाल भात
शाकादि उदासी।
जय जय जमुना गंगनीर
कीरा लखैया।
जय जय सोडावाटर कल जल
बरफ पिवैया।
जय गांजा भांग अफीम के,
जड़ भारत के उपस्थान।
जय ह्विस्की, वाइन, के
घर घर में रुचि प्रस्सरन ॥४॥
जय जय उबटन शत्रु मित्र
वर साबुन के।
जय चन्दन इतरादि
लवेंडर चाकर वें।
जय जय सरसों अजासि तेल सों
घिन करवैया।
जय जय नासी सरबं कैरि
सन के धरवैया।
जय लोटा थारि परात के
कापरि कापोछे धरन ॥५॥
जयति स्वच्छता मिस साफ घर
रखिवे कारन।
मेरा ठिमाकि दमाक कोट पे
पाकट धारन

जय जय घम्मच छुरी कंदा से
भोजन चाग्न ।
र भैलो तनि होय ताहि डर
अलगहि रागन ॥
जय सुसभ्य पूरन जयति खड़े सुतम
खड़ जल पिवन ।
जय जयति पोंटह करि *** पोंछ
लेन नाहीं धुवन ॥ ६ ॥
जय पिचार अ चार मेम प्रत
धर्म्म संहारन ।
जय स्वछन्दता अरु स्वतन्त्रता
तियन पसारन ॥
टम टम फिटिन मिटाइ संग
तिय मारत सेर्यां ।
बौल थियेटर संग रखन
अर्द्धांगी देवी ॥
जय जयति आन तिय कर धरन
निज तियकर परकर करन ।
जय जयति चूमि चुमवाइ मुख
बन्धु भगिनि उर सुख भरन ॥ ७ ॥
जय जय मेल मिलाप एकता
बादनकारन ।
एक पिता के पूत सकल बनि
जात संहारन ॥
बरतिय रुचि अनुसार व्याह
. . करनो अरु छोड़न ।
पराचीन की रीति नीति नाता
सब तोड़न ॥
जय जयति आपने मुंह मिट्ठू
सबोधक सुक्रिया वगन ।
जय जय सुशील जय सभ्यवर
उन्नति मिस भारत हनन ॥ ८ ॥

दोहा ।

यह सभ्याष्टक जो पढ़ै,
सुनै गुनै मन लाय ।
बिन प्रयासही सभ्यता,
तुम तामें लगि जाय ॥

" साहित्य "

हिन्दू क्योंकर सुधर सकते हैं ।

(लेखक श्रीयुक्त–सूर्य्यप्रसादजी मिश्र)

संसार की प्रत्येक जाति सुधार करने में मग्न है । हिन्दू जाति भी यत्नवान है। परन्तु इतनी बड़ी जाति का सुधार करने वाले बहुत थोड़े मनुष्य दृष्टि पड़ते हैं । इस लिये सुधार बहुत धीरे २ हो रहा है ।

सुधार करना न करना शिक्षित समुदाय के आधीन होता है । शिक्षित समुदाय ही सुधार बिगाड़ का जिम्मेदार माना जाता है । पूर्व काल में भी जिस समुदाय में शिक्षा का अधिक प्रचार था उसी को सुधार बिगाड़ का उत्तर दाता माना जाता था । इन दिनों भारत वर्ष की अवनति का कारण प्रायः ब्राह्मणों को बताया जाता है और कहा जाता है कि ब्राह्मणों ने असत्य विचार फैलाकर और गैर कौमों को विद्या से वंचित करके बहुत बड़ी हानि पहुंचाई ।

पहिले जमाने में शिक्षित समुदाय को ब्राह्मण कहते थे अब भी वही ब्राह्मणों की पदवी के योग्य हैं जो पढ़े लिखे हैं।

देशके बाबू, वकील, जो तालीम याफ्ता कहलाते हैं। यही ब्राह्मणों की तरह मुल्की और मजहबी सुधार के जिम्मेदार है।

जब कभी गैर लोगों की तरफ से तालीम याफ्ता लोगों पर यह एतराज किया जाता है कि फलां एजीटेशन पबलिक की तरफ से नहीं है उसमें मुल्क की आबादी । बहुत हिस्सा शामिल नहीं है सिर्फ तालिम याफ्ता लोग दावेदार हैं तब यही जवाब दिया जाता है कि तालीम याफ्ता गरोह ही कुल वाशिन्दगान का रिप्रेजेन्टेटिव है। पस जब खुद तालीम याफ्ता गरोह रिप्रेजेन्टेटिव होने की दावेदार बनती है। तो यह कहना बिलकुल ठीक है कि कुल वाशिन्दगान मुल्क की बहबूदी व बरबादी का भी यही गरोह जिम्मेदार है और दर असल यही गरोह इस काबिल है भी कि मुल्क का सुधार कर सके।

लेकिन जमाने साबिक में जो गरोह तालीम याफ्ता थी वह तालिम के जरिये सिर्फ अपनी जाती गरजों को पूरा करने में मशगूल न रहती थी। तालीम याफ्ता गरोह ने हुकूमत करना। एक खास फिरके के लिए और तिजारत करना दूसरे गरोह के लिए कर दिया था। और अपना फर्ज आयाम्मत तालीम और मजहबी व सोशल ...यों की अंजाम देही अख्तियार किया था।

उस जमाने के तालीम याफ्ता ... पेस अवारा के सामान मुख्या करना ... पना मकसद या उद्देश्य नहीं समझते ... दरकस इसके त्याग धर्म के कदरदान ... आमिला थे। सिर्फ अपने गुजारे के लि... राजाओं और साहुकारों से धन लेकि... करते थे। कुदरती जरूरत से ज्यादा कि... अशियाय के तालिब न होते थे।

मगर आज के तालीम याफ्ता जो ब्रा... ह्मणों के कायम मुकाम है। यानी तालीम की आयाम्मत कवानीन की नफाजत और दीगर मुल्की या कौमी काम किया करते ... वह जमाने कदीम की तालीम याफ्ता ग... रोह के बिलकुल खिलाफ अपनी जिन्द... का मकसद समझते हैं।

लाखों में एक दो आदमी फरगुस... कालिज डी. ए वी कालिज नेशनल कालिज हिन्दू कालिज या लेजिस्लेटिव कौंसिल में और किसी संख्या में दृष्टि पड़ते हैं प्राचीन काल के शिक्षितों की भांति साधारण रीति से जीवन व्यतीत नहीं करते सबही का... जीवन पश्चिमी के प्रभाव से संसार म... दृष्टि पड़ता है।

लेक्क लेजिस्लेटिव कौंसिल की ध्वनि ... हाल में गूंजा करती है। किन्तु बाहर ... फलतेही श्रोता वक्ता दोनोंही भूल जाते ...

मैं इस विषय में उन लोगों को ... अपराधी समझता हूं। जो नेत्र रखते ... देखा करते हैं और उनके सामने ...

प्यार भाई ठोकरें खा कर गढ़ों में गिरा करते हैं। परन्तु यह उन्हें ठोकर लगने या गढ़े से बचाने के लिए उद्योग नहीं करते, उनकी दिव्य दृष्टि यदि ऐसे पुरुषों को दुःख से बचाने के लिए काम में न आई तो इस का होना न होना दोनोंही बराबर है।

विशेष कर इस विचार से हम उन पुरुषों को अधिक दोषी समझते हैं कि उन्हें इस बात का ज्ञान होने पर भी कि हमारी दृष्टि की सफलता चक्षुहीन को मार्ग दिखलाने ही में है-उनका दोष और भी बढ़ जाता है; जब यह ख्याल है कि ज्ञान दृष्टि अथवा नेत्रेन्द्रिय की दर्शन शक्ति जिस शरीर पर आश्रित है उसका पालन पोषण उन्हीं विचारे प्रज्ञाहीन पुरुषों के धन हरण करने से होता है।

पूर्वकाल में हमारे पूर्वज ज्ञान की सफलता इस बात में मानते थे कि हम प्राकृतिक जगत की सौंदर्यमान शोभा में फँस कर सांसारिक ऐश्वर्य के वशीभूत हो कर-अनावश्यकीय पदार्थों के संग्रह और प्रलोभन में निमग्न होकर कामना शक्ति को उद्दीप्त करके लोलुपता तथा कामात्मता के जाल में ग्रस्त होकर जीवन न बितावें।

यह समझते थे नश्वर जगत् का भोग्य हम न बनें, किन्तु जगत को भोग्य समझ कर उसको उपयोग में लावें, उनके उदार हृदय और विशाल चक्षु सदा यह समझते और देखते थे कि पाशविक जीवन और मानवी जीवन में भेद है। यह यह जानते थे कि मनुष्य जो उत्कृष्ट प्राणी है उसका जीवन उच्च जीवन होना चाहिये। राग रंग भोग विलास अथवा रूप लावण्य की छटा आशा और अभिलाषा की वर्द्धक सामग्रियां प्रेम और प्रिय मनमुग्ध कारी भौतिक विकृत वस्तुयें क्षणभंगुर और परिवर्तन शील पदार्थ मनुष्य व मनुष्य जातिके वास्तविक कल्याण का साधन नहीं होसके।

उनका अलौकिक विश्वास, उनकी अभौतिक शक्तियां उनकी मानसिक चिंतना उनकी आत्मिक धारणा उन्हें इस बात पर विवश न करती थी कि यह-समस्त जीवन एकही प्रकार के व्यसनों में लगाये रहें जो वस्तुतः अशाश्वत और अनित्य संसार मर्म जीवन है।

उनकी विद्या की साफल्यता मनुष्य जाति को कल्याणकारी मार्ग के अन्वेषण और निदर्शन कराने में समझी जाती थी। भौतिक आविष्कार, संसार की विचित्र शोभा और प्राकृतिक दर्शनीय रमणीयता के भेद को जान कर-यह जगज्जाल को छिन्न भिन्न और मोह पाशकी ग्रंथि को विवेक रुपी नखों से खोलकर मायामयी कापटिक तृष्णामृग को विदीर्ण करके सदा निस्पृही जीवन बिताने और निष्काम कर्म करने में संलग्न रहते थे; उनका मानसिक भाव बड़ा उच्चथा यह हमारी अपेक्षा उच्चातिउच्च गिरि शिखरारोहण करके दिव्य दृष्टि से सृष्टि का अचिन्त्य आनन्द

मद अनुपम शोभा और शृंगार मयी सूक्ष्मा-ति सूक्ष्म और स्थूल से स्थूल रचना पर दृष्टि निपातन करके मौलिक आविष्कार मय प्रदर्शिनी की निरीक्षणता की अपेक्षा आत्मिक कल्याण अथवा नित्य के जीवन को आनन्द मयी श्रेय पथ के अनुगामी हो कर ग्रहण करने के लिए उद्योग किया करते थे।

परम पुरुषार्थ का अर्थ भय ताप का निवारण करना समझते थे और भोग का अर्थ विज्ञान द्वारा पदार्थों की वास्तविकता का अनुभव मात्र था-किन्तु पदार्थों में लो-लुपता, निमग्नता, और स्वकीयता, तथा अस्मिता, और अभिनिवेश का उन्हे पूर्ण ज्ञान था उनके दर्शनों की रचना उनके मान-सिक भावों का आदर्श है—उपनिषदों की शिक्षा उनके त्याग वैराग्य उदारता और आस्तिकता का निदर्शन है।

उनके संस्थापित मार्ग, रेल की सड़कों से अधिक दृढ़तर है उनके सूक्ष्म और कल्प नित विचार नित्य और शाश्वत जब तक मनुष्य जाति इस सृष्टि पर रहेगी तब तक वह सृष्टि में परम उपयोगी समझे जायेंगे और उनमें किञ्चित मात्र भी परिवर्तन की आवश्यकता प्रतीत न होगी। उनके विश्व-के सिद्धान्त भी आज तक आदरणीय हैं—"कुर्वन्ने वेह कर्माणि मा फलेषु कदाचन" जो पुरुषार्थ और त्याग की कल्याण कारी शिक्षा का सूत्र है। आज समस्त जगत का मोटो बन रहा है—सभ्य जगत ने इसमें किञ्चित मात्र भी न्यूनाधिकता नहीं कर पाई।

"मागृधः कस्यस्विद्धनम्" के सिवा इस से बढ़कर कोई आविष्कार नहीं हुआ।

"मातृवत् परदारेषु" की समानता का वाक्य कहीं नहीं मिला।

"परद्रव्येषु लोष्टवत" की पवित्रता से बढ़कर कोई ध्वनि नहीं सुन पड़ी।

"स्वदेशे भुवनत्रयम्" की उदारता जो चमक है वह बिजली में भी नहीं देखी गई।

"वसुधैव कुटुम्बकम" की निष्पक्षता का अनुकरण ही अबतक किया गया है।

"सर्वाणि भूतानि समीक्ष्यताम" की जगमती ज्योति को देखकर हिंसक जगत विचलित हो जाता है और प्राण रक्षार्थ उद्योगवान होकर इसका खण्डन करता है परन्तु इसकी मधुरता व शक्ति का स्वाद नहीं पाता।

पूर्वकाल की माननीय सृष्टि का बाह्य और आभ्यान्तरिक रूप भाव वर्तमान जगत में दृष्टि नहीं पड़ता। अब कुछ और है और तब कुछ और था।

उपनिषदों के वाजश्रवस और नचिकेता—दर्शनों के गौतम कपिल कणादि स्मृतियों के मनु, याज्ञवल्क्य, नीति कार विदुर सत्यव्रती हरिश्चन्द्र-भीष्मपितामहादि कहां है? क्या यह पहिचान सकेंगे कि इन दिनों भारतवर्ष में जो चातुर्वर्ण निवास करते हैं उनको उनके रूप रंग, आचार

विचार, भाव वासना, ज्ञान विज्ञान, विचार विवेक, त्याग भोग, और अन्य व्यवहारों से कोई सम्बन्ध है !

प्रसंग हिन्दुओं के सुधार का है उनकी दशा उनके दर्शन साहित्य धर्मग्रन्थ और ज्ञान विज्ञान और नीति आदि के प्रणिताओं की दशा के नितान्त विपरीत है।

सुधार का मूल कारण और प्रधान साधन उनके पूर्वजों का मार्ग है। प्रत्येक जाति का उत्थान उनके प्राचीन वैभव के दृष्टान्तों से शीघ्र होता है।

पूर्वजों की वीरता कापुरुषों के धमनी गत स्थगित रुधिर को परिचालन करने लगती है-पूर्वजों के चरित्र का प्रधान साधन होता है। भारत वासी उठेंगे। अवश्य उठेंगे। एक बार स्मरण दिलाइये उनके पूर्वजों की परोपकारिता का, और उनकी महान योग साधन, आदि आविष्कृति का फिर देखिए भारत उठता है या नहीं।

छोड़िए तुच्छ आशा और अभिलाषा छोड़िए। साधारण सांसारिक ऐश्वर्य की कामना, त्याग दीजिए परस्पर की स्पर्द्धा और प्रतिद्वन्दिता ग्रहण कीजिए सहस्र जगत के कल्याण साधन की सार्वजनिक उदारमयी भावनाको और जाप कीजिए इस महामन्त्र का किः—

"स्वदेशो भुवनत्रयम्"

"वसुधैव कुटुम्बकम्"

"कुर्वन्नेवेह कर्माणि"

"कर्मण्येव अधिकारास्ते माफलेषु कदाचन"

फिर देखिए क्या होता है।

विक्रमोर्वशी।

त्रोटक।

(पं० शिवनाथ शर्म्मा द्वारा लिखित)

नान्दी पाठ।

वेदन में जेहि भूतभव्यापक
केवल एक सुदेव कह्यो है।
ईश महापद अन्य न योग,
वैया मैं यथारथ अर्थ भयो है।
मुक्ति मिलाप मुनीन के साधित
प्राणन माहि विलाश रह्यो है।
सो शिव रावरो मुक्ति करै
जु सदा थिरभक्ति सुयोग लह्यो है॥

(सूत्र धारका प्रवेश)

सूत्रधार—बस बस बहुत मत बढ़ाओ। (नेपथ्य की ओर देखकर) मारिष! प्रथम यहां आओ।

(पारि पार्श्वक का प्रवेश)

पारिपार्श्वक—आर्य्य! मैं उपस्थित हूं।

सूत्रधार—मारिष यह सभा प्राचीन कवियों के रस प्रबन्ध को देखे हुई है। मैं इस में कालिदास निर्मित नवीन त्रोटक (नाटक) का अभिनय करूंगा, अतएव पात्र वर्ग से कहो कि सब लोग अपने २ पाठों में सावधान हो जांय।

पारिपार्श्वक—बहुत अच्छा, आर्य्य की जो आज्ञा।

(पारिपार्श्वक का प्रस्थान)

सूत्रधार—जब तक यहां मैं परम विद्वान्

हानुभावों से निवेदन करता हूं । (हाथ
ड़कर) ।

प्रीति रीति औदार्य्य सों,
या नायक के नाम ।
कालिदास की उक्ति यह,
मन सों सुनहिं सुजान ॥

(नेपथ्य में शब्द होता है)

आर्यगण, बचाओ ! बचाओ ! जो देव-
ताओं का पक्ष पाती है । जिसकी आकाश में
गति है ।

सूत्रधार—(कान लगाकर) अरे, क्या
निश्चय मेरी सूचना के पश्चात् दुखी कु-
री गणका शब्द आकाश में सुनाई पड़ता है।

पुष्प परागपियूष पान सों
मत्त मधुपगन,
करत शब्द ? अथवा कोयल को
यह सुमधुर स्वन ।
कैधौं चहुं दिशि सुर सेवित सुन्दर
नभ मण्डल,
ता महं नारी करत गान
अप्सरनि विमल फल ? ॥

(सोचकर) अच्छा । अब समझा ।

मन्मथ मुनि की जंघा सों
उपजी वरनारि,
सो फिर पूजन करके यागों
जाचे गिभारि ।
[illegible]
[illegible]

तासों आरत नाद करत
अप्सरा भय भरी ॥

(सूत्रधार का प्रस्थान)

(इति प्रस्तावना)

(क्रमशः)

सामयिक सम्मति ।

(१)

श्री हिन्दू विश्वविद्यालय काशी ।

यह सर्व मान्य है कि प्रत्येक देश की सुदशा शिक्षा प्रचार पर अवलंबित है । एक समय था जब कि महा प्रभु योरोप प्रवासी सभ्यता में चढ़े बढ़े न थे । वह केवल जंगली जंतुओं के भांति भोजन करना और धराशाई होना ही जीवन का मुख्य लक्ष समझ बैठे थे; किन्तु आज उनके पुण्य और प्रताप का झंडा फहर लगा है। उनका इतिहास हमें बतलाता कि यह सब उनके पुरुषों का विद्या प्रेम और आत्मबली का ही फल है । दूर क्यों जाते हो थोड़े ही दिन से पथिक की भांति पधारने वाले मुसल्मानों का इतिहास, उनका चढ़ा उतार और शाही प्रयोग भी तुम्हारे संमुख उपस्थित है । जितने शीघ्र उन्हों ने गुर्जनि विद्याविद्यालय का कार्य हाथ में लेकर [illegible] उतार दिया । किन्तु शोक ! कि प्राचीन [illegible] का युग भारत वर्ष उन सब कापु[illegible] [illegible] जातियों से भी गया बीता है । [illegible] [illegible] में भांति भांति के अनुमान । [illegible]

...ी नाम मात्र को-शिक्षा दी जाती
देश यदि आजन्म पराधीनतामें पड़ा
आश्चर्य ही क्या ? संतोष का विषय
क विश्वविद्यालय University का
हमारे श्रद्धेय माननीय पं० मदन मो-
मालवीय ने उठाया है और कई वर्ष
विचारने के उपरांत अब उसे कार्य
रिणित भी कर दिया है। मालवीय
स शुभ कार्य के लिए १॥ करोड़ रु-
आवश्यकता है। इस में संशय नहीं
से द्वारा हिन्दू जाति में लहलहाती
न्न हो सकी है।
...वीय जी ने तो इस शुभ कार्य का
रम्भ कर दिया है। किन्तु अब उसे पूरा क-
करना हिन्दू जाति का काम है। यदि
द चाहते हैं कि उक्त विद्यालय में
पाकर हमारे संतान सतोगुण मय उ-
ं तो उनको उचित है कि इसमें यथा
आर्थिक सहायता करें। यह हिन्दुओं
न और मरण का द्योतक है।

(२)

मंदिरों की रक्षा।

...र्नीय मोलगंज और गिलिश बाजार के
ई प्रस्तावित सड़क में हिन्दुओं के ४
पड़े थे। जिनको खोदने का विचार स-
र हिन्दू समाज में खल भली मच गई
इन में एक मंदिर के मूल्य को भूमि वि-
पक्षाधिकारी Land Acquisition off-
ने उसके निर्माणकर्ता के वंशजों को देकर
मंदिर गिरवा दिया और दूसरे को हिन्दु
प्रार्थना करने पर स्वर्गीय मि० वार्डेट साहब
कलक्टर ने छोड़ दिया था। अब शेष दो मं-
दिर कृपा कटाक्ष पर अवलंबित है। गत वर्ष
के मुसलमानों के प्रार्थना पत्र पर जिस छोटे
लाट ने उनकी मसजिदें बचा देने की आज्ञा दी
थी क्या वेही, हिन्दू मंदिरों की रक्षा कर अ-
पनी धवल कीर्ति को स्थिर न करेंगे। मंदिर
सारी हिन्दू समाज की संपत्ति है और केवल
एक मनुष्य की सम्मति पर उनका गिराया
जाना कदापि न्याय संगत न होगा।

(३)

गुरुकुल।

विद्या कला की उन्नति करने के लिये ह-
मारे आर्य समाजी भाइयों ने गुरुकुल खोल
रक्खे हैं। जिनमें विद्यार्थियों को ब्रह्मचर्य
धारण कराते हुए संस्कृत और अंग्रेजी सा-
हित्य की शिक्षा दी जाती है। यद्यपि भारत
वर्ष के दुर्भाग्य से ऐसे गुरुकुलों की संख्या
५। ६ से अधिक नहीं है। तथापि ऐसी दुर्द-
मनीय अवस्था में इतना ही उद्योग कहां का
कम है। कई कारणों से फर्रुखाबाद के गुरु-
कुल को यहां से उठाकर किसी अन्य स्थान
पर ले जाने की व्यवस्था हो रही है। जिसमें
इसके इस समय दो स्थान चुने गए हैं। एक
मथुरा दूसरा ब्रह्मावर्त (बिठूर) कानपुर।
हर्ष की बात है कि यहां के कानूनी नारायण
जी अन्य सज्जनों सहित इस के लिए निरन्तर
उद्योग करते हैं और उनके इस सराहनीय
उद्योग के कारण यहां के कई मोअज्जि ...

अवशिष्ट जीवन गुरुकुल के लिये उत्सर्ग कर ने को तैयार हैं। हमारी समझ में मथुरा से कानपुर का स्थान अत्यन्त उत्तम है। आर्य प्रतिनिधि सभा को इस ओर ध्यान देना चाहिये। किन्तु स्मरण रहे कि यह शुभ कार्य हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व वा पश्चात् होना चाहिए।

(४)

मुसलमानों की धृष्टता।

कुछ दिनों से कानपुर के मुसल्मानों ने धूम मचादी है। लाहौर आदि नगरों से कई यवन मोलवी यहां पधार कर मौलूद शरीफ का बहाना करके लोगों में भेदभाव की अग्नि भड़का रहे हैं। उनके सारे व्याख्यान का सारांश हिन्दू जाति को तुच्छ और नीच प्रमाणित करना है और यही बात अपने अपढ़ भाइयों को बताने के लिए वे अपनी सारी शक्ति लगा रहे हैं। हिन्दू-यह जानकर भी कि-सनातन धर्म और आर्य समाज पर एक समान कटाक्ष हो रहा है, अब तक मौन धारणकर अपनी गंभीरता का परिचय दे रहे हैं; किन्तु इसपर भी पीछा नहीं छोड़ता। मुसल्मानों! सचेत रहो!! मोलवी साहब विद्वेष की आग भड़का कर कुछ दिन में यहां से चंपत होजायँगे, पर तुम्हारा संबंध हिन्दुओं के साथ जन्म जन्मांतर के लिए है; जिन हिन्दुओं के कारण तुम्हारा पेट भरता है, उसी निरपराध जाति के ऊपर असंगत दोषारोपण करना तुम्हारी —— का परिचय देगा।

(५)

गोरक्षा।

सम्राट जार्ज के राज्याभिषेक [illegible] भारत भर में गोवध बंद रहे-[illegible] उद्योग यहां के कुछ शुभचिंतकों [illegible] विचारा है। जबलपुर के श्रीयुक्त [illegible] शोरावजी जसावाला महाशय राज्याभि[illegible] समयउपलक्ष्य गोरक्षकों के हस्ताक्षर [illegible] सम्राट की सेवा में एक प्रार्थना पत्र [illegible] करने वाले हैं और रिव्यू आफ रिव्यु[illegible] पादक मि० स्टेड ने भी अपने पत्र [illegible] शीर्षक का एक लंबा चौड़ा लेख लि[illegible] हमें यह भी पता लगा है कि इस [illegible] स्टेड साहब विलायत के कई अग्रगण्य [illegible] से सम्मति भी ले चुके हैं। [illegible]

का मनोर्थ सफल करे।

(६)

लोकल कानपुर

ता० २३ जूलाई १९११ को हि[illegible] एक सुविशाल महासभा मि०[illegible] की [illegible] विरुद्ध सम्मति प्रगट करने के लिये [illegible] हुई थी। व्याख्यान दाताओं के उत्[illegible]त्साह पूर्ण थे।

(७)

मि० आगाखां की भक्ति

सहयोगी इंगलिशमान ने विगत [illegible] मि० आगाखां के भक्ति की नि[illegible] खोली है उसका कथन है कि "[illegible] की तूती जो इस समय पंजाब प्रान्त [illegible] रही है और जिस के कारण [illegible] भारत वासी सींग कटा कर बछड़े [illegible] है—इस मतका सारा आधार रा[illegible]

पलाद पर है। उनके परम पवित्र
ों में (जिन द्वारा हिन्दोस्थानियों के
न का माया जाल बिछाया गया है)
है कि खां साहब कलंगी अवतार हैं
मुख्य डेरा मुलतान में रहेगा। अथ-
ा उद्देश्य यह कि एक बार जब दिल्ली
वार होवे तो आगाखां से और बाद-
से घनघोर संग्राम होगा, रक्त की
बहेंगी और अन्त में आगाखां का
होगी उस समय आगाखां यहां का
अपने भक्तों के अर्पण करदेंगे"
हयोगी ने यह भी सिद्ध करना चाहा
हो नहो यह हमारा आगामी दरबार
प है। सहयोगी की उक्ति का मुख्य
सरकार और अपने भाइयों को भावी
से सचत करना है।

मे आगाखां के इस कौतुहल पर बड़ा
र्य होता है कि यहां पर दो शंकायें
ा हैं (१) कि क्या आगाखां यथार्थ में
क सर्प है जो अपने रक्षा करने वाले
ों ही को डसा चाहता है? (२) यह
या उनके भक्तों विशेष कर हिन्दू अ-
इयों में अभी तक यवनों के पराधीन
र राजसुख भोगने की लालसा बाकी
यदि है तो सरकार को इस ओर ध्यान
चाहिए और यदि ऐसा नहीं है तो क्या
के भीतर कोई तीसरी चाल छिपी है?

(८)

मुसल्मानो को हिन्दुओं की रोटी।

लोकल मन्त्री मि० बर्न के म्युनिसिपल
ाव विषयक चिट्ठी ने एक बार फिर
भारतवर्ष में असंतोष पैदा कर दिया है।
इसने जिस असावधानी, अदूरदर्शिता
और संकीर्णता से हिन्दुओं की रोटी छीन
कर मुसल्मानों को डाल दी हैं, उससे
दोनों में कटाजौंझ (झौं झौं) होने के अ-
तिरिक्त और कुछ नहीं दीखता। हिन्दुओं
को बड़ा भाई बनाकर उनका सर्वस्व चूस
लेने पर भी अभी उनके राजनैतिक महत्व
को डींग चली ही जाती है दुःख तो यह है
कि लोग स्वयं इस की निशाचरी माया
में फंस चुके हैं हिन्दुओं को इसका शीघ्र
प्रतिवाद करना चाहिए।

(६)

राजतिलकोत्सव।

रयूटर सूचित करता है कि सम्राट जार्ज
का राजतिलकोत्सव आनन्द मनाया जा रहा
है। वहां की हाट बाजार पूर्णतया सुसज्जित
हैं १६ को निमंत्रित राजा महाराजा और प्र-
तिनिधियों का बकिंगहम राज प्रासाद में एक
भोज दिया गया २० को सम्राट ने भेट की
२१ को अन्य देशीय नरेशों प्रतिनिधियों का
स्वागत किया गया २२ को तिलक संस्कार
हुआ २३ को वहां एक बड़ा जलूस निकला
२४ को राज प्रतिनिधि नगर देखने को निकले
२५ और २६ को साधारण उत्सव हुआ २७
वधाल भोज थियेटर आदि की कृतज्ञता हुए
गए स्वदेशों की यात्रा करने लगे सम्राट मर-
विच में राज प्रदर्शिनी देखने गए। २६ को
सम्राट गिरजे में शामिल हुए और ३० को प-
दक वितरण हुए। बधाई।

* सूचना *

पहिले 'जीवन' जून मास में प्रकाशित होने को था, पर कई एक कारणों से पत्र प्रकाशन में विलम्ब होगया। इसी कारण तीसरे पृष्ठ में जून १९११ व ज्येष्ठ १९६८ छप गया है परन्तु टाइटिल पेज पर अगस्त १९११ व श्रावण १९६८ ही छपा है। अत एव पाठकों से निवेदन है कि इस अंक को अगस्तमास का ही समझें।

मैनेजर

५०) इनाम।

'जीवन' के शीर्षक पर एक ऐसे चि[illegible] की आवश्यकता है जिस के दृष्टिमात्र ही जीवन का जागृति भाव सूचित हो।[illegible] पुरातन आधार पर हो। चित्र भेजने [illegible] में से सर्वोत्तम चित्रकार को ५०) [illegible]स्कार रूप से भेंट किया जायगा और [illegible]वाद सहित उस का नाम पत्र संख्या [illegible] प्रकाशित होगा।

मैनेजर.

लखनऊ

श्रीदामोदर यन्त्रालय में एम० एन० शर्मा द्वारा मुद्रित होकर पं० रामप्रसा[illegible]
द्वारा कानपुर से प्रकाशित हुआ।

Register No J. 19.
भाग ८
अंक १-२
श्रीमद्दयानन्द अनाथालय अजमेर का मासिक पत्र
ओ३म्
नवम्बर, दिसम्बर १९०९ ईस्वी
अनाथरक्षक॥
तातः को जननी च का हितरताः के बान्धवा बान्धवाः।
किं वासो भुवनञ्च किं, किमशनं, किं वारि, यानञ्च कः॥
जानीमो न दयानिधे ! सुरपते ! त्वन्नाम जानीमहे।
हा हा नाथ! अनाथरक्षक! सदा नः पाहि पाहि प्रभो!!!
पं० गिरिधर शर्म्मा

श्रीमद्दयानन्द अनाथालय अजमेर के मासिक आयव्यय का नक़ूशा बाबत मास सितम्बर १९०६ ई० ॥

आय.

८४॥-)२½ पिछला शेष

५८०॥।=) दान

८।=)॥ मासिकचन्दा स्थानिक

१) " बाहर का

।) औषधालय

३) अथाथरक्षक

१५॥=) किराया

६८) अमानत

योग ७६१॥≡)६½ पाई

२८१॥।-) पीपल्स बैंक से निकलवाये.

योग १०४३॥)६½ पाई

व्यय.

१७६॥।≡)॥। ख़ुराक

६॥।)॥। गोशाला

१५७॥।=)॥ उपदेशक

३०॥।=) अनाथरक्षक

४=) शिक्षा

≡)॥ पोस्टेज स्टेशनरी

॥।) मरम्मत मकान

८।=)॥ सफ़ाई

२-)। औषधालय

४२॥।-)॥ कपड़े

५) रोशनी

४=)॥। धुलाई

१०) वर्तन

७।≡)। मृतक संस्कार

१०॥≡) अमानत

१५॥।)॥। फुटकर

४८७-)६

४५५) पीपल्स बैंक को भेजे

१०१।=)३½ शेषरहे

योग १०४३॥)६½

श्रीमद्दयानन्द अनाथालय [illegible] के त्रैमासिक हिसाब का नक़्शा बावत मास [illegible] दिसम्बर १९०६ ई० ॥

आय

१९४३॥।-) दान

२३।-) मासिकचन्दा स्थानिक

४८) ,, बाहर का

२२=) अनाथरक्षक

६॥।=) किराया

१०४।) अमानत

)॥ फुटकर

१=) अनाथों की ख़ुराक के

६॥।) सूद

योग २१७०=)॥

६०) पीपल्स बैंक से निकलवाये

२१८।-)॥ शिमला अ० बैंक से नि०

१०१।=)३½ पिछला शेष

योग २५७२॥।=)३½ पाई

व्यय

६७१।=)॥ ख़ुराक

११७)॥ गोशाला

७१९॥।-) उपदेशक

१०८।)। अनाथरक्षक

८६॥।≡)२ शिक्षा

६।-)। स्टेशनरी

३।-) पोस्टेज

६९।=)। अनाथरक्षा

२५॥-)। सफ़ाई

६=)॥। औषधालय

६४=) कपड़े

३४=)॥। रोशनी

१६।-) धुनाई

७-)॥। वर्तन

१॥≡॥ मृतक संस्कार

४८॥≥) अमानत

८) सहारनपुर की जायदाद पर

२४१।।=)४ वेतन

४२॥-)२ सफ़ेदी कराई

२५-६ फुटकर

२२६६।॥=))१ पाई

२८४॥=)। पीपल्स बैंक को भेजे

१६=)३½ रोकड़

योग २५७२॥।=)३½ पाई

भरा हो थवस अपना रेशमी कपड़ों से लाहाते है ।
न दें चादरें भी एक उनको जो सरदी से बचाने को ॥ ११ ॥
अनाथों को ज़रूरी है नहीं कुछ भीख का देना ।
घड़ी एक लाज़मी है कोट में अपने लगाने को ॥ १२ ॥
फ़क़ीराना सदा में मालदारों से फ़िदा कह दो ।
कि मासिक बांध दो कुछ तो अनाथों के बचाने को ॥ १३ ॥
नोट-महाशय फ़िदा कहीं २ शब्द बदल के लिये क्षमा करें । (सम्पादक)

नवीन वर्ष ॥

पतितोद्धारक,दीनानाथ, परमपिता परमात्मा को अनेकानेक धन्यवाद देना चाहिये जिसकी कृपाकटाक्ष से यह क्षुद्र पत्र भी अपना सातवां वर्ष समाप्त कर आठवें वर्ष में प्रविष्ट हुआ । वर्ष के अन्तिम भाग में रक्षक को अपनी जन्मभूमि अजमेर के कष्ट-साध्य, अत्यन्त भयानक समय के प्रभाव से प्रभावित होना पड़ा । वर्ष का प्रायः $\frac{1}{3}$ भाग दैवी प्रकोप वश वह अपने ग्राहक अनुग्राहक महाशयों से ठीक समय पर भेट भी न करसका, और इस प्रकार अलग थलग पड़ा रहकर एकान्त जीवन व्यतीत करता रहा।

गत वर्ष रक्षक ने अपनी निर्बल शक्ति के अनुसार इस उद्देश्य की पूर्त्यर्थ प्रयत्न करना आरम्भ कर दिया कि श्री मद्दयानन्द अनाथालय के प्रेमी "रक्षक" के ग्राहक महाशय प्रयत्न करें कि अनाथालय कमेटी अनाथों के भोजन व्यय से सर्वदा के लिये निवृत्त हो कर अपना ध्यान अनाथोंकी उच्च शिक्षा की ओर देसके, जिससे अनाथाश्रम वासी बालक तथा बालिकाएं प्राणरक्षा के साथ २ देश और धर्म के लिये सच्चेसेवक निकल सकें ।

इसकी सिद्धि के लिये उसने ३ कक्षा नियत की थी (१) वह धनसम्पन्न दानी जो १०००) रुपये एकबार ही उक्त कमेटी के नामपर किसी बैंक में जमा कराकर उसके सूद द्वारा एक बालक के व्यय से सदा के लिये कमेटी को मुक्त करदें ।

(२) वह धर्मात्मा सज्जन जो २००) रु० किसी बैंक में कमेटी के नाम जमा कराकर उसके सूद से वर्ष में एक दिन समस्त बच्चों को भोजन कराकर कमेटी को इस बोझ

से हलका करें। (३) वह सज्जन जो प्रति वर्ष नियत तिथी पर कम से कम १०) रु० समस्त बच्चों के भोजनार्थ प्रदान किया करें।

कई कारणों से यह स्कीम इस वर्ष पूरी न होसकी किन्तु यह अवश्य ज्ञात हुआ कि सर्व साधारण तीसरी रीति को अधिक पसन्द करते हैं। लग भग १५ महाशयों ने इसके अनुकूल भोजन दान का वचन दिया है। हमें आशा है कि रक्षक अपने ग्राहकों की सहायता से नवागत वर्ष में अवश्य अपनी इस इच्छा को पूर्ण कर सकेगा।

हम चाहते हैं कि अनाथरक्षक आगामी में अनाथरक्षा के लिये अधिक उपयोगी बनसके इसकी सिद्धी के निमित हम अपने पाठकों से प्रार्थना करते हैं कि वह अपनी २ सम्मति देकर कृतार्थ करें।

वर्त्तमान शक्ल, सूरत, लेखप्रणाली इत्यादि में जिस प्रकार का फेर फार करने की अनुमती हमें दीजायेगी हम उसे स्वीकार करा कार्य्यरूप में परिणित करने का यत्न करेंगे।

अनाथालय स्थापित करने और उसकी सहायता की क्या अवश्यकता है?

बिजनौर प्रान्त में एक तहसील चांदपुर नामी है। अभी एक शताब्दी नहीं व्यतीत हुई कि गुल्लू साह नाम के एक महाजन वहां के प्रसिद्ध धनी और मानी गिने जाते थे। चान्दपुर जो अपनी बनावट, सजावट तथा जनसंख्या के आधार पर बिजनौर प्रान्त में अच्छा कसबा समझा जाता है, आधे के लगभग अकेले गुल्लूसाह के ठठ बाट का स्थान था। और केवल बिजनौर ही क्यों आस पास के अनेक अन्यप्रान्तों में भी महाजन गुल्लूसाह की धाक बंधी हुई थी।

गुल्लूसाह के विषय में उस प्रान्त के लोगों में एक कहावत बहुत ही प्रसिद्ध है, कि उसने अपने पुत्र की "जान" बारात के लम्बायमान करने में चांदपुर और नजीबाबाद को जिन में लगभग २५ कोस की दूरी है एक करदिया था और हठी गुल्लूसाह शान्त न हुआ जब तक कि अपने प्रतिद्वंदी (समधी) को तहस नहस न करदिया।

हमारा अभिप्राय इस कहने से यह है कि गुल्लू साह अपने समय का प्रसिद्ध शक्ति-
सम्पन्न मनुष्य था। किन्तु समय का चक्र चला और गुल्लू साह अपनी मानवक्रिया
समाप्त कर शान्त हुआ। कारोबार उसके पुत्र के हाथ में आया और लक्ष्मी ने प्रस्थान
किया। आज चांदी के व्यापार मे हानि हुई तो कल वस्त्र व्यौपार में हानि होगई।
जमींदारी में विघ्न, राज दरबार में पराजय गरज़ जिधर देखो सीधा उलटा दीखने लगा।
वृद्धों में अकृपा, युवकों में अप्रीति और बालकों में अप्रतिष्ठ और अवज्ञाकारी दुर्गुणों
का प्रादुर्भाव होगया।

परिणाम यह हुआ कि आज उस पूज्य व्यक्ति गुल्लू साह का पौत्र उसी बिजनौर
नगर में सदा सुहागन का रूप धारण किये घर २ के कुत्ते सुंघाता हुआ पेट की भभ-
कती ज्वाला को शान्त कररहा है।

आह !! कैसा भयानक दृश्य है ? जिस अग्रगण्य महाजन के दरवाज़े पर एक
समय भिखारियों का जमघटा रहता था, जिसके आश्रय से अनेकों विद्वान्, अभ्यागतों
का यथोचित पालन और पोषण होता था, जिसके विशाल भवनों के मदरसों को शिक्षा
पानेवाले कितने ही मनुष्य सेठ और धनपति होगए, उसी का पौत्र (पोता) आज
घर २ के अन्न से अपनी उदरपूरणा करता है।

महाशयो ! यह एक प्रमाण है जो हमको संसार के परिवर्तन की ओर ले जाता है,
और प्रत्येक शक्तिशाली व्यक्ति, से मानो [illegible] है कि [illegible]!
बताओ तुम्हारे पास अपने इस सम्पूर्ण बल, पराक्रम और धन ऐश्वर्य की [illegible] का
क्या प्रमाण है ? यदि रावण जैसे त्रिभुवन, [illegible]
को संसार छोड़ना पड़ा तो मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र जैसे [illegible]!
कंस यदि न रहसका तो योगिराज कृष्ण [illegible]!
फिर आप सदा अपने वर्तमान धन और जन के [illegible]
सदैव आप से पालित हो रहेंगे इस का क्या [illegible] है !

[illegible] संसार की [illegible]
परिणाम और उसके [illegible] करने के लिये [illegible] है कि [illegible]

क्या किसी किसान ने बिना बोए नाज काटा है ? क्या बिना रक्षा किये कोई छो से बड़ा हुआ है ? क्या रक्षा करना मनुष्य का परम धर्म नहीं है ? क्या कोई क सकता है कि उसका काल सर्वदा एकसा ही रहेगा ? क्या कोई कह सकता है कि व सदा जीवित ही रहेगा ? क्या कोई कह सकता है कि उसका कुटुम्ब जैसा आज धन सम्पन्न और सुखी है वैसा ही सदा बना रहेगा ? क्या कोई कह सकता है कि जिस कुटुम्ब को आज हम अपनी आंखों से देखते हैं यही कुटुम्ब सदा से चला आता है ? क्या कोई कह सकता है कि जिन अनाथों की आज हम रक्षा करते हैं वह किसी समय भी हमारा कोई नहीं था ? इसीलिये भद्रजन कह गए हैं कि यथा तथा जो कुछ बने उससे अनाथ रक्षा करना मनुष्यमात्र का परम धर्म है । ऐसा न हो कि:—

भजन ॥

टे०—धरमदाम नहीं लिया, साथ में धरमदाम नहीं लिया । खर्चेगा फिर क्या तू प्यारे, खूब विषय रसपिया ॥ १ ॥ साथ० अन्न वस्त्र को खाय पहिर के, तनको मोटा किया ॥ २ ॥ साथ में० अंधा, लंगड़ा, लूला, रोगी, इन्हें दान नहीं दिया ॥ ३ ॥ साथ में धरम० देव गुरु की निंदा करके, मन मस्ती में गया ॥ ४ ॥ साथ में० गणपति विट्ठल जप, तप, करले, नातर जाता जिया ॥ ५ ॥ साथ में धरम दाम नहीं लिया ।

पं० गणपति विट्ठल

श्रीमान् पं० गणपतिजी विट्ठल वधांड़ा जिला बेतूल पो० आ० मुलताई सूचित करते हैं कि २८ फरवरी १९१० ई० तक जो सद्गृहस्थ अनाथरक्षक के नवीन ग्राहक बनेंगे उनको वह अपनी कई प्रकार के फल, फूल, भाजी आदि के बीज की ।।।) वाली पुड़िया केवल ।) डाक व्ययार्थ लेकर मुफ्त देंगे । ग्राहकों को मैनेजर अनाथरक्षक द्वारा पत्र भेजना चाहिये ।

सूचना ॥

श्रीमद्दयानन्द अनाथालय फैक्टरी की प्रबन्धकर्तृ सभा ने मोजों का मूल्य बहुत ही घटा दिया है अर्थात् अत्युत्तम, सुदृढ़ और सुन्दर मोजे १॥।=) दर्जन पुराना स्टाक १॥) और ॥।) दर्जन पर ही दिया जाता है । १॥।=) दर्जन वाले ७ और ८ इंच के ही शेष हैं । यदि आप को आवश्यकता है तो शीघ्र मंगा लीजिये ।

कुसंगति का दुष्परिणाम और भ्रातृस्नेह ॥

मनुष्य यदि सुसंगति से देवता, ऋषि और महर्षि की पदवी प्राप्त कर सकता है तो निःसन्देह कुसंगति में पड़कर दस्यु, राक्षस और इससे भी नीच गति को पहुंच जाता है। कितने घर इस कुसंगति के कारण मलियामेट होगए ? कितनी आत्माएं इस के दुष्ट संस्कारों से गिरचुकीं और प्रतिदिन गिरती जाती है, किसी से अप्रकट नहीं। किन्तु गिरी से गिरी आत्माएं भी भ्रातृस्नेह (खून के स्वभाविक जोश) को नहीं रोक सकतीं। इसी की उदाहरणस्वरूप एक कथा नीचे उद्धृत करते हैं।

अहमदाबाद के धनी गुजराती महाजन नानाभाई, नाथूभाई एक पुतलीघरके प्रधान भागी थे। पहिले उनकी अवस्था अच्छी नहीं थी, परन्तु कठोर परिश्रम और यत्न से वह बुढ़ापे में बहुत धन के अधिकारी होगए थे और आख़िरकार वृद्ध अवस्था में सब काम अपने दोनों पुत्रों पर छोड़ स्वयम् ईश्वरचिन्ता में मग्न होकर काल बिताने लगे।

उनके बड़े लड़के का नाम जीवनराम और छोटे का गोविन्दराम था। पिता की सम्पत्ति के मालिक होने के समय जीवनरामकी अवस्था २५ वर्षकी थी और गोविन्द-रामकी २३ वर्ष। दोनों भाई एक साथ काम करने लगे, परन्तु दुर्भाग्यवश थोड़े ही दिनों में गोविन्दराम ख़राब साथियों में पड़गया। जीवनराम ने उसे सुधारने की बहुत कोशिश की पर कृतकार्य न हुआ। दिनोंदिन वह पाप और कर्ज़े में डूबता गया यहांतक कि कारखाने से उसका सब सम्बन्ध टूटगया। कुछदिन पश्चात् लड़के के व्यवहार से निराश होकर वृद्ध नानाभाई ने इस असार संसार को त्याग दिया। बापके मरते ही दोनों भाइयों का बिगाड़ और भी बढ़गया।

एक रातको जीवनराम पुतलीघर से लौटकर आए तो देखा कि उनके कमरे में लेम्पजल रहा है और कोई मनुष्य वहां खड़ा है। वह सोचने लगे "इसवक्त यहां कौन आसकता है शायद कोई नौकर हो, लेकिन मेज़ के पास वह क्या कररहा है ? कोई चोर तो नहीं है ?" जीवनराम के कमरे में मेज़के भीतर बहुतसा रुपया रक्खा था, सन्देह करके बहुत जल्दी वे अन्दर घुसे। दरवाज़े पर शब्द होते ही एक आदमी

दरवाजे पर आखड़ा हुआ। जीवनराम ने जब देखा कि वह और कोई नहीं, उन्हीं भाई गोविन्दराम है तो भौं सिकोड़ कर पूछने लगे "इस कमरे में तुम क्यों घुसे?"

गोविन्दराम ने उत्तर दिया "मेरी मरज़ी"

"हमारे डेक्स से क्या निकालते हो? चोरी करने आये थे?"

"इस का इतमीनान मैं तुम्हें नहीं दिला सकता" यह कहकर गोविन्दराम ने एकाएक भागने की कोशिश की। जीवनराम उस के सामने खड़े होगए और कहने लगे "जांच किये विना तुम्हें कदापि न जाने दूंगा" यह कह गोविन्दराम को भीतर धकेल दिया बस फिर क्या था दोनों भाई लड़ते २ मेज़ के ऊपर आगिरे। लेम्प नीचे गिर कर टुकड़े २ होगया। इतने में गोविन्दराम चिल्ला उठा क्योंकि लेम्प के शीशे से उसकी कलाई कट गई थी।

जीवनराम ने उसी वक्त भाई को छोड़ बत्ती जलाई तो देखा कि गोविन्दराम भाग गया है और मेजपर कई बही खून से भीगी पड़ी हैं। दराज़ खींचकर देखा तो उसका ताला टूटा था और उसके भीतर जो एक हज़ार रुपये का नोट था वह भी गायब था, जीवनराम ने इस मामले को और अधिक फैलने न दिया।

गोविन्दराम के घर से निकलने के पश्चात् दो वर्ष तक उसका कुछ पता न लगा। आख़िरकार सुनने में आया कि वह ओरण्टियल ट्रेडिंग कम्पनी के सुटिरदार नाम के जहाज़पर कई मुसाफ़िरों के साथ पोरबन्दर से सवार होकर द्वारिका जा रहा था अरब सागर में तूफ़ान से जहाज़ डूब गया और उसके सब मुसाफ़िर डूबकर मरगए। गोविन्दराम का संसार से सब नाता टूट जाने पर भी जीवनराम की आखों से आंसू निकल पड़े जीवनराम पूर्ववत् कारख़ाने का कार्य्य करने लगे, परन्तु उनके चमकते हुए भाग्य पर अंधेरा छागया, लक्ष्मीदेवी ने उन्हें परित्याग किया। आख़िरकार एक दिन कारख़ाना बन्द होगया, बहुत प्रयत्न करने पर भी वह कुछ न कर सके सब बेच खोच कर उन्हें अपने हिस्से का ऋण अदा करना पड़ा। अहमदाबाद में उनका ठहरना मुशकिल होगया। जहां उन के पिता एक दिन राजा की तरह रहते थे वहीं उनके लिये भिखमंगों की तरह रहना असम्भव हुआ। बहुत सोचने के बाद वह सूरत में अपने पिता के एक दोस्त के यहां आए।

उन का नाम मानिकचन्द मूलचन्द था, उनके एक ही लड़की थी और उसकी

अवस्था बड़ी थी। गुजराती प्रथा के अनुसार बहुत बचपन ही में उसकी शादी होजाना चाहिये था, परन्तु एकमात्र प्यारी लड़की को वह अपने से अलग नहीं कर सकते थे। अब इनके वहां पहुंचने पर उन को योग्य समझ उन्होंने प्रसन्नचित्त से अपनी लड़की को उन्हें सौंप दिया। पारवती को व्याहकर जीवनराम सूरत ही में रहने लगे। अपने पिता के पास रहकर और जीवनराम जैसे योग्य, रूपवान् और गुणवान् स्वामी को पाकर पारवती भी बड़े आनन्द से रहने लगी। और दिलोजान से पती की सेवा करने लगी। जीवनराम भी पारवती के प्रेम में पहिले का दुःख भूलगया। वृद्ध मानिकराम अपना मकान और दुकान अपने जामाता को सौंफ तीर्थयात्रा को चल दिया।

तीन मास के पश्चात् भरोंच से एक साहूकार सेठ मानिकचन्द के मकान पर आया पारवती ने उस का उचित आदर अभ्यर्थना की। भोजन करने के बाद साहूकारजी बात करने लगे, तब थोड़ी देर में जीवनराम को मालूम हुआ कि उस के ससुर ने बहुत दिन हुए कारोबार करने के लिये इस से पांचसौ रुपया उधार लिया था, वह रुपया अब व्याज सहित आठसौ होगया है, यदि अगहन के भीतर जीवनराम उसे न अदाकर सके तो उन पर नालिश होगी। और नालिश होने पर मकान और दुकान दोनों बचाने का कोई उपाय न रहेगा। लेकिन इन के पास एक पैसा भी नहीं था। साहूकारजी एक मास का समय देकर दूसरे तकाज़े को चलदिये।

जीवनराम ने रुपया जमा करने की बहुत कोशिश की पर कहीं से उन्हें एक पैसा भी न मिला। उन की दुश्चिन्ता का अन्त न रहा। स्वामी के मलिन और चिन्तित मुख को देख पारवती बहुत ही कातर हुई परन्तु कोई उपाय न था। एक दिन सन्ध्या के समय जीवनराम और पारवती दोनों मकान के बरामदे में बैठे हुए थे। नीचे नदी अपनी मीठी कलकलध्वनी करती हुई बह रही थी और उस के साथ इन दोनों ने भी अपनी चिन्ता को बहादिया था।

इतने में पोस्टमैन ने आकर "गुर्जर भास्कर" गुजराती का मासिकपत्र हाथ में दिया। अखबार के पहिले पृष्ठ पर मोटे २ अक्षरों में एक विज्ञापन छपा हुआ था:—

सरकारी ज़ाहिरनामा ।

एक हज़ार रुपये का इनाम ॥

" जो कोई प्रसिद्ध गुजराती डाकू लल्लू भाई गोराचन्द को गिरफ़तार करवादेगा यह रुपया इनाम दिया जावेगा ॥

इस के बाद लल्लू भाई का हुलिया दिया हुआ था । अख़बार में ऐसे विज्ञ प्रायः दीख पड़ते हैं लेकिन इतना अधिक रुपया इनाम बहुत कम सुनाई देता है । वनराम समझ गए कि लल्लू भाई ने इस बार कोई बड़ी डकैती की है ॥

जीवनराम ने लल्लू भाई का नाम कई बार सुना था । गुजरात में कौन ऐसा जो उसे नहीं पहिचानता था । दरिद्रों का बन्धु था और उस की डकैती से बहुत रिद्र प्रतिपालित होते थे, बहुत लोगों ने जाड़े में गर्म कपड़ा पाया, भूख में भोजन रुग्नावस्था में औषध पाई । दरिद्र लोग अन्तःकरण से उस की प्रशंसा करते यह ठीक नहीं कहा जा सकता कि लल्लू भाई के शत्रु अधिक थे या मित्र । पुलिस उसे पकड़ना तो दूर उस की गर्द को भी नहीं पहुंचती थी । यदि वह किसी से पूछ कि लल्लू भाई कहां है तो यही उत्तर मिलता था कि " दरिद्रों के हृदय में "

जीवनराम हंसे और कहा "पारवती हज़ार रुपया इनाम" । इस समय यह रु जितना मुझे दरकार है उतना किसी को भी नहीं, यदि यह रुपया मुझे मिलता" पारवती ने पूछा "किस वास्ते इनाम है" ? ॥

जीवनराम ने अख़बार पारवती के हाथ में देदिया ।

पारवती ने पहिला हिस्सा पढ़ कर कहा " लल्लू भाई डकैत के पकड़ने का नाम है" ऐसा इनाम चूल्हे में जाय, इसके लिये आपको कोशिश करने की ज़रूर नहीं ॥

पारवती फिर ज़ोर से पढ़ने लगी लल्लू भाई का बदन खूब गठीला और मज़बू है, लम्बाई में वह पांच फ़ीट दस इञ्च है, आंख बड़ी २ पुतलियां भूरी हैं । और बा हाथ की कलाई में एक कटने का चिन्ह है । यह सुन जीवनराम कांप उठे ।

पारवती यह देख अख़बार रखकर बोली " इस प्रकार कांप क्यों उठे ?

नजाने बहुत दिन की एक बात आज याद आगई यह क्या वही है ? नहीं २ मैं शायद पागल होगया। यह कभी नहीं हो सकता। यह अवश्य स्वप्न होगा॥

यह सुन कर पारवती को और आश्चर्य मालूम हुआ, वह घबड़ाकर पूंछने लगी "आप क्या कह रहे है ? क्या स्वप्न होगा ? क्या नहीं हो सकता ?" पारवती जो जीवनराम की पहिली जिन्दगी का कुछ हाल नहीं जानती थी, कुछ समझ न सकी और आश्चर्य में बैठी रही।

जीवनराम पगड़ी बांध बाहर निकले। पारवती ने पूछा "आठ बजे रात को कहां जाते हैं" ?

"अभी लौट आता हूं" कह कर जीवनराम चले गए।

सजातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम् ॥

अर्थ—उसी पुरुष का संसार में जन्म लेना सफल है जिसके द्वारा अपनी जाति की उन्नति हो, नहीं तो इस परिवर्तनशील संसार में कौन नहीं जन्म लेता और मरता है ।

विषय सूची ।

राजपूत एंग्लो-ओरियंटल प्रेस, आगरा ।

श्रीमद० अना० अजमेर के मासिक आयव्यय का नक्शा फरवरी सन् १९१०ई.

आय.

४४६।।।=) दान
२०।।=) मासिक चन्दा स्थानिक
६३) ,, बाहर का
१८।।=) किराया
४०।=) अनाथरक्षक
।) शिक्षा विभाग
३०) भजनमण्डली
४) गोशाला
२८।)॥ अमानत
-)॥ फुटकर

४५३।।-)।।। पीपल्स बैंक से निकलवाये
६९) अलाइन्स बैंक से ,,
१३०।।।-)६½ पिछला शेष

१३३१।।=)६½ पाई योग

व्यय.

३०२) खुराक
३२।।) गोशाला
१०५।-) अनाथरक्षक
२७।।=)।।। शिक्षा
१०)।। पोस्टेज
-।।।) औषधालय
१३।=)।।। सफाई
१०।-)।। रोशनी
८५-)।। वेतन
३) पानी
२०।।।=)।। फुटकर
-) वस्त्र
।।।=)। बर्तन
१०) पारितोषिक
९।।)।।। डाकव्यय
४-) सूद लौटाया
३) विवाह संस्कार
४९।।।=)॥ भजन मण्डली
१९-)॥ अनाथों को वेतन
२।=) मकानात
१००) सेठ लादूरामजी को मकानातमद
३) अनाथरक्षा

८९४=)६ योग

३९०) पीपल्स बैंक को भेजे
४७।।।)½ पाई शेष रहे

१३३१।।।=)०९

राजपूत के नियम।

(१) यह पत्र मास में दो बार १५ और अन्तिम तारीख को प्रकाशित होता है।

(२) इस पत्र का अगाऊ वार्षिक मूल्य २) है परन्तु ६ नये ग्राहकों का मूल्य भिजवाने वालों को उस समय तक जब तक कि वे ६ ग्राहक बने रहेंगे पत्र मुफ्त दिया जायगा।

(३) इस पत्र में क्षत्रिय जाति उपयोगी विविध विषयक लेख छपा करेंगे।

(४) इस पत्र का मूल्य और प्रबन्ध-सम्बन्धी पत्र मैनेजर 'राजपूत' आगरा और लेख आदि सम्पादक 'राजपूत' आगरा के पते पर भेजने चाहिये।

(५) क्षत्रिय वर्ग उपयोगी विज्ञापन मुफ्त छपा और बँटा करेंगे परन्तु अन्य प्रकार के विज्ञापनों की छपाई और बंटाई की शरह मैनेजर राजपूत से लिखकर पूछना चाहिये।

*

* *

by H. S. Raghuwanshi at 'Rajput Anglo-Oriental Press, Agra.

राजपूत

भाग ११ | सम्वत् १९६६ वि० | संख्या २०

श्रीमान् महाराजा मेजर जनरल सर प्रतापसिंह जी साहब जी. सी. ऐस. आई. इन्द्र महेन्द्र सिपरे सल्तनत दौलते इंगलिशिया जम्मू व कशमीराधिपति प्रेसीडेन्ट क्षत्रिय महासभा की वक्तृता का भाषान्तर।

राजपूत भ्रातृ व महानुभाव गण ! मैं आप का बहुत ही कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे इस क्षत्रिय महासभा के वार्षिक अधिवेशन के सभापति होने के लिये निमन्त्रित किया है। इस सम्मान को जो आप ने मुझे अर्पित किया मैं बड़े गौरव की दृष्टि से देखता हूं विशेषतः इसलिये कि मेरे पूर्वज शताब्दियां व्यतीत हो चुकीं अयोध्या से पंजाब प्रान्त में आये और आप से दूर रहने के कारण उतना पारस्परिक सम्बन्ध न रहा जितना कि रहना चाहिये था परन्तु आप ने जातीय उत्साह से मुझ को अपना ही समझ कर मेरा यह सम्मान किया है।

मैं उन विषयों पर कुछ कहने से पहले जो कि इस अधिवेशन में विचारार्थ पेश होंगे मैं आप से अनुमति चाहता हूं कि मैं कुछ और आरम्भिक विचार भी प्रकट करूं। आज हम तेरहवां वार्षिक अधिवेशन क्षत्रिय महासभा का कर रहे हैं जिस में हिन्दुस्तान के भिन्न भिन्न भागों के राजपूत सरदार उपस्थित हैं। विचार होता है कि

यह कौन सी बात है जिस से प्रति वर्ष ऐसे अधिवेशनों का होना सम्भव हो गया। क्या ऐसे जलसे पहले भी हुआ करते थे? राजपूत युद्ध करते थे, रक्त बहाते थे, अपनी जन्मभूमि व धर्म्म की रक्षा के लिये सहर्ष अपने प्राण अर्पण करते थे परन्तु क्या कभी दूर २ प्रान्तों से आकर स्वजातिहित की बातों का विचार करने और परस्पर का भेद भाव दूर करने के लिये नियमित रूप से एकत्रित हुआ करते थे? इस का उत्तर नकार में होना चाहिये क्योंकि पहले कभी भी ऐसे जलसे नियमानुसार नहीं हुए और महासभाओं के अधिवेशन अंगरेज़ी गवर्नमैण्ट के शान्तिमय राज्य में सम्भव हुए हैं। हम, जैसा कि आप सब जानते हैं, अंगरेजी सरकार के अत्यन्त कृतज्ञ हैं और जो लाभ ब्रिटिश राज्य में हम को प्राप्त हुए हैं उन का विवरण घण्टों किया जा सकता है। सारांश यह कि मैं इस राज्य को दैवी देन समझता हूं जो भारतवासियों को मूर्खता और अवनति से बचाने और सभ्यता के उच्चपद पर पहुंचाने के लिये, जो इन को एक समय प्राप्त था, मिला है।

आप को यह एक शुभअवसर प्राप्त हुआ है और आपको इससे बहुत लाभ उठाने की चेष्टा करनी चाहिये। ऐसा करने में आप को अपने राजराजेश्वर का राजभक्त उसी प्रकार रहना चाहिये जैसा कि अब तक रहे हैं। हमारी स्वर्गवासिनी महाराणी विक्टोरिया, जो सदैव अपने सुख व शान्तिमय राज्य के कारण स्मरणीय रहेंगीं, ने चिरकाल तक सफलता पूर्वक राज्य-शासन करके अपने ज्येष्ठ पुत्र हमारे वर्त्तमान राजराजेश्वर के हाथों में छोड़ा, जो कि अपनी माता के ही सिद्धान्तों पर चल रहे हैं। आप देशीय राज्याधीश्वरों व प्रजा वर्ग के उपकार का पिता तुल्य विचार रखते हैं। श्रीमान् ने जिन घोषणाओं द्वारा अपनी राजगद्दी पर बिराजने के समय तथा भारतवर्ष के ब्रिटिश राज्य के आधीन होने की पचाससाला यादगार में महाराणी विक्टोरिया की सन् ५८ की घोषणा सहित राजा महाराजाओं व सर्व साधारण भारतवासियों को स्मरण किया है उस से सब भारतवासियों को

बड़ा सन्तोष प्राप्त हुआ है। इस से नवीन आशा और उत्साह का संचार हुआ है। आप में से बहुतों को अपने राजराजेश्वरों के सद्गुण अवगत होंगे। जब आप भारतवर्ष में प्रिन्स आव वेल्स की हैसियत से सन् १८७६ ई० में भारतवर्ष में पधारे थे और आप ने इस देश के बहुत से भागों में परिभ्रमण किया था तो मुझे भी जम्मू में, जहां कि मेरे स्वर्गवासी पिता के मिहमान हुए थे, आप के दर्शन हुए थे और मैं इसलिये आप की सहानुभूति व प्रेम से जो प्रजा के प्रति है भली भांति परिचित हूं। भारत के इस विशाल राज्य पर आप बड़ी अवस्था में अधिकृत हुए हैं परन्तु आप अपने सुख का विचार न कर राज्यशासन के दायित्व को समझ कर उस में प्रवृत्त रहते हैं। केवल राज्यशासन की ओर ही आप का ध्यान नहीं रहता किन्तु मनुष्य जाति के उपकार का विचार भी आप के हृदय में रहता है। आप ने कई वार अन्य राज्यों से परस्पर के सम्बन्ध को दृढ़ करके बड़े बड़े युद्धों के भयंकर परिणामों से संसार की रक्षा की। श्रीमान् राजराजेश्वर के ज्येष्ठ राजकुमार प्रिन्स आव वेल्स, जिन्होंने अपने पूज्य पिता की भांति ३ वर्ष हुए इस देश को अपने भ्रमण से सन्मानित किया है, प्रशंसित राजराजेश्वर की भांति ही हम से सहानुभूति रखते हैं और उन में वे उदार व उच्च भाव व सर्वोच्च उमंगें वर्त्तमान् हैं जो कि संसार भर के अच्छे बादशाहों में पाई जाती हैं। यह सर्वप्रशंसित गुण उस परिवार के हैं जिनकी आधीनता हमको उचित है। और स्वभावतः हम भारतवासी बृटिश राज्य से अपना दृढ़ सम्बन्ध समझते हैं क्योंकि प्राचीन समय से भारतवासियों को यही शिक्षा दी जाती रही है कि राजा को देवता समान जानें और तन मन से उसके आधीन रहें। प्रत्येक राजपूत के हृदय में राजभक्ति सब से बढ़ कर जागृत रहती है। प्राचीन समय में राजपूत युद्ध-क्षेत्र में सब से बढ़ कर थे, अब भी भारतीय सेना में उनका गौरवान्वित भाग है। वह रक्त जो प्राचीन [illegible] उन में संचरित है और यदि [illegible] की सेवा के लिये

शस्त्र धारण करने और आत्मसमर्पण करने के लिये सदैव उद्यत हैं। राजपूत भ्रातृगण ! अंगरेजी राज्य ने इस देश में नवीन जीवन व सार्वजनिक उत्साह उत्पन्न किया है जो चारों ओर दृष्टिगति होता है। सब जाति अपनी अधोगति को जान कर अपनी उन्नति करने या उच्च पद प्राप्त करने में एक दूसरी का मुकाबिला कर रही हैं।

मुझे बड़ा हर्ष प्राप्त हुआ कि यह जाति जिस में मुझे भी सम्मिलित होने का गर्व है इस अवसर पर असावधान नहीं है। यदि यह चुपचाप रहती तो मुझे आश्चर्य होता क्योंकि यह इतिहासप्रसिद्ध जाति है जो किसी समय बहुत उच्च और उन्नत दशा में थी। अब काम करने का अवसर है, दूसरे परिश्रम से क्या करने की चेष्टा कर रहे हैं केवल यही देखते रहने से इस समय हमको सन्तोष प्राप्त नहीं हो सकता। एक समय था कि राजपूतों के युद्ध कार्यों की प्रसिद्धता किसी और जाति की सुख्याति से कम न थी। वृटिश गवर्नमेंट के शांतिमय राज्य में राजपूतों का जो कर्त्तव्य है उसका विचार कर अपनी उन्नति के उपायों के अवलम्बन करने में प्रशंसनीय कार्य्य किया है। यदि ये अपने कर्त्तव्य पालन में दृढ़ रहेंगे तो वह सफलता प्राप्त करेंगे जो इनका नाम अधिक प्रसिद्ध करेगी।

क्षत्रिय महासभा के मुख्य उद्देश्य ३ हैं अर्थात् परस्पर मेल मिलाप, विद्या प्रचार और सामाजिक सुधार।

प्रथम उद्देश्य जो पारस्परिक मेल मिलाप का है यह प्रत्येक समूह को सफलता के साथ काम करने के लिये आवश्यक है। संसार में सब काम एकता से होते हैं और अनैक्य से बने काम बिगड़ जाते हैं। यदि कोई ऐसी बातें हैं जिन में राजपूत एक दूसरे से सहमत नहीं तो उन पर मिल कर विचार करना चाहिये और विरोध भाव दूर करना चाहिये। यदि राजपूतों के नेताओं में ही अनैक्य, वा विरोध होगा और जातीय उपकार का विचार न कर के छोटी छोटी बातों पर आग्रह करेंगे तो मेरी तुच्छ बुद्धि में वे [illegible] सब नहीं सकते। खेद के साथ सुना है कि [illegible] की महासभा में परस्पर

बलवन्तसिंह जी साहब सी. आई. ई. रईस अवागढ़ ने, जिन की मृत्यु का सब ही उपस्थित सुजनों को शोक है, उक्त स्कूल के लिये १० लाख रुपयों की वसीअ़त की है, जिस ने सदैव को उसकी बुनि दृढ़ कर दी है।

राजा उदयप्रतापसिंह जी साहब सी. एस. आई. भिनगाधिपति उदारता से राजपूत विद्यार्थियों के लिये एक और हाईस्कूल बनारस स्थापित किया है। ये बातें राजपूत जाति की जागृति के लिये संतो जनक हैं। हार्दिक भाव से यह आशा और प्रार्थना की जाती है अपनी जाति के उभय प्रशंसित महानुभावों ने जो आदर्श स्था किया है उसका अनुकरण यथाशक्ति अन्य अन्य महानुभाव भी जिस से सभ्यता-क्षेत्र में जातीय उन्नति हो सके। मुझे हर्ष पूर्व ज्ञात हुआ है कि क्षत्रिय शिक्षा फंड के बोर्ड के पास प्रायः२ लाख रु कालेज स्थापित करने के लिये हैं। यह द्रव्य प्रस्तावित कालेज के लि काफी नहीं है परन्तु मुझे आशा है कि राजपूत जाति इस आरंभि फंड की वृद्धि कर अपने महत् उद्देश्य की पूर्त्ति करेगी।

जातीय उन्नति के लिये उपर्युक्त बातें आवश्यक हैं। इस थो समय में, जब से कि महासभा स्थापित हुई है, राजपूतों ने जाती प्रेम से जिन जिन कार्य्यों को आरम्भ किया है यद्यपि उन में वे तत्प हैं परन्तु उनकी सफलता के लिये नेताओं की ओर से बड़े उद्योग क आवश्यकता है। जिससे शिक्षा को दूर तक फैलाने के लिये अधि साधन हस्तगत हो सकें। आत्मसहायता के समान कोई बात न है परन्तु अपने कालेजों, स्कूलों और बोर्डिंगहौसों के स्थापित करने औ वज़ीफ़ों के क़ायम करने का यत्न करते हुए भी राजपूतों को शिक्षा प्राि के उद्देश्य से मेरे विचार में सरकारी विद्यालयों से भी यथा आवश्यक ला उठाना चाहिये। सरकार ने उदारता से विद्या के द्वारों को कुशादगी खोल रक्खा है और सब जाति के लोगों के लिये समान सुविधाएं कर रक्खी हैं। राजपूत यद्यपि योद्धा-जाति है परन्तु इन दिनों शारी रिक बल से बढ़ कर मानसिक बल की क़दर है इसलिये सर्वसाधार

राजपूतों को उत्साहित किया जाय कि अपने बच्चों को मदरसों में पढ़ने भेजें। मैंने अपनी रियासत में राजपूतों के शिक्षा प्राप्त करने में उत्साह बढ़ाने के हेतु एक बोर्डिंगहाउस की मंज़ूरी दी है और वज़ीफे भी नियत किये हैं।

शेष आगामी बार।

सदाचार।

सदाचार हमारे जीवन की रक्षा के लिये वैसा ही आवश्यक है जैसा कि शरीररक्षण के लिये सुदृढ़ और सुखदायक वस्त्र प्रयोजनीय हैं। सदाचार से ही जीवन संरक्षित रह कर आनन्दमय बना रहता है। वस्त्रहीन मनुष्य जैसे अपने शरीर की रक्षा करने में असमर्थ होता है उसी प्रकार मनुष्य बिना सदाचार के भी अपनी जीवन यात्रा का कदापि सुख पूर्वक निर्वाह नहीं कर सकता। इस संसार में जितने मनुष्यों से इस विश्व के प्राणियों का कल्याण हुआ है प्रायः वह सब ही सदाचारी पुरुष थे। इतिहास के पृष्ठों में उनकी कीर्त्ति अक्षरों द्वारा रचित की गई है। उनकी कीर्त्तिलता आज भी हरी भरी बनी हुई है। अच्छे चाल चलन वाले स्त्री पुरुष ही दुनिया में कुछ काम कर जाते हैं। इन के सुकार्य्यों से और पुरुषों को भी सत्कार्य्यों का उत्साह होता है और वे भी सदाचार का पथ ग्रहण कर अपना जीवन सफल करते हैं। मनुष्य को सदाचार कभी न छोड़ना चाहिये क्योंकि सदाचारहीन मनुष्य भ्रष्ट भ्रष्ट हो जाता है।

सदाचार द्वारा ही मनुष्य उदार बन कर अपनी जाति और देश की दशा की ओर ध्यान देता है। यह अपना है यह पराया है यह भेद भाव उसके हृदय से अलग होता है। वह संसार भर के श्रेयस्कर कार्य्य करने में अपने जीवन को दे डालता है। असदाचारी पुरुष अपनी स्वार्थपरता को दिन रात बढ़ाता रहता है। अपने स्वार्थ के वृत्त को वह इतना समेट कर तंग कर लेता है कि वहां पर सिवाय उस की आत्मीयता के और किसी की गुज़र ही नहीं हो सकती।

चरित्रहीन पुरुष अपने निकृष्ट सुख स्वार्थ के लिये अपने माता पित पुत्र कलत्र सब को छोड़ बैठता है। जीवन काल में चरित्रहीनत से बड़े बड़े दुःख उठाने पड़ते हैं इसलिये सच्चरित्र या सदाचारी होना प्रत्येक मनुष्य का परम धर्म्म है। जीवन के वास्तविक सुख के लिये सदाचार ही प्रयोजनीय है।

जो देश, जाति या समाज का किसी तरह का उपकार करना चाहते हैं उनका सदाचारी बनना सब से पहिला कर्त्तव्य है। सदाचार ही मनुष्य में दृढ़ता और काम की शक्ति प्रदान करता है। चरित्र-हीन होने से स्वयं रुकना चहिये और आप सदाचारी बन कर अन्य-जनों को भी सदाचारी बनाने का यथाशक्ति प्रयत्न करना चाहिये। जाति का मूल सदाचार ही में स्थित रहता है। सदाचाररहित जाति नष्ट होने से कभी नहीं बच सकती। प्रकृति का यह अटल नियम है।

आज कल भारत में सदाचार शिक्षा का कुछ भी प्रबन्ध नहीं है। स्कूलों व कालेजों में इस शिक्षा का नितान्त अभाव है। ऐसी दशा होने से हमारे युवा बड़ी भयानक अवस्था में हैं। इन सब बातों से व्यथित हो कर एक लेखक मार्मिकता से लिखता है "चाहे कोई कितना ही शिक्षित बन जाओ, चाहे कोई कितनाही उन्नत पद प्राप्त कर जाओ, चाहे कोई किसी जाति का नेता भी हो जाओ परन्तु यदि उसका चाल चलन उत्तम नहीं है तो वह जाति का उपकार करने वाला नहीं प्रत्युत जाति की हत्या करने वाला है।" सदाचार से गिरा मनुष्य सब से नीच मनुष्य है, उसके हाथों से कोई अच्छा काम बनना असम्भव है। क्या कोई शराब पीकर किसी मद्य निषेधक सोसाइटी (Temperance society) की तरफ से व्याख्यान देकर लोगों को मदिरा पान करना छुड़ा सकता है?

चरित्रहीन लोग कभी जाति का उद्धार नहीं कर सकते। धर्म्म ही सब की रक्षा करता है। धर्म्म को त्याग कर कोई देश-उपकार या जाति-उपकार नहीं कर सकता। चाहे कोई कितना ही योग्य क्यों न हो, चाहे यूरोप का दर्शन शास्त्र और राजनीति का पूरा

[illegible] हो [illegible] और [illegible]
[illegible] किसी काम का भी
[illegible] नहीं कर
[illegible] होता था।
[illegible] । [illegible] हम से [illegible] है।
[illegible] कि लोग कर्महीन और
[illegible] । एक और [illegible] दम उन पोलीटि-
कल [illegible] है। पवित्रता, सत्यता, और उदा-
रता के [illegible] होती है। जिन मनुष्यों में यह गुण
[illegible] हैं वही जाति के उद्धारक हैं, चाहें वह राजनैतिक (पोलि-
टिकल) बातों पर बहस करना और नासिक (न्याय शास्त्र) की
[illegible] भी जानते हों। निस्संदेह सदाचार ही
[illegible] की जड़ है।

जिस मनुष्य को झूठ बोलने की आदत पड़ जाती है, जिस के कर्म व वचन एक से नहीं हैं, जो अपने छोटे २ घरेलू झगड़ों में असत्य बोलता है क्या वह किसी समुदाय का नेता या किसी समाज का पदाधिकारी होकर सत्य बोल सकने का दावा कर सकता है? क्या वह प्लेटफार्म पर खड़ा होकर अपने को नया आदमी बना लेगा? क्या वह अपने आचार रूपी वस्त्रों को दिन में तीन बार बदल सकेगा? जो अपने घरेलू जीवन में सत्य व्यवहार नहीं कर सकता है क्या वह सार्वजनिक जीवन व्यतीत करने में सत्यता का व्यवहार कर सकता है? कदापि नहीं। क्या हम एक साथ किसी आदमी की पूजा और उसका अनादर कर सकते हैं? जाति का नेता बनने से हम अपने पुत्रों को उसके सम्मान करने का अनुरोध करें तथा उसके अनाचारी होने से पुत्रों को उसके कुसंग से बचे रहने का उपदेश करें ये दोनों बातें एक साथ कैसे हो सकती हैं? जो सत्य सिद्धान्तों का प्रचार करता हो और उन के अनुसार आप भी व्यवहार करता है अर्थात् जो मन से, वचन से और कर्म्म से सत्य का ही अनुकरण कर सके वही नेता होने योग्य है।

सदाचार की हीनता ही ने हमारे घरों को सुखहीन कर दिया है। गृहस्थ का जीवन आनन्द से व्यतीत होना जाति के अभ्युदय का मुख्य लक्षण है। जिस जाति ने अपने गृहस्थ-जीवन का सुख खो दिया वह जाति उन्नतिशील जातियों के बीच नहीं ठहर सकती। सदाचार मानव जाति की आत्मा है। व्यापार, राजनीति, साहित्य और गार्हस्थ्यजीवन उसका शरीर है। सदाचारी पुरुषों में ही सच्चा प्रेम होता है और मेल जोल बढ़ता है। मेल मिलाप का कारण भी सदाचार ही है। जो सदाचार की ओर से असावधान होकर अपनी उन्नति करने के प्रयासी हैं वे उन मनुष्यों के समान हैं जो किसी मनुष्य की छाया द्वारा उसका पकड़ना मान लेते हों। बिना सदाचार की उन्नति के सब उन्नतियां निस्सार हैं।

जिस मनुष्य का चाल चलन ठीक नहीं है वह अपने साथियों पर कुछ प्रभाव नहीं डाल सकता। सत्य सिद्धान्त की बात भी चरित्रहीन मनुष्य के मुख से बोली जाने से अपना प्रभाव खो बैठती है जैसे गङ्गाजल मोरी में बह जाने से अपनी पवित्रता को खो बैठता है। जिसका जीवन हमारे हृदय में श्रद्धा और विश्वास उत्पन्न नहीं कर सकता उस का शिक्षा देना हमारे लिये निष्फल है। उपदेशक को पूरा सदाचारी बनना जरूरी है चाहे वह किसी समुदाय में काम करे। सदाचारी उपदेष्टा का ही प्रभाव श्रोताओं पर पड़ा करता है।

कुछ अविचारशील पुरुष हमारे सदाचार पर इतना अधिक ज़ोर देने पर हंस भी सकते हैं। वह चाहें हंसें परन्तु इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़े कामों के करने वाले सब स्थानों में सदाचारी पुरुष ही हुए हैं। राम, भीष्म, प्रताप, शिवाजी सदाचारी थे। क्रामवेल ने अपनी सेना में से मद्यप और चरित्रहीन पुरुषों को निकाल दिया था। सिक्ख भी अपने कीर्तिकाल में पवित्रता से जीवन व्यतीत करते थे। बाबर ने राना सांगा से युद्ध करने से पूर्व शराब पीने की क़सम खाई थी। अंगरेज उच्च पदाधिकारियों का चरित्र सब पर विदित ही है। सदाचारी ही सदैव विजय प्राप्त करते हैं।

किसी देश के उद्धार के लिये, किसी जाति के उत्थान के लिये, किसी भी राज्य की दृढ़ता के लिये मनुष्यों के सदाचारी होने की बड़ी आवश्यकता है। यद्यपि भारत एक समय सदाचार और सच्चरित्रता का संसार भर के लिये आदर्श था परन्तु अब हम में अनेक अवगुण वास करने लगे हैं। हमारा कर्त्तव्य है, हमारा धर्म और सब से बड़ा प्रत्येक स्वजाति-हितैषी या स्वदेश-हितैषी के लिये यही काम है कि वह स्वजाति या स्वदेश की उन्नति के लिये अपने जीवन से दूसरों को सदाचार की शिक्षा देवे। जीवन और मरण दोनों के लिये सदाचार ही एक मात्र महौषधि है।

महाभारत विषयक निवेदन।

भारतवर्ष के क्षत्रिय राजाओं के प्रधान और प्राचीन ऐतिहासिक ग्रन्थ केवल दो हैं अर्थात् वाल्मीकि मुनि कृत रामायण और महर्षि व्यास लिखित महाभारत। रामायण और महाभारत दोनों ग्रन्थ संस्कृत में हैं और बहुत बड़े हैं। इन के जो हिन्दी अनुवाद छपे हैं वे सर्वसुलभ मूल्य पर नहीं मिलते और सम्पूर्ण महाभारत का आद्योपान्त पढ़ना तथा सब ऐतिहासिक विवरण को समझना और स्मरण रखना भी कठिन है इसलिये हम ने महाभारत की ऐतिहासिक मूल कथा का सार सरल हिन्दी भाषा में लिखा है। हम चाहते हैं कि 'राजपूत में इस प्राचीन चन्द्रवंशी क्षत्रियों के इतिहास को इतिहासप्रेमी पाठकों के मनोरंजनार्थ तथा सर्वसाधारण क्षत्रियों के उपदेशार्थ क्रमशः प्रकाशित करें। अभी हम इसे राजपूत के प्रत्येक अङ्क के चार २ पृष्ठ में छापते हैं, यदि हमारे पाठकों की इच्छा होगी तो दो एक मास पश्चात् प्रति अंक में आठ आठ पृष्ठ छापने का प्रबन्ध करेंगे। इस अंक में चन्द्रवंशी राजाओं की जो वंशावली छपी है सम्भव है कि वह बहुधा पाठकों को कुछ मनोरंजक न हो, परन्तु आगे जो ऐतिहासिक वृत्तान्त छापेंगे वह अवश्य ही रुचिकर होगा।

जब हमने वाल्मीकीय रामायण का सार सीता जी के जीवन-चरित्र के रूप में राजपूत में छापना आरम्भ किया था तो हमारे पाठकों ने उस को बहुत पसन्द किया था और पश्चात् राजपूत से सम्पादकीय सम्बन्ध परित्यक्त करने पर बहुधा पाठकों के अनुरोध से ही उस को यथासम्भव शीघ्र पुस्तकाकार छपा दिया था। हम आशा करते हैं कि उस वाल्मीकीय रामायण के सार की भांति इस महाभारत-सार को भी हमारे पाठक पसन्द करेंगे क्योंकि रामायण जैसे सूर्य्यवंशी क्षत्रियों के पूर्वजों का प्रधान ऐतिहासिक ग्रन्थ है वैसे ही प्राचीन चन्द्रवंशी क्षत्रियों का महाभारत है। महाभारत की सम्पूर्ण ऐतिहासिक कथाएँ बड़ी ही उपदेशजनक और रोचक हैं। इस में भीष्म पितामह और युधिष्ठिर आदि आदर्श क्षत्रिय महात्माओं के अनुकरणीय धर्म्मकार्य्यों का जैसा विवरण उपदेशपूर्ण है वैसे ही दुर्योधन के दुस्वभाव व दुष्कर्म्म की बातें, जिन के कारण महाभारत युद्ध हो कर क्षत्रियों का सर्वनाश हुआ, उपदेशजनक हैं। उस समय के असाधारण वीर, पराक्रमी और बलशाली क्षत्रिय महारथी योद्धाओं के युद्ध का वर्णन भी पढ़ने योग्य होगा। कुन्ती, द्रौपदी व गान्धारी आदि क्षत्रिय महिलाओं के चरित्र स्त्रियों के लिये व अभिमन्यु आदि के बालचरित्र क्षत्रिय बालकों के लिये शिक्षाजनक होंगे। सारांश यह कि महाभारत का यह पुरावृत्त आबाल वृद्ध वनिता सबही के लिये रोचक व उपदेशजनक होगा। जिस दुर्योधन व दुःशासन आदि के दुस्वभाव, दुराग्रह व दुष्कर्म्मों के कारण सर्वसंहारी महाभारत युद्ध हुआ उनके से दुष्टस्वभाव व दुश्चरित्र पुरुष आज भी इस क्षत्रिय जाति में कम नहीं हैं। हमारी ऐसे महापुरुषों से प्रार्थना है कि आप की और आप की। क्षत्रिय जाति की बहुत कुछ अधोगति हो चुकी अब तो आप अपने स्वभाव व चरित्र सुधार की ओर ध्यान दीजिये। महाभारत में दुर्योधन आदि के चरित्रों को पढ़ कर सम्भव है कि ऐसे लोग भी कुछ शिक्षा ग्रहण करें तथा अन्य लोग समझ सकेंगे कि पारिवारिक विरोध कैसा हानिकारी होता है और एक २ दुष्ट पुरुष से कहां तक

किसी जाति या देश को हानि पहुंच सकती है ।

क्षत्रियों के अधःपतन का आरम्भ जिस महाभारत युद्ध से हुआ है वह केवल दुर्योधन के अनुचित लोभ और दुराग्रह से हुआ था । जो पाण्डव सम्पूर्ण राज्य के अधिकारी थे उन्होंने पारिवारिक विरोध को शान्त करने के विचार से अंत में केवल ५ ही गांव पांचों भाइयों के लिये मांगे परन्तु दुर्योधन ने सब के समझाने पर भी श्रीकृष्ण को यही उत्तर दिया था कि ५ गांव तो क्या सुई की नोक बराबर भी भूमि न दूंगा । परिणाम यह हुआ कि सब भाई, भतीजों, पुत्रों, व अन्य आत्मीय जनों सहित आप मारा गया और लाखों दूसरे मनुष्यों का नाश-घात कराया । १८ दिन तक महाभारत युद्ध हुआ जिस में बड़े २ शूर वीर और विद्वान् योद्धा बड़े पराक्रम के साथ युद्ध करते हुए मारे गये । कौरव व पांडव दोनों पक्ष की १८ अक्षौहिणी सेना में से केवल ६ योद्धा पांडव दल के और ३ योद्धा कौरव दल के बचे थे । क्षत्रियों के अधःपतन का सूत्रपात महाभारत युद्ध से ही हुआ है, इस से पहिले क्षत्रिय वर्ण पूर्ण उन्नत दशा में था, परन्तु उस समय से अब तक इन का नीचे को गिराव होता ही चला जाता है, अभी तक इनकी अधोगति की स्थिति का अवसर नहीं प्राप्त हुआ, न जाने परमात्मा को इनकी और क्या हीन अवस्था स्वीकार है ।

महाभारत ।

आदि पर्व ।

चन्द्रवंशी क्षत्रियों के आदि पुरुष पुरुरवा हैं । पुरुरवा के ६ पुत्र हुए थे; उन के नाम आयु, धीमान्, अमावसु और दृढ़ायु हैं । आयु के नहुष, वृद्धशर्मा, रजी, गय और अनेना हुए । नहुष बड़े धीमान् और पराक्रमी थे । इन्होंने उत्तम रीति से राज्य-शासन और प्रजा-पालन किया था । यह अपने तेज, बल और विक्रम से देवों पर विजय प्राप्त कर इन्द्र के पद पर आरूढ़ हुए थे । इनके याति, ययाति, संयाति,

आयाति, अयति और ध्रुव ६ पुत्र हुए। यति योग साधन करके प्रसिद्ध मुनि हुए थे। ययाति सम्राट् हुए। ये सम्पूर्ण प्रजा पर दयाभाव प्रकट करते रहे और धर्मानुसार राज्यशासन व प्रजापालन कर अनेक यज्ञ किये। ययाति के दो रानी थीं। शुक्र की पुत्री देवयानी और विश्वपर्वा की पुत्री शर्म्मिष्ठा। देवयानी के गर्भ से यदु और तुर्वसु और शर्म्मिष्ठा के गर्भ से द्रुह्यु, अनु और पुरु उत्पन्न हुए थे। आगे ज्येष्ठ पुत्र यदु की सन्तान यादव और पुरु की पौरव कहलाई। राजा के जरावस्था को प्राप्त होने पर भी विषय-भोग से तृप्ति न हुई थी अतः राज्यशासन अपने सब से छोटे पुत्र पुरु को सौंप कर आप विषय-भोग में लिप्त हो गये और जब अनेक वर्षों तक अपनी दोनों रानियों के साथ विषय विलास में निरत रहने पर भी भोग से उनकी तृप्ति न हुई तब उन्होंने एक दिन इस आशय के श्लोक पढ़े, कि जिस प्रकार अग्नि में घृत छोड़ने से आग न बुझ कर बढ़ती ही जाती है, उसी प्रकार काम्य वस्तुओं के उपभोग से काम निवृत्त न होकर बढ़ जाया ही करता है। रत्नों से परिपूर्ण पृथ्वी, सुवर्ण, पशु और स्त्री ये सब वस्तु एक मनुष्य के भोग में आने से भी पूरी तृप्ति नहीं हो सकती यह विचार कर शान्ति का आश्रय लेना ही उचित है। महाराजा ययाति ने इस प्रकार, काम की तुच्छता पर विचार कर पुरु को राज्याधिकार देकर कहा कि तुम्हीं से मैं पुत्रवान् हुआ हूं; तुम्हीं मेरे वंशतिलक पुत्र हो, यह राजवंश तुम्हारे ही नाम से प्रसिद्ध होगा। ययाति पुरु को राज्याभिषिक्त करने के अनन्तर वाणप्रस्थ आश्रम धारण कर भृगुतुङ्ग पर्वत पर चलेगये।

पुरु बड़े यशस्वी राजा हुए हैं। इन के पीछे इनके पौरव वंश में भी बड़े २ प्रतापी राजा हुए हैं जिनका वंशविवरण यथाक्रम नीचे लिखा जाता है।

पुरु की भार्य्या कौशल्या से जन्मेजय ने जन्म लिया। जन्मेजय ने ३ बार अश्वमेध और एक बार विश्वजित यज्ञ किया था। अन्त में इन्होंने वाणप्रस्थ आश्रम ग्रहण किया। था। इनके माधव की पुत्री अनन्ता नाम की रानी से प्राचिन्वान् नामक पुत्र हुआ। माची (पूर्व)

[illegible] इनका नाम प्राचिन्वान् हुआ था। प्राचिन्वान् के अश्मकी नाम की रानी से संयाति की उत्पत्ति हुई। संयाति ने दृषद्वान् की कन्या वराङ्गी से विवाह किया था, उसके गर्भ से अहंयाति ने जन्म लिया था। अहंयाति ने कृतवीर्य की कन्या भानुमती का पाणिग्रहण किया जिस के गर्भ से सार्वभौम की उत्पत्ति हुई। सार्वभौम ने कैकयराज को जीत कर उनकी पुत्री सुनन्दा को हर लिया। पीछे उससे व्याह विवाह करने पर उसके गर्भ से जयत्सेन का जन्म हुआ। जयत्सेन ने विदर्भ राजकुमारी सुश्रुवा का पाणिग्रहण किया, उससे अवाचीन का जन्म हुआ। अवाचीन के वैदर्भी मर्य्यादा नाम्नी से अरिह का जन्म हुआ। इसी प्रकार अरिह से महाभौम, महाभौम से अयुतनायी, अयुतनायी से अक्रोधन, अक्रोधन से देवातिथि, देवातिथि से अरिह, अरिह से अंगराज, अंगराज से ऋक्ष, ऋक्ष से मतिनार, मतिनार से तंसु, तंसु से ईलिन, ईलिन से दुष्यन्तादि५ पुत्रों ने जन्म लिया। राजा दुष्यन्त ने विश्वामित्र की परम रूपवती कन्या शकुन्तला विवाही थी, उसी से भरत का जन्म हुआ, जिन के नाम से आज तक यह देश भारतवर्ष या भरतखंड प्रसिद्ध है और इस ग्रन्थ का नाम भी महाभारत भरत की सन्तान, जो भारत कहलाती है, का वर्णन होने के कारण हुआ है। भरत के पहिले ८ अयोग्य पुत्र हुए जिनका वध किया गया। पश्चात् काशिराज सर्वसेन की पुत्री सुनन्दा के गर्भ से भूमन्यु की उत्पत्ति हुई और यही भरत के उत्ताधिकारी हुए। भूमन्यु के सुहोत्र और सुहोत्र के हस्ती नामक सुपुत्र हुए। महाराज हस्ती ने निज नाम से हस्तिनापुर बसाया। पीछे यही हस्तिनापुर सब पुरुवंशी राजाओं की राजधानी रहा।

राजा हस्ती के पीछे विकुण्ठन, अजमीढ़, संवरण, कुरु (जिन की सन्तान कौरव प्रसिद्ध हुई) विदूरथ, अनश्वा, परीक्षित, भीमसेन, प्रतिश्रवा और प्रतीप राजा हुए। प्रतीप के ३ तीन पुत्र देवापि, शान्तनु और वाह्लीक हुए। देवापि बाल्यावस्था में ही वन को चले गये, अतः शान्तनु राजा हुए। शान्तनु ने गंगा से विवाह किया। रानी

आयाति, अयति और ध्रुव ६ पुत्र हुए। यति योग साधनकरके ब्रह्म मुनि हुए थे। ययाति सम्राट् हुए। ये सम्पूर्ण प्रजा पर दयाभाव प्रकट करते रहे और धर्म्मानुसार राज्यशासन व प्रजापालन कर अनेक यज्ञ किये। ययातिके दो रानी थीं। शुक्रकी पुत्री देवयानी और विरूपर्वाकी पुत्री शर्म्मिष्ठा। देवयानी के गर्भ से यदु और तुर्व्वसु और शर्म्मिष्ठा के गर्भ से द्रुह्यु, अनु और पुरु उत्पन्न हुए थे। आगे ज्येष्ठपुत्र यदु की सन्तान यादव और पुरु की पौरव कहलाई। राजा के जरावस्था को प्राप्त होने पर भी विषय-भोग से तृप्ति न हुई थी अतः राज्यशासन अपने सब से छोटे पुत्र पुरु को सौंप कर आप विषय-भोग में लिप्त हो गये और जब अनेक वर्षों तक अपनी दोनों रानियों के साथ विषय विलास में निरत रहने पर भी भोग से उनकी तृप्ति न हुई तब उन्होंने एक दिन इस आशय के श्लोक पढ़े, कि जिस प्रकार अग्नि में घृत छोड़ने से आग न बुझ कर बढ़ती ही जाती है, उसी प्रकार काम्य वस्तुओं के उपभोग से काम निवृत्त न होकर बढ़ जाया ही करता है। रत्नों से परिपूर्ण पृथ्वी, सुवर्ण, पशु और स्त्री ये सब वस्तु एक मनुष्य के भोग में आने से भी पूरी तृप्ति नहीं हो सकती यह विचार कर शान्ति का आश्रय लेना ही उचित है। महाराजा ययाति ने इस प्रकार काम की तुच्छता पर विचार कर पुरु को राज्याधिकार देकर कहा कि तुम्हीं से मैं पुत्रवान् हुआ हूं; तुम्हीं मेरे वंशतिलक पुत्र हो, यह राजवंश तुम्हारे ही नाम से प्रसिद्ध होगा। ययाति पुरु को राज्याभिषिक्त करनेके अनन्तर वाणप्रस्थ आश्रम धारण कर भृगुतुङ्ग पर्वत पर चलेगये।

पुरु बड़े यशस्वी राजा हुए हैं। इन के पीछे इनके पौरव वंश में भी बड़े २ प्रतापी राजा हुए हैं जिनका वंशविवरण यथाक्रम नीचे लिखा जाता है।

पुरु की भार्य्या कौशल्या से जन्मेजय ने जन्म लिया। जन्मेजय ने ३ वार अश्वमेध और एक वार विश्वजित यज्ञ किया था। अन्त में इन्होंने वाणप्रस्थ आश्रम ग्रहण किया था। इनके माधव की पुत्री अनन्ता नाम की रानी से प्राचिन्वान् नामक पुत्र हुआ। प्राची (पूर्व)

दिशा में विजय प्राप्त करने के कारण इनका नाम प्राचिन्वान् हुआ था। प्राचिन्वान् के अश्मकी नाम की रानी से संयाति की उत्पत्ति हुई। संयाति ने दृषद्वत की कन्या वराङ्गी से विवाह किया था, उसके गर्भ से अहंयाति ने जन्म लिया था। अहंयाति ने कृतवीर्य्य की कन्या भानुमति का पाणिग्रहण किया जिस के गर्भ से सार्वभौम की उत्पत्ति हुई। सार्वभौम ने केकयराज को जीत कर उनकी पुत्री सुनन्दा को हर लिया। पीछे उसके साथ विवाह करने पर उसके गर्भ से जयत्सेन का जन्म हुआ। जयत्सेन ने विदर्भ राजकुमारी सुश्रुवा का पाणिग्रहण किया, उस से अवाचीन का जन्म हुआ। अवाचीन के वैदर्भी मर्य्यादा भार्या से अरिह का जन्म हुआ। इसी प्रकार अरिह से महाभौम, महाभौम से अयुतनायी, अयुतनायी से अक्रोधन, अक्रोधन से देवातिथि, देवातिथि से अरिह, अरिह से अंगराज, अंगराज से ऋच, ऋच से मतिनार, मतिनार से तंसु, तंसु से ईलिन, ईलिन से दुष्यन्तादि५ पुत्रों ने जन्म लिया। राजा दुष्यन्त ने विश्वामित्र की परम रूपवती कन्या शकुन्तला विवाही थी, उसी से भरत का जन्म हुआ, जिन के नाम से आज तक यह देश भारतवर्ष या भरतखंड प्रसिद्ध है और इस ग्रन्थ का नाम भी महाभारत भरतकी सन्तान, जो भारत कहलाती है, का वर्णन होने के कारण हुआ है। भरत के पहिले ८ अयोग्य पुत्र हुए जिनका वध किया गया। पश्चात् काशिराज सर्वसेन की पुत्री सुनन्दा के गर्भ से भुमन्यु की उत्पत्ति हुई और यही भरत के उत्ताधिकारी हुए। भुमन्यु के सुहोत्र और सुहोत्र के हस्ती नामक सुपुत्र हुए। महाराज हस्ती ने निज नाम से हस्तिनापुर बसाया। पीछे यही हस्तिनापुर सब पुरुवंशी राजाओं की राजधानी रहा।

राजा हस्ती के पीछे विकुण्ठन, अजमीढ़, संवरण, कुरु (जिन की सन्तान कौरव प्रसिद्ध हुई) विदूरथ, अनश्वा, परीक्षित, भीमसेन, प्रतिश्रवा और प्रतीप राजा हुए। प्रतीप के ३ तीन पुत्र देवापि, शान्तनु और वाह्लीक हुए। देवापि बाल्यावस्था में ही वन को चले गये, तब शान्तनु राजा हुए। शान्तनु ने गंगा से विवाह किया। इन्हीं

गंगा के गर्भ से देवव्रत, जिन का नाम पीछे भीष्म प्रसिद्ध हुआ, ने जन्म लिया। इन्हों ने सांगोपांग वेदों का अध्ययन करते हुए शस्त्रविद्या में पूर्ण अभ्यास किया था। उस समय इन के समान रणकुशल और पराक्रमी योद्धा एक भी न था। सब विद्याओं में जैसे पारंगत थे वैसे ही सत्यशील और चरित्रवान् भी थे। राजा ने युवराज पद के योग्य देख कर युवावस्था में इन का यौवराज्याभिषेक किया। युवराज पद प्राप्त होने पर देवव्रत प्रजा पालन में राजा को बहुत कुछ सहायता देने लगे। क्रमशः

माता का पुत्री को उपदेश।*

बेटी! कल तुम मुझ से विदा होगी। तुम्हें अलग करते मुझे दुःख तो होता है परन्तु बेटी संसार की यही चाल है। हमारे घर से तुम्हारा इतना ही सम्बन्ध था। विवाह होते ही तुम दूसरे घर की हो गईं। अब तुम मेरी जगह अपनी सास को और अपने पिता की जगह अपने सुसर को समझना। सुशीला लड़की वही है जो अपने सासरे में पहुंच कर वहां के सब लोगों का मन अपने गुणों से मोहित कर ले। जो चतुर होती हैं उन की माताओं की भी प्रशंसा हो जाती है और जो गुणहीना और दुश्शीला लड़की होती हैं वे सुसराल में जा कर अपने पीहर वालों का नाम धराती हैं। बेटी! मैं ने तुम्हें सब आवश्यक बातों की शिक्षा दी है और भगवान की कृपा से तुम पढ़ लिख भी गई हो परन्तु फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि तुम्हें अब किसी शिक्षा की आवश्यकता नहीं है।

---

* बिना स्त्रियों के विचारों के सुधरे कभी किसी जाति का सामाजिक सुधार हो नहीं सकता इसलिये ऐसे स्त्री-शिक्षा सम्बन्धी लेख जिनसे कम अवस्था की स्त्रियों व लड़कियों के विचार सुधरें हम छापना आरम्भ करते हैं। प्रत्येक अंक में एक लेख विशेषतः स्त्रियों के लिये छापा जाया करेगा।

[इस] सम्बन्धी बातों का कुछ अनुभव न होने से तुम अभी मेरे लिये [अ]बोध बालिका के तुल्य ही हो इस से आज तुम्हें विदा करने से [प]हले वे सब बातें फिर दुहराना चाहती हूं जिन की मैं ने समय [स]मय पर तुम्हें शिक्षा दी है।

मधुर भाषण में कुछ खर्च तो नहीं होता परन्तु उस के बदले में वे २ चीजें मिल जाती हैं जो रुपयों के खर्च से भी बहुधा नहीं मिलतीं। किसी विद्वान् का कथन है कि जो मधुरभाषी है उसके लिये देश परदेश सब एकसा ही है। ऐसा आदमी कहीं भी चला जावे सदैव सुख से रहता है। जो मीठे बचन नहीं बोल सकता, चाह विद्वान् हो चाहे धनवान् कभी बड़ाई को प्राप्त नहीं होता। मधुर बचन बोलने से गैर अपने हो जाते हैं और कटु बचनों से अपने गैर होजाते हैं। जो आत्मीय जनों से मधुर बचन बोलते हैं वे सुख शान्ति का बीज बोते हैं। बेटी! कल जब तुम यहां से विदा होगी तो तुम्हें यह जान पड़ेगा कि मैं अन्य लोगों में अन्य स्थान को जा रही हूं। यद्यपि वह स्थान इस समय प्रदेश जैसा है परन्तु तुम्हारे जीवन-सर्वस्व उसी स्थान में वास करते हैं इसलिये अब तुम्हारा प्रिय स्थान वही है। तुमको समझना चाहिये कि तुम्हारे माता पिता ने तुम्हारे सुख समृद्धि के लिये वह स्थान खोजा है। बेटी अब तुम समझदार हो इससे हम दोनों तुम को सुखी देखने के लिये तुम्हे विदा करते हैं। बेटी का पीहर तो एक पाठशाला के समान है और श्वशुर-गृह ही असली घर है। जो पीहर में अच्छी शिक्षा नहीं पाती वह सासरे में आनन्द से नहीं रह सकती हैं। प्रत्येक माता का यह धर्म्म है कि अपनी पुत्री को यथाशक्ति गुणवती बनावे और प्रत्येक पुत्री का धर्म्म है कि पीहर में रह कर ऐसी अच्छी २ बातें सीखे जिससे पति-गृह में सब प्रसन्न रहें।

अब बेटी पति-गृह को ही अपना सच्चा घर समझना। सुसराल के सब मनुष्यों से आत्मीय जनों के तुल्य प्रेम व्यवहार करना। वहां पहुंचने पर तुम्हें सास सुसर के दर्शन होंगे, पति-परिवार के स्त्री पुरुष मिलेंगे तथा पति देव के चरण कमलों में आश्रय मिलेगा। सास तुम्हारी केवल

माता ही का दर्जा नहीं रखतीं किन्तु वह मुझ से अधिक माननीया हैं। वह तुम्हारे जीवन-सर्वस्व प्राणपति की माता हैं। तुम्हारे माननीय की पूजनीया हैं तुम मुझसे जितना प्यार करती रही हो उस से अधिक उन से प्यार करना। सच्चे हृदय से किसी को प्रेम करने से बड़ा आनन्द मिलता है। ससुर तुम्हारे पतिदेव के पूज्य पिता हैं इसलिये तुम्हारे भी पूजनीय हैं, उन को सब प्रकार सन्तुष्ट रखना। नौकरों व टहलनी आदि से कोमल वचन बोलना और सद्व्यवहार करना। सास के नित्य प्रातःकाल चरण छूना और उन के काम काज करने के लिये सदैव उद्यत रहना। नई बहू का जरा सा आलस्य भी बड़ नाम धराता है सो बेटी किसी काम में आलस्य न करना। तुम सौ बात की एक ही बात बताए देती हूं कि जितना तुम सास ससु की सेवा कर लोगी उतना ही भविष्य में अपने लिये सुख शान्ति लाभ करने का उपाय कर लोगी। बड़ों की सेवा करने का फल भी बड़ा होता है। बेटी! तुम पढ़ चुकी हो कि सब देशों की ललनाओं में भारत महिलाओं का अधिक महत्व है। इस का कारण हमारे देश की स्त्रियों का अपने पतियों के प्रति विशेष प्रेम ही है। इस पातिव्रत धर्म्म के पालन करने में भारत की स्त्रियां क्या नहीं कर सकीं? तन, मन, धन पति प्रेम के आगे तुच्छ समझती रहीं हैं। इसका प्रभाव हिन्दू समाज पर ऐसा पड़ा कि जब और देशों में स्त्रियों को केवल मनुष्य के लौकिक जीवन की सहयोगिनी माना है तब भारतीय महिलाएं पतिकी अर्द्धाङ्गिनी मानी जाकर लोक परलोक दोनों को सँभालने वाली समझी जाती रहीं हैं। भारत में पति पत्नी का सम्बन्ध केवल सांसारिक सुख के लिये ही नहीं किन्तु परमार्थ साधन के लिये भी है। उत्तम स्त्रियों का यही धर्म्म है कि जिस प्रकार अपने पति प्रसन्न रहें वही काम करें। पति ही उन के एक मात्र आराध्य देव और ईश्वर तुल्य पूजनीय हैं। स्व० बां०

क्रमशः

प्रतिपत्र।

बिहारी क्षत्रियों की शोचनीय दशा।

परम हर्ष का विषय है कि भारत की समस्त जातियों की उन्नति उनकी जातीय सभाओं द्वारा हो रही है। उन सब जातियों में सभा द्वारा एकता, सुकर्म्मरता, एवं भ्रातृस्नेह इत्यादि गुणों का प्रचार हो रहा है। किन्तु हाय! शोक का स्थान है कि हमारे क्षत्रिय भाइयों के हृदय में स्वजातीय प्रेम स्थापित नहीं होता। अन्यान्य प्रान्तों के क्षत्रिय भाइयों की ऐसी शोचनीय दशा नहीं है जैसे कि बिहार प्रान्त के क्षत्रिय भाई हीनावस्था को प्राप्त हैं क्योंकि जातीय उन्नति जैसे उत्तम कार्य्य में अग्रसर न होकर सदैव दुःखद व्यवहार में प्रवृत्त रहा करते हैं। जैसा कि जातीय हित और उत्साह माननीय मुख्तार बाबू ललित नारायणसिंह जी पूर्निया का है और जिस हेतु मैं मुख्तार साहिब को अनेकानेक धन्यवाद देता हूं यदि ऐसा ही जातीय प्रेम बिहार प्रान्त के अन्य अन्य भ्रातृगण में, जो इस समय वकील मुख्तार हैं या राजकीय उच्च पदों पर सुशोभित हैं, या बड़े बड़े जिमीन्दार हैं, होता तो बिहार की समस्त क्षत्रिय जाति आप-त्तियों से दूर होकर स्वर्गीय सुख को उपलब्ध करती। खेद है कि कितने ही उच्च स्थानीय भाइयों की लालसा है कि अपने गरीब भाइयों तथा निज कुल के भाई भतीजों को अपने ऐश्वर्य्य के जूतों की एड़ से कुचलें और इसी में अपनी मान मर्य्यादा समझते हैं। ऐसे ऐसे व्यवहार बर्ताव से पारिवारिक प्रेम के बजाय पारस्परिक द्वेष उत्पन्न कर अपने कुल के कोमल बच्चों के हृदय में शुरू से ही ईर्ष्या द्वेष के भाव उत्पन्न करते हैं। कलंकित चन्द्रमा तुल्य होकर चकोर रूपी गरीब भाइयों के हृदय में दुःख उत्पन्न करते हैं। ऐसी अवस्था में बिहारी क्षत्रिय दुःख व दारिद्र्य में क्यों न हों?

इस बार के सोनपुर के मेला में क्षत्रिय प्रान्तिक सभा स्थापन करने के उपलक्ष में जो सभा की गई थी उसका वर्णन न करना ही

अच्छा है। खास सोनपुर के क्षत्रिय भाई ही सभा तक नहीं पहुंच सके। ३१ वीं दिसम्बर के 'राजपूत' से प्रकट होता है कि सोनपुर सभा में ४०० व ५०० क्षत्रिय भाइयों की उपस्थिति हुई थी। परन्तु ध्यान देने की बात है कि इतने उपस्थित भाइयों में केवल १५ क्षत्रिय भाई चन्दा देने को आल्हादित हुए। जिस दिये हुए द्रव्य का जोड़ २१॥।) है। इस से सर्व साधारण को ज्ञात हो सक्ता है कि विहारी क्षत्रिय भाइयों में जातीय उत्साह तथा प्रेम कितना और कैसा है।

श्री धर्म्मदेव नारायणसिंह
मुजफ्फरपुर (तिर्हुत)

हरदोई जिले में सफलता।

एक वर्ष में ही हरदोई की क्षत्रिय सभा ने आशातीत सफलता प्राप्त कर ली। कई विवाह महासभा के मन्तव्यानुसार हुए। रंडी भांड़ आतिशबाजी आदि का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर दिया गया। अब क्षत्रिय विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिये दृढ़ता के साथ उद्योग हो रहा है। "क्षत्रिय बोर्डिंगहाउस" के लिये धरती का प्रबन्ध हो गया। ५ मार्च १९१० को नींव भी रख दी जायगी। वर्ष के भीतर यह उद्योग कम नहीं है। इस में यदि हमारे श्रीमान् राजा रुक्मांगदसिंह साहब सहायता न देते तो क्या कभी सम्भव था या कि यह दिन हमें देखने को प्राप्त होता? क्षत्रिय जातिहितैषियों में श्रीमान् का नाम भी उच्च स्थान पावेगा।

मैं प्रस्ताव करता हूं कि बोर्डिंगहाउस "रुक्मांगद क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस" के नाम से विख्यात हो जिस से क्षत्रिय जातिहितैषी महाराज का नाम अगली सन्तति के हृदय में बना रहे। अन्त में ईश्वर से प्रार्थना है कि श्रीमान् न केवल जिले की ही सभा में किन्तु महासभा में भी तत्परता दिखला कर अपने नाम को दीर्घायख्यात करें।

दुर्गासिंह वर्म्मा

नवयुवकों से प्रार्थना।

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि अब राजपूत जाति में भी जागृति के चिन्ह दीख पड़ते हैं। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण क्षत्रिय महासभा इत्यादि है। परन्तु न जाने इस जाति के नवयुवक, जिनके ऊपर इस जाति की भविष्य उन्नति निर्भर है, क्यों हाथ पर हाथ दिये गफ़लत की निद्रा में शयन कर रहे हैं। समयानुकूल इस समय एक "राजपूत यंगमैन एसोसिएशन" की अत्यन्त आवश्यकता है। इस हेतु पंजाब तथा बिहार के कुछ युवक गण यथेष्ट चेष्टा भी करते दीख पड़ते हैं तथा कुछ अन्य अन्य प्रान्तों के युवकों ने भी साथ देने का वचन दिया है। परन्तु संयुक्त प्रान्त से, जहां क्षत्रियों की भारी आबादी है, अभी तक नवयुवक क्षत्रिय तैयार नहीं हुए हैं और इसी कारण इस श्रेष्ठ कार्य्य में कुछ विलम्ब है। आशा है कि मेरे निवेदन की ओर संयुक्त प्रान्त वासी युवक क्षत्रियों का ध्यान आकर्षित होगा। जो युवक इस सभा में योग देना चाहते हैं कृपया शीघ्र ही निम्न पता से निज सुमति भेज बाधित करें॥

कु० प्रतापसिंह

षष्ठ मास्टर "राजपूत दुआबा स्कूल"

नदालों—होशियारपुर।

जिस समय क्षत्रिय महासभा बनारस में हुई थी तो नवयुवक क्षत्रिय विद्यार्थियों ने "क्षत्रिय स्टुडेन्ट्स एसोसियेशन" स्थापित की थी और उसके वार्षिक अधिवेशन क्षत्रिय महासभा के साथ गत वर्ष तक होते रहे थे, इस वर्ष उस का वार्षिक अधिवेशन हुआ था नहीं हम को ज्ञात नहीं हुआ क्योंकि उस एसोसियेशन के सेक्रेटरी आदि पदाधिकारी पूर्वीय जिलों के ही विद्यार्थी थे।

यदि नवीन स्थापन होने वाली "राजपूत यंगमैन एसोसियेशन" का सम्बन्ध साधारणतः सब ही युवाओं से रहे तो अच्छा है। इस सभा के उद्देश्य भी प्रायः वही हों जो महासभा के हैं और इस के द्वारा विशेषतः नवयुवाओं के शारीरिक, मानसिक और नैतिक उन्नति करने का तथा जातीय अनुराग बढ़ाने का यत्न किया जाय।

सम्पादक।

जातीयप्रसंग

राजपूत हाईस्कूल आगरा से २२ विद्यार्थी मैट्रीकुलेशन परीक्षा में भेजे गये हैं। मिस्टर कोरसाइद एम. ए. के निरीक्षण में स्कूल में शिक्षा का प्रबन्ध बहुत ही उत्तम है। आप जैसे उत्तम शिक्षक हैं वैसे ही सु-प्रबन्धक भी हैं।

श्रीमान् ठाकुर उमराव सिंहजी रईस कोटिला जिला आगरा व प्रेसीडेन्ट क्षत्रिय महासभा के तृतीय पुत्र कुंवर महेन्द्रपाल सिंह का विवाह मारवाड़ के चांपावत राठौरों के एक प्राचीन ठिकाने रवासी से हुआ। यह वैवाहिक कार्य्य महासभा के नियमानुसार हुए। २५०) महासभा को विवाह के उपलक्ष में प्रदान किये जाने की सूचना हमको दी गई है। चिरंजीव वर वधू को बधाई है।

हरदोई जिले की क्षत्रिय सभा के उद्योगी और उत्साही पदाधिकारियों और सभासदों के उद्योग से तथा श्रीमान् राजा साहब भानेपुर कटियारी की विशेष सहायता से क्षत्रिय विद्यार्थियों के लिये हरदोई में बोर्डिंग हाउस स्थापित होने वाला है। इस के मकान की नींव ५ मार्च को रक्खी जावेगी, उस समय हरदोई सभा का वार्षिक अधिवेशन भी अच्छे समारोह के साथ होने वाला है। उसी समय हरदोई में वार्षिक प्रदर्शनी भी है। हरदोई तथा आस पास के जिलों के क्षत्रियों को सभा के वार्षिकोत्सव में सम्मलित होना चाहिये।

क्षत्रिय स्थानीय सभा हरदोई के सेक्रेटरी के अनुरोध से ठाकुर भगवानसिंह जी उपदेशक क्षत्रिय महासभा हरदोई के जिले में उपदेश करने के लिये भेजे गये हैं। यथा अवकाश आस पास के जिलों में भी उपदेश करने जा सकते हैं। जो समीपवर्ती स्थानों के स्वजाति हितैषी क्षत्रिय उनको बुलाना चाहें वे सेक्रेटरी क्षत्रिय सभा हरदोई या सेक्रेटरी क्षत्रिय महासभा, आगरा, को पत्र लिख कर बुला सकते हैं।

कुंवर हीरासिंह जी हरथला जिला शाहजहांपुर ने प्रस्तावित क्षत्रिय
लिये २२) क्षत्रिय महासभा के वार्षिकोत्सव पर अलीगढ़
प्रदान किये। इन में से ११) वे हैं जो सन् १९०८ में देने

की प्रतिज्ञा की थी। आप ने स्वतः ही स्वजाति-हितैषिता से यह द्रव्य प्रदान किया इसलिये आप विशेष धन्यवाद के योग्य हैं।

निम्न लिखित महानुभावों ने क्षत्रिय महासभा की मेम्बरी का चन्दा प्रदान किया। धन्यवाद है। अन्य महानुभावों से भी महासभा के वार्षिक चन्दा भेजने की प्रार्थना है।

६) मियां मोतीसिंह जी दुनेरा (पंजाब)
६) कुंवर सुरेन्द्रसिंह जी खिमसेपुर जि० फर्रुखाबाद
६) कुंवर हरहरदत्तसिंह जी ग्रीहटबीरम जिला सीतापुर
६) कुंवर जवाहरसिंह जी ग्रीहटबीरम „ „

राजपूत दुआया स्कूल के क्षत्रिय शिक्षक बड़े उत्साही और स्वजाति-प्रेमी मालूम होते हैं। इस के सेक्रेटरी ठाकुर सुर्जन सिंहजी भी बड़े स्वजातिहितैषी हैं और इसलिये हम आशा करते हैं कि यदि ऐसा ही उत्साह रहा तो यह स्कूल अच्छी उन्नति करेगा और आस पास के क्षत्रियों की सन्तानों के लिये बड़ा उपकारी सिद्ध होगा। आगामी मार्च मास में इस स्कूल के मकान की नींव रखने का उत्सव धूमधाम से होने वाला है।

ठाकुर गदाधर सिंह जी पो०मा० हरदोई एक भजन मंडली बनाने के प्रयत्न में हैं जो कि क्षत्रिय भाइयों के निमन्त्रित करने पर उन के विवाहादिक उत्सवों पर जा कर गान किया करे और साधारणतः उपदेशमय भजन गाकर महासभा के मन्तव्यों का प्रचार हरदोई आदि जिलों में किया करे। ऐसी भजन मंडली के लिये आप को एक अच्छे गायक की आवश्यकता है। जो गाना जानते हों और इस कार्य्य को करना चाहें वे उक्त ठाकुर साहब से मासिक वेतन आदि के विषय में पत्र व्यवहार करें।

निवेदन।

महासभा की प्रबन्धकारिणी कमेटी का जो अधिवेशन अलीगढ़ में हुआ उसका विवरण आगामी अंक में छपेगा। सेक्रेटरी क्षत्रिय महासभा अपने भाई के विवाह के कारण आगरे न ठहर सके इसलिये उक्त सभा का कार्य्यविवरण छपने के लिये देर से मिला।

विज्ञापन।

क्षत्रिय स्थानीय सभा बुलन्दशहर का मासिक अधिवेशन ता० १६ जनवरी के बजाय ता० ६ फरवरी सन् १९१० ई० को ग्रामबामनपुर डाकघर ग्रहार में १२ बजे दिन के कुंवर रामचरन सिंह जी सभासद के प्रबन्ध से होगा। मेम्बरान व क्षत्रिय गण पधार कर कृतार्थ करें।

ठाकुर नवलसिंह वर्म्मा—मन्त्री सभा।

विज्ञप्ति।

राजपूत के जिन ग्राहक महाशयों का पता चिट पर ठीक न छपा हुआ हो या पता बदल गया हो वे कृपा कर अपना पता ठीक होने के लिये शीघ्र सूचना दें। बहुधा ग्राहकों के पते ठीक न होने से पैकट वापिस आते हैं।

मैनेजर राजपूत।

सूचना।

'राजपूत' के ग्राहकों से जो वार्षिक मूल्य प्राप्त हुआ है वह कई मास तक का छपने को शेष है। हम साधारण कागज के आठ पृष्ठों पर ग्राहकों का मूल्य छाप कर आगामी अंक में जुड़वा देंगे और यदि इन २४ पृष्ठों में से कुछ पृष्ठों पर नाम छापते तो फिर यथेष्ट स्थान लेखों के लिये न रहता।

विज्ञापन।

जो विद्यार्थी "मित्र महिमा" पर ४ पेज का लेख भेजेंगे उन में से सर्वोत्तम लेखक को २॥) की उत्तम पुस्तक पुरस्कार में दी जायगी। लेख १५ अपरैल तक अवश्य पहुंच जाना चाहिये। स्वीकृत लेख पर सम्पूर्ण अधिकार पुरस्कार दाता का रहेगा। फल शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

विज्ञापक—कुंवर युगलकिशोरनारायणसिंह चौहान
पोइग्रायां (गढ़)

लेख भेजने का पताः—
ठाकुर शिवरत्नसिंह जी जिमीन्दार—पोइग्रायां (गढ़)
पोस्ट—औरंगाबाद जिला गया।

सु
सुख
संचारक
को० मथुरा का
सि
सुधासिंधु
धु
सरकार से रजिस्ट्री
किया हुआ
की० सिर्फ
॥)
धा
१९ वर्ष की परीक्षित है
हमारे यहां के "सुधासिंधु„ से कफ, खांसी, जाडे का बुखार, दमा, बच्चों व बडों की कुकर खांसी और सर्दीकी खांसी अच्छी होती है.
हैजेकी यह खास दवा है
तथा कै, दस्त, आंवलाहूयं दस्त, संग्रहणी, अतिसार हड़िया का दर्द, पेट का दर्द, बच्चों का दूध पटक देना और रोना. इनकी जारवेरंद दवा है ॥)
सब दवा बेचनेवालों के पास मिलताहै.
१५००से ऊपर इसके एजेंट हैं.